राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित


केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...



06 ▶ पूनम पांडे ने सिल्वर शिमरी...



प्रधानमंत्री मोदी ने को दुनिया को... ◀ 12

गाजियाबाद, शुक्रवार 11 सितंबर 2026 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्षः 13 अंकः 186, मूल्यः 2 रुपये, पृष्ठ -12

## आकाश आनंद अब बसपा से पूरी तरह आजाद

**लखनऊ (आरएनएस)।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की सुप्रीमो मायावती ने पूर्व राज्यसभा सांसद अशोक सिद्धार्थ के राजनीति से संन्यास के बाद अपने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। उन्होंने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर घोषणा की कि आकाश आनंद को पार्टी से पूरी तरह से मुक्त किया गया है। बसपा सुप्रीमो मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने एक्स पोस्ट में लिखा, आकाश आनंद को पार्टी और मूवमेंट के वास्तविक हित व इससे जुड़े अपने करियर की परवाह कम, जबकि रिश्ते-नातों आदि का मोह अधिक है। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि आकाश आनंद डबल माइंड होकर फिर बीएसपी पार्टी और मूवमेंट का भला कैसे कर सकते हैं? मायावती ने लिखा, पार्टी के लोगों को यही बेहतर लगता है कि उन्हें (आकाश आनंद) पहले दिनांक 3 सितंबर को जिस प्रकार से पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक के अति-महत्वपूर्ण पद की सभी अहम जिम्मेदारियों से मुक्त कर दिया गया था। उसी प्रकार अब उन्हें पार्टी में भी आज से पूरी तरह से आजाद कर दिया जाए।

**मायावती ने अपने भतीजे को किया पार्टी से निष्कासित**

अतः आकाश आनंद पार्टी में अब स्वतंत्र रहना चाहते हैं तो वे स्वतंत्र हैं। अब इनको पार्टी से पूरे तौर से मुक्त कर दिया गया है।



मायावती ने लिखा, आकाश आनंद की ओर से भी अपने करियर से अधिक अपने ससुर अशोक सिद्धार्थ के प्रति इस हद तक लगाव कायम है कि उन्होंने बीएसपी प्रमुख के सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर तत्सम्बंधी पोस्ट को रिपोस्ट करना भी उचित नहीं समझा। हालांकि यह पोस्ट उनके ही सकारातमक व भलाई के लिए था।

उन्होंने एक्स पोस्ट में कहा, वह (आकाश आनंद) बीएसपी प्रमुख के एक्स पर पोस्ट को रिपोस्ट करके अपनी वफादारी का सबूत देने का प्रयास करते रहे हैं। इससे भी यही लगता है कि अशोक सिद्धार्थ और आकाश आनंद दोनों को पार्टी और मूवमेंट की सफलता में कम व अपने निजी और पारिवारिक स्वार्थ का अधिक मोह है। इसके साथ ही, मायावती ने आकाश आनंद के ससुर अशोक सिद्धार्थ के राजनीति से संन्यास के फैसले को सही कदम बताया। उन्होंने एक्स पोस्ट में लिखा, अगर यह फैसला वह (अशोक सिद्धार्थ) काफी पहले ही ले लेते तो बीएसपी, बहुजन समाज व बहुजन मूवमेंट व उनके दामाद आकाश आनंद को भी लगातार विपरीत परिस्थितियों का सामना नहीं करना पड़ता। और न ही मुझे विधानसभा आम चुनाव और खासकर उत्तर प्रदेश में 5वीं बार सरकार बनाने की जबरदस्त तैयारियों के बीच पार्टी व मूवमेंट के व्यापक हित के मद्देनजर इनके बारे में कई बार कड़े फैसले लेने आदि की जरूरत पड़ती। बसपा सुप्रीमो ने आगे लिखा, अशोक सिद्धार्थ का राजनीति से संन्यास लेने का फैसला देर आये दुरुस्त आये की कहावत की तरह ही यह अच्छी बात है। किंतु अशोक सिद्धार्थ को, अपने दामाद आकाश आनंद के उज्जवल भविष्य के साथ ही बीएसपी पार्टी और इसके अंबेडकरवादी बहुजन मूवमेंट के व्यापक हित के प्रति थोड़ी भी सही चिंता होती, तो वे बिना देरी किए फौरन ही राजनीति से संन्यास लेने की घोषणा कर देते। इससे आकाश आनंद की पार्टी और मूवमेंट के प्रति सक्रियता काफी हद तक सुनिश्चित हो सकती थी, किंतु ऐसा कुछ नहीं होना यह साबित करता है कि अशोक सिद्धार्थ की नीयत में खोट और अभिलाषा कम नहीं हुई है, बल्कि अभी तक भी पूरी तरह से बरकरार है। पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं के नाम संदेश में मायावती ने कहा, बीएसपी के सभी लोगों को विरोधियों के साम, दाम, दंड, भेद आदि सभी प्रकार के हथकंडों का डट कर सामना करते हुए, खासकर उत्तर प्रदेश में फिर से पूर्ण बहमत की अपनी सर्वजन हिताय व सर्वजन सुखाय की जबरदस्त कानून-व्यवस्था व बेहतरीन विकास वाली आयरन हुकूमत बनाने के संघर्ष में, पूरे जी-जान से अर्थात पूरे तन, मन, धन की लगन से लगे रहना है, बस यही लक्ष्य सर्वोपरि है।

## ▶▶ न्यूज डायरी

### छात्र को मजिस्ट्रेट के नोटिस पर भड़का सुप्रीम कोर्ट, सीजेआई बोले- नोटिस भेजने की हिम्मत कैसे हुई

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली के जंतर-मंतर पर हुए प्रदर्शन को लेकर गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय (जीबीयू) के एक छात्र को नोटिस जारी करने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कड़ा रुख अपनाया है। शीर्ष अदालत ने सख्त नाराजगी जताते हुए बुधवार को कहा कि वह ग्रेटर नोएडा की मजिस्ट्रेट से इस



पूरे मामले पर स्पष्टीकरण मांगेगी। चीफ जस्टिस सूर्य कांत की अगुवाई वाली तीन जजों की पीठ ने दो टूक सवाल किया कि जब कोर्ट ने पहले ही छात्रों के खिलाफ किसी भी तरह की दंडात्मक कार्रवाई पर रोक लगा रखी थी, तो एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट ने ऐसा नोटिस जारी करने की हिम्मत कैसे की?

**वकील ने उठाया छात्र को मिले 5 लाख के बॉन्ड नोटिस का मुद्दा**

यह मामला वरिष्ठ वकील विश्वजीत भट्टाचार्य ने बेंच के समक्ष उठाते हुए दलील दी कि प्रशासन छात्रों के मन में डर का माहौल पैदा कर रहा है। उन्होंने बताया कि शीर्ष अदालत ने 1 सितंबर को साफ निर्देश दिया था कि प्रदर्शन में शामिल छात्रों के खिलाफ कोई दंडात्मक कदम नहीं उठाया जाएगा। इसके बावजूद ग्रेटर नोएडा आयुक्तालय के तृतीय कार्यकारी मजिस्ट्रेट कार्यालय ने सेकेंड ईयर के छात्र अक्षत त्रिपाठी को शांति व्यवस्था के नाम पर 5 लाख रुपये का मुचलका (बॉन्ड) भरने का नोटिस थमा दिया। हालांकि विवाद बढ़ने और मीडिया में खबरें आने के बाद पुलिस ने इस नोटिस को वापस ले लिया, लेकिन वकील ने इसे सीधे तौर पर अदालत की अवमानना करार दिया।

### गुरुग्राम में दिनदहाड़े बीच सड़क युवक का मर्डर, बदमाशों ने मारीं गोलियां, मचा हड़कंप

**गुरुग्राम (आरएनएस)।** गुरुग्राम में गुरुवार को दिनदहाड़े बीच सड़क एक युवक का मर्डर कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक पल्सर बाइक सवार 3 बदमाशों ने उस वक्त वारदात को अंजाम दिया। घटना के बाद बाजार में दशहत को माहौल पैदा हो गया।बदमाशों ने वारदात को उस समय अंजाम दिया जब युवक किसी काम जा रहा था।



पीछा करते हुए तीनों ने बदमाशों ने उसे रुकवा लिया और ताबड़तोड़ गोलियां मार दीं। इससे युवक घायल होकर वहीं गिर पड़ा। वारदात के बाद हमलावर फरार हो गए। अचानक हुई इस वारदात से बाजार में हड़कंप मच गया। रोड पर जाम लग गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और खून से लथपथ युवक को उठाकर सेक्टर-10 स्थित सिविल अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान महेंद्र निवासी गांव बसई के रूप में हुई है। हत्या की सूचना मिलने के बाद उसके परिवार के लोग भी अस्पताल पहुंच गए है, जिनसे पुलिस जानकारी ले रही है।

### नदियां उतर रही हैं, लेकिन बाढ़ का दर्द बरकरार, घर लौटकर फिर जिंदगी बसाने की चुनौती

**पटना (आरएनएस)।** बिहार में कई स्थानों पर अब नदियों का पानी धीरे-धीरे उतरने लगा है, लेकिन बाढ़ प्रभावित परिवारों की मुश्किलें अभी खत्म नहीं हुई हैं। बाढ़ प्रभावित इलाकों के लोग के कई परिवार तंबू-तिरपाल लगाकर खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हैं। गांवों में पानी घुसने के बाद ये लोग घर का जरूरी सामान लेकर सुरक्षित जगह की तलाश में यहां पहुंचे हैं। अब इनके सामने सबसे बड़ा सवाल है कि पानी उतरने के बाद वे घर लौटेंगे तो वहां मिलेगा क्या और जिंदगी को फिर से कैसे शुरू करेंगे। मुंगेर के जिला मुख्यालय में पार्क और कलेक्ट्रेट कार्यालय के सामने कई परिवार तंबू-तिरपाल लगाकर खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हैं। छोटे-छोटे तंबुओं में बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक दिन-रात गुजार रहे हैं।

## प्रियंका गांधी के नाम पर पर ठगी की कोशिश

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** वायनाड की सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के नाम और उनके आवाज का इस्तेमाल कर साइबर ठग लोगों को ठगने की कोशिश कर रहे हैं। इसको लेकर प्रियंका गांधी के कार्यालय ने इंस्टाग्राम पर गुरुवार को स्कैम अलर्ट

**कार्यालय ने जारी किया स्कैम अलर्ट**

जारी किया है। कार्यालय ने बताया कि वॉट्सऐप, इंस्टाग्राम और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रियंका गांधी की एआई से बनी फर्जी फोटो और आवाज वाले वीडियो वायरल हो रहे हैं। इन वीडियो में लोगों से पैसे निवेश करने के लिए कहा जा रहा है।

कार्यालय ने साफ कहा है कि ये सभी वीडियो स्कैम हैं। लोगों से अपील की गई है कि ऐसे किसी भी लिंक पर क्लिक न करें और न ही निवेश करें। ऐसे पोस्ट को रिपोर्ट और ब्लॉक करें। इससे पहले अगस्त महीने में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के नाम पर भी ऐसा ही फर्जी वीडियो सामने आया था,



जिसका सरकार ने खंडन किया था। उस वीडियो में दावा किया जा रहा था कि 22 हजार रुपए के शुरूआती निवेश पर हर हफ्ते साढ़े पांच लाख रुपए की कमाई होगी। यह एक निवेश योजना का प्रचार था। पीआईबी की फैक्ट चेक यूनिट ने जांच में पाया कि यह वीडियो पूरी तरह फर्जी है और एआई से तैयार किया गया है।

पीआईबी ने स्पष्ट किया था कि वित्त मंत्री ने ऐसी किसी भी निवेश योजना या प्लेटफॉर्म का समर्थन नहीं किया है। लोगों को ऐसे जालसाजों से सावधान रहने की अपील की गई थी जो फर्जी योजनाओं का लालच देकर लोगों का पैसा हड़पने की कोशिश करते हैं।

आजकल साइबर ठग लोगों का भरोसा जीतने के लिए रोज नए-नए तरीके निकाल रहे हैं। बड़े नेताओं और जानी-मानी हस्तियों की एआई से आवाज और वीडियो बनाकर लोगों को भरोसे में लिया जा रहा है और लाखों-करोड़ों की ठगी की जा रही है।

एक्सपटर्स का कहना है कि अगर कोई वीडियो आपको बहुत ज्यादा मुनाफे का लालच दे रहा है, तो सतर्क हो जाएं। किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक करने से बचें और किसी भी निवेश योजना में पैसा लगाने से पहले उसकी सच्चाई की जांच जरूर करें। सरकार या किसी नेता की तरफ से ऐसी कोई योजना आती है तो उसकी जानकारी आधिकारिक वेबसाइट पर जरूर देखें।

## तलाक, हलाला और फिर दोबारा निकाह से इनकार अपराध नहीं, हाई कोर्ट का बड़ा फैसला



**रांची (आरएनएस)।** झारखंड हाईकोर्ट ने एक अहम फैसले में कहा है कि तलाक के बाद दूसरी शादी कर चुकी महिला से दोबारा निकाह करने के लिए पूर्व पति को मजबूर नहीं किया जा सकता। अदालत ने स्पष्ट किया कि हलाला की प्रक्रिया पूरी होने के बाद भी यदि पूर्व पति दोबारा निकाह से इनकार करता है तो महज इस इनकार को आपराधिक कृत्य नहीं माना जा सकता।

गिरिडीह जिले से जुड़े इस मामले की सुनवाई बुधवार को न्यायमूर्ति संजय कुमार द्विवेदी की अदालत में हुई। मामले में एक मुस्लिम दंपती के बीच तलाक हो गया था। इसके बाद महिला ने मुस्लिम पर्सनल लॉ के तहत हलाला की प्रक्रिया के बाद दूसरे व्यक्ति से निकाह किया। बाद में उसने अपने पहले पति के साथ दोबारा निकाह करने की इच्छा जताई, लेकिन पूर्व पति ने इससे इनकार कर दिया।


इसके बाद महिला ने पूर्व पति के खिलाफ आपराधिक शिकायत दर्ज करा दी। गिरफ्तारी की आशंका के चलते आरोपी ने अग्रिम जमानत के लिए हाईकोर्ट का रुख किया। अदालत ने सुनवाई के दौरान कहा कि तलाक के बाद महिला के किसी अन्य व्यक्ति से विवाह करने के पश्चात पूर्व पति पर उसके साथ दोबारा निकाह करने की कोई कानूनी बाध्यता नहीं है। किसी व्यक्ति को उसकी इच्छा के विरुद्ध विवाह के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता।

हाईकोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि केवल दोबारा विवाह से इनकार करना अपने आप में कोई अपराध नहीं बनता।

## डोनाल्ड ट्रंप का बड़ा चुनावी दांव, हर अमेरिकी को 5 लाख रुपये नकद देने का वादा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नवंबर में होने वाले अमेरिकी कांग्रेस (संसद) के मध्यावधि चुनावों से पहले मतदाताओं को लुभाने के लिए बड़ा वादा किया है। डलास में आयोजित रिपब्लिकन कन्वेंशन में ट्रंप ने रिपब्लिकन पार्टी के संसद के दोनों सदनों (हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स और सीनेट) में जीत हासिल करने पर हर वयस्क अमेरिकी नागरिक को 5,000 डॉलर (लगभग 4.76 लाख रुपये) नकद देने का वादा किया है। उन्होंने इस भुगतान को आधिकारिक तौर पर ट्रंप डिविडेंड नाम दिया है।

इस घोषणा के साथ ट्रंप ने एक खास शर्त भी जोड़ी है। उन्होंने मिलने वाली राशि को अनिवार्य रूप से अमेरिका के भीतर ही खर्च करने के लिए कहा है। उन्होंने कहा, मेरी एकमात्र शर्त यह है



**● इस लिहाज से हर नागरिक को 5,000 डॉलर देने की इस योजना पर कुल 1.25 से 1.35 लाख करोड़ (लगभग 128 लाख करोड़ रुपये) का भारी-भरकम खर्च आएगा**

कि जो लाभांश हम दे रहे हैं, उसे अमेरिका में ही खर्च किया जाना चाहिए। मैं नहीं चाहता कि लोग इस पैसे को लेकर कनाडा, चीन या जर्मनी जाएं। अगर रिपब्लिकन जीतते हैं, तो आप हमारे साथ जीतेंगे और आपको नकद लाभांश मिलेगा।विशेषज्ञों और शुरूआती अनुमानों के मुताबिक, अमेरिका में लगभग 25 करोड़ वयस्क नागरिक हैं।इस लिहाज से हर नागरिक को 5,000 डॉलर देने की इस योजना पर कुल 1.25 से 1.35 लाख करोड़ (लगभग 128 लाख करोड़ रुपये) का भारी-भरकम खर्च आएगा।

हालांकि, इस बेहद खचीर्ली योजना के लिए पैसा कहां से आएगा, इस पर व्हाइट हाउस की ओर से अभी तक कोई स्पष्ट खाका या आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है।

## 1993 मुंबई बम ब्लास्ट : अबू सलेम को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका

**मुंबई (आरएनएस)।** 1993 मुंबई सीरियल बम धमाकों के मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे गैंगस्टर अबू सलेम को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। अदालत ने उसकी समय से पहले रिहाई की मांग वाली याचिका खारिज कर दी है। इसके साथ ही फिलहाल जेल से बाहर आने की उसकी उम्मीदों को झटका लगा है। यह मामला देश के सबसे भयावह आतंकी हमलों में शामिल है। 12 मार्च 1993 को मुंबई के 12 अलग-

**समय से पहले रिहाई की याचिका खारिज**

अलग इलाकों में सिलसिलेवार बम धमाके हुए थे। इन धमाकों में 257 लोगों की मौत हुई थी, जबकि करीब 800 लोग घायल हुए थे। जांच में सामने आया था कि बाबरी मस्जिद विध्वंस का बदला लेने के मकसद से इन धमाकों की साजिश रची गई थी। अबू सलेम को इस साजिश में अहम भूमिका निभाने वाला आरोपी माना गया। जांच के दौरान यह सामने आया कि वह हमले की योजना में शामिल था और उसने गुजरात के भरुच से मुंबई तक हथियार और विस्फोटक पहुंचाए थे। उसे हत्या के मामले में भी दोषी ठहराया गया था।

इन मामलों में विशेष टाडा अदालत ने सलेम को 25 साल की कैद की सजा सुनाई थी। इसके बाद से वह जेल में सजा काट रहा है। अबू सलेम इससे पहले भी अदालत में दलील दे चुका है कि पुर्तगाल के साथ हुए प्रत्यर्पण समझौते के तहत उसे 25



साल से अधिक समय तक जेल में नहीं रखा जा सकता। हालांकि, उसकी इस दलील को अदालतें कई बार खारिज कर चुकी हैं।

इससे पहले बॉम्बे हाईकोर्ट ने भी सलेम की समय से पहले रिहाई से जुड़ी याचिका को खारिज कर दिया था। हाईकोर्ट ने कहा था कि सजा में मिलने वाली छूट की गणना रिहाई की निर्धारित तारीख से सिर्फ एक महीने पहले की जा सकती है। ऐसे में अभी यह निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता कि उसकी सजा पूरी हो चुकी है।

**मुद्दा उठाया** समरकंद में राघव चड्ढा ने उठाया महिलाओं के राजनीतिक अधिकारों का मुद्दा,

## 'सिर्फ वोट नहीं, शासन में भी मिले अधिकार'

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने उज्बेकिस्तान के समरकंद में आयोजित 12वें इंटर-पार्लियामेंटरी यूनियन (आईपीयू) सम्मेलन में भारत की ओर से महिलाओं के राजनीतिक अधिकारों और राजनीतिक भागीदारी का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। सम्मेलन के एक सत्र में उन्होंने महिलाओं के राजनीतिक अधिकार सुनिश्चित करना विषय पर भारत का पक्ष रखा। इस दौरान उन्होंने कहा कि महिलाओं को केवल चुनाव में मतदान करने तक सीमित नहीं रखा जाना चाहिए, बल्कि उन्हें निर्णय लेने और शासन चलाने की वास्तविक शक्ति भी मिलनी चाहिए। राघव चड्ढा ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत



महिलाओं के विकास से आगे बढ़कर 'महिला नेतृत्व वाले विकासइ की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि भारत में महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी लगातार मजबूत हुई है और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में महिलाओं की भूमिका पहले के मुकाबले कहीं अधिक प्रभावी हुई है। उन्होंने भारत में महिलाओं की बढ़ती राजनीतिक भागीदारी के आंकड़ों का उल्लेख करते हुए कहा कि देश में महिला मतदाताओं की भागीदारी ने रिकॉर्ड स्तर हासिल किया है। इसके साथ ही, जमीनी स्तर पर करीब 14.5 लाख महिलाएं निर्वाचित प्रतिनिधि के तौर पर जिम्मेदारी संभाल रही हैं। उन्होंने इसे भारत के लोकतंत्र में महिलाओं की बढ़ती भूमिका का महत्वपूर्ण उदाहरण बताया। चड्ढा ने संसद और विधानसभाओं में महिलाओं के प्रतिनिधित्व को बढ़ाने की दिशा में किए जा रहे संवैधानिक प्रयासों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि भारत में विधायिकाओं में महिलाओं के लिए एक-तिहाई प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने की संवैधानिक दिशा तय की गई है। उनके मुताबिक, महिलाओं की भागीदारी केवल संख्या बढ़ाने तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि उन्हें वास्तविक निर्णय लेने की शक्ति भी मिलनी चाहिए।

उन्होंने सम्मेलन में भारत का संदेश स्पष्ट शब्दों में रखते हुए कहा कि महिलाओं से केवल वोट देने के लिए नहीं कहा जाना चाहिए, बल्कि उन्हें शासन करने में सक्षम बनाया जाना चाहिए। उनके अनुसार, किसी महिला को सिर्फ राजनीतिक सीट देना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उस पद से जुड़े अधिकार और निर्णय लेने की शक्ति भी उन्हें मिलनी चाहिए। राघव चड्ढा ने कहा कि महिला सशक्तीकरण को केवल भाषणों और नारों तक सीमित नहीं रखा जा सकता। इसके लिए ऐसी व्यवस्था तैयार करनी होगी।

## भारतीय मूल के दंपत्ति ने अमेरिकी विश्वविद्यालय को दान दिए 190 करोड़ रुपये



**वाशिंगटन।** भारतीय मूल के एक दंपति अनुराधा और विकास सिन्हा ने टेक्सास स्थित नॉर्थ टेक्सास विश्वविद्यालय (यूएनटी) को करीब 190 करोड़ रुपये दान किए हैं।

इस राशि से विश्वविद्यालय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और एडवांस्ड एनालिटिक्स का नया कालेज शुरू करेगी, जिसका नाम दंपत्ति के नाम पर रखा गया जाएगा। दंपत्ति ने कहा कि एआई आने वाली पीढ़ी की सबसे अहम तकनीकों में से एक होगी, ऐसे में विश्वविद्यालय की जिम्मेदारी है कि वह छात्रों को तैयार करे।

यूएनटी के अध्यक्ष हैरिसन केलर ने कहा, विकास-अनु की प्रतिबद्धता हमारे छात्रों और शिक्षकों के लिए इन प्रौद्योगिकियों को विकसित करने, अध्ययन करने और लागू करने के नए अवसर पैदा करेगी, साथ ही हमारी लुक नॉथः 'यूएनटी 2030 रणनीतिक योजना की प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाएगी। इससे हम छात्रों को बदलते श्रम बाजार के लिए तैयार करने के तरीके को नया रूप देंगे, अनुसंधान और नवाचार को गति देंगे और उत्तरी टेक्सास और राज्य के लिए स्थायी मूल्य का सृजन करेंगे।

## खोड़ा में चौकी के बाहर युवक ने खुद को आग लगाने का किया प्रयास, पुलिस पुलिस की सूझबूझ से व्यक्ति को बचाया गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** थाना खोड़ा क्षेत्र की नेहरू गार्डन चौकी के अंतर्गत रहने वाले दो पक्षों के बीच बीती रात विवाद हुआ था। दोनों पक्षों की ओर से पुलिस को अपने-अपने प्रार्थना पत्र दिए गए थे। आज इसी मामले में दोनों पक्ष चौकी पर पहुंचे, जहां एक बार फिर विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई। इसी दौरान एक पक्ष के एक व्यक्ति ने चौकी से बाहर निकलकर अपने ऊपर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगाने का प्रयास किया।पुलिस ने तत्काल स्थानीय लोगों की मदद से आग बुझाई और व्यक्ति को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया।



पुलिस के मुताबिक, अस्पताल में व्यक्ति की स्थिति सुरक्षित है और वह खतरे से बाहर बताया गया है।पुलिस द्वारा पूरे प्रकरण के सभी तथ्यों की गहनता से जांच की जा रही है। मौके पर फिलहाल शांति व्यवस्था कायम है।

## धर्मो रक्षति रक्षितः के मंत्र के साथ संगठन विस्तार को मिलेगी नई गतिः डॉ.विक्रम सिंह राठौड़

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** राष्ट्रवादी विचारधारा और हिन्दू संस्कृति के संरक्षण के लिए समर्पित देश के प्रमुख संगठन हिन्दू युवा वाहिनी ने संगठन विस्तार की दिशा में बड़ा फैसला लेते हुए नितेश कुमार सिंह को राष्ट्रीय महासचिव के महत्वपूर्ण दायित्व पर मनोनीत किया है।

संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. विक्रम सिंह राठौड़ द्वारा जारी मनोनयन पत्र देकर यह नियुक्ति की गई है। पत्र में



स्पष्ट उल्लेख है कि नितेश कुमार सिंह के संगठन के प्रति सेवाभाव, निष्ठा, लगन एवं समर्पण को देखते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। मनोनयन पत्र में राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अपेक्षा व्यक्त की है कि नितेश कुमार सिंह संगठन के संविधान, नियम और अनुशासन का पालन करते हुए तन-मन-धन से संगठन के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु कार्य करेंगे। साथ ही उन्हें तीन माह के भीतर अपनी पूरी कार्यकारिणी का गठन करने और हर माह 20 नए प्राथमिक सदस्यों को संगठन से जोड़ने का लक्ष्य दिया गया है।संगठन ने यह भी निर्देशित किया है कि संगठन के नाम का किसी भी प्रकार से व्यक्तिगत लाभ के लिए दुरुपयोग न किया जाए और बिना अनुमति कोई भी सार्वजनिक वक्तव्य, प्रेस विज्ञप्ति या सोशल मीडिया पोस्ट जारी न की जाए। सभी आर्थिक लेन-देन अधिकृत बैंक खाते के माध्यम से ही करने के निर्देश दिए गए है।नितेश कुमार सिंह के राष्ट्रीय महासचिव मनोनीत होने की खबर आते ही गाजियाबाद सहित पूरे उत्तर प्रदेश में कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। सुबह से ही उनके आवास और कार्यालय पर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है।

## शहर में खुले आम दोगुने दामों में ब्लैक में बेचे जा रहे हैं भारत गैस कम्पनी के गैस सिलेंडर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादनगर (नासिर मंसूरी)।** शहर में भारत गैस एजेंसी के रसोई गैस सिलेंडर खुलेआम धड़ल्ले से दोगुनी कीमत पर ब्लैक में बेचे जारहे हैं। और असल ग्राहकों को जरूरत पड़ने पर भी टाइम से पहले सिलेंडर नहीं दिया जाता है। भारत गैस कम्पनी के सेल्समैन द्वारा भारत गैस कम्पनी का रसोई गैस सिलेंडर ब्लैक में 17 सौ रुपए में बेचने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

हालांकि बुलंद संदेश समाचार पत्र वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। सोशल मीडिया पर 20 सेकेंड के वायरल वीडियो में शहर में एक जगह भारत गैस की एक गाड़ी खड़ी हुई है।

**भारत गैस कम्पनी के सेल्समैन द्वारा गैस सिलेंडर ब्लैक में बेचने का वीडियो सोशल मीडिया पर हुआ वायरल**

सेल्समैन एक व्यक्ति को ब्लैक में 17 सौ रुपए का रसोई गैस सिलेंड़र देने की बात कह रहा है। सिलेंडर लेने वाला व्यक्ति काफी देर तक सौदा करता है, लेकिन सेल्स मैन 17 सौ से कम पर सिलेंडर देने के लिए राजी ही नहीं हो रहा है। मुरादनगर स्थित जिंदल गैस एजेंसी के संचालक विनोद जिन्दल वायरल वीडियो को पुराना वीडियो बता कर सफाई दे रहे हैं।

## ग्राम बयाना में बड़ी संख्या में त्यागी समाज के वरिष्ठ जनों एवं युवाओं की जनसभा

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** ग्राम बयाना में बड़ी संख्या में त्यागी समाज के वरिष्ठ जनों एवं युवाओं की जन सभा रखी गई ' भाजपा क्षेत्र समिति ने त्यागी समाज का उचित प्रतिनिधित्व ना मिलने पर अपना रोष व्यक्त किया इस अवसर पर अंकित त्यागी ने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में जिस समाज की दो से तीन लाख वोट भी नहीं है उसको तीन-तीन महत्वपूर्ण पद दिए और त्यागी समाज की 10 से 15 लाख वोट पश्चिम क्षेत्र में होने पर भी सिर्फ एक ही पद समाज को मिला जो कि समाज के साथ अन्याय हैं त्यागी समाज सदैव भाजपा का वोटर रहा है लेकिन समाज को बार-बार चाहे जिला अध्यक्ष पद हो चाहे विधायक चुनाव में उचित सम्मान नहीं मिल पा रहा है गाजियाबाद में भी त्यागी समाज के वरिष्ठ चेहरे थे जो अपने समायोजन का प्रयास करना लेकिन मूल कार्यकताओं और अनुभव होने के बावजूद भी उनका समायोजन नहीं हुआ अवसर पर सभी युवा साथियों दिल खोल कर कहा की राजेश त्यागी भाई भारतीय जनता पार्टी को लंबे समय से एक कर्मठ सिपाही की तरह मूल कार्यकर्ता के रूप में काम कर रहे हैं ऐसे कार्यकताओं का साथ देना चाहिए जो विपरीत परिस्थिति में भाजपा के साथ रहे हो ।

## सहबिस्वा की वारदात गैंग ने किया जानलेवा हमला

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद।** मुरादनगर में कल देर रात एक अपने आप को साबिर वारदात 315 गैंग बताने वाले कुछ लोगों ने सहबिस्वा के नाबालिग लड़के व उसके परिजनो पर जानलेवा हमला किया। आपको बता दे कि ये घटना कल देर रात कि बताई जा रही है जहां मुरादनगर की सहबिस्वा में इन दिनों खुद को लोकल में खुद को 'साबिर वारदात 315 गैंग' कहने वालों का आतंक सिर चढ़कर बोल रहा है। ताजा मामला इलाके में दहशत फैलाने का सामने आया है, जहां 9 सितंबर की देर रात इस गैंग ने सारी हदें पार कर दीं। आपको बता दे कि थाने में दिए गए शिकायती पत्र के अनुसार पीडिता सलमा का कहना है की कल मेरा बच्चा





कब्रिस्तान के पीछे खेल रहा था, तभी साबीर पुत्र नुरु, सामीर पुत्र नसीम और जुनैद समेत 3-4 अन्य युवकों ने उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट की। बच्चा किसी तरह अपनी जान बचाकर घर पहुंचा, लेकिन आरोपियों के हौसले इतने बुलंद थे कि वे घर के अंदर तक जा घुसे। दबंगों ने घर में घुसकर पीड़िता सलमा और उनके दूसरे बेटे दिलनवाज के साथ लाठी-डंडों व पथराव से बेरहमी से मारपीट की। दिनदहाड़े हुई इस पूरी वारदात का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि सहबिस्वा में इन दिनों 'साबिर वारदात 315 गैंग' लगातार सक्रिय है और बेखौफ होकर लोगो को डराने धमकाने की वारदातों को अंजाम देता आ रहा है। फिलहाल, पीड़िता ने थाने में लिखित तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई और सुरक्षा की गुहार लगाई है।"वहीं पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि दोनों पक्षों की आपस में पहले से कहा सुनी है उसी रंजिश में वारदात को अंजाम दिया गया है दोनों पक्षों के खिलाफ पुलिस मामला दर्ज कर कार्यवाही करने की बात कह रही है।

## "ऑपरेशन कवच 2.0'रू अनधिकृत बसों के विरुद्ध परिवहन विभाग का सख्त अभियान"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** परिवहन आयुक्त, उत्तर प्रदेश द्वारा प्रदेश में अनधिकृत रूप से संचालित बसों के विरुद्ध प्रभावी एवं कठोर प्रवर्तन कार्रवाई सुनिश्चित किए जाने हेतु दिए गए निर्देशों के क्रम में परिवहन विभाग, गाजियाबाद द्वारा "ऑपरेशन कवच 2.0 के अंतर्गत लगातार तीसरे दिन भी सघन विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया गया। दिनांक 09.09.2026 को परिवहन विभाग की विभिन्न प्रवर्तन टीमों द्वारा जनपद गाजियाबाद के प्रमुख मार्गों, राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों, बस अड्डों तथा अन्य संवेदनशील एवं चिन्हित स्थानों पर व्यापक स्तर पर विशेष चेकिंग अभियान संचालित किया गया। अभियान के दौरान अनधिकृत रूप से संचालित बसों की गहनता से जांच की गई। उक्त तीन दिवसीय चलाये गये विशेष चेकिंग अभियान के दौरान









परमिट की शर्तों का उल्लंघन करते हुए तथा बिना वैध अभिलेखों के संचालित पाई गई 55 बसों के विरुद्ध चालान एवं निरुद्धीकरण की कार्रवाई की गई। उक्त प्रवर्तन कार्रवाई एआरटीओ (प्रवर्तन), श्री विनीत कुमार मिश्र, श्री अमित राजन राय, श्रीमती अंकिता शुक्ला एवं श्रीमती आकांक्षा सिंह पटेल सहित प्रवर्तन टीमों द्वारा की गई। इसके अतिरिक्त, राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) द्वारा जारी निर्देशों के अनुपालन में जनपद में 10 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके डीजल तथा 15 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके पेट्रोल चालित वाहनों के विरुद्ध भी विशेष कार्रवाई की गई। उक्त अभियान के दौरान आज दिनांक 09.09.2026 को ऐसे आयु सीमा पूर्ण वाहनों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की गई तथा उन्हें पंजीकृत वाहन स्क्रैपिंग सुविधा केंद्र के माध्यम से स्क्रैप कराए जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही की गई। अंकिता शुक्ला, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), गाजियाबाद द्वारा बताया गया कि यह कार्रवाई वायु प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण, पर्यावरण संरक्षण तथा आयु सीमा पूर्ण वाहनों के अनधिकृत संचालन पर रोक लगाने के उद्देश्य से की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि एनजीटी द्वारा जारी निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करते हुए ऐसे वाहनों के विरुद्ध आगे भी निरंतर एवं प्रभावी प्रवर्तन कार्रवाई जारी रहेगी।

## सेक्टर संयोजक सम्मेलन के मद्देनजर भाजपा दनकौर मंडल की बैठक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा ( एन.जी. वर्मा)।** क्षेत्र के दनकौर में गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी मंडल दनकौर की बैठक तेजवीर प्रधान के आवास पर हुई जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष गजेंद्र वाल्मीकि ने की संचालन अमित नागर ने किया जिसके मुख्य अतिथि जिला कोषाध्यक्ष अश्वनी गोयल रहे आज की बैठक का मुख्य उद्देश्य 2027 चुनाव की तैयारी को लेकर होने वाले सेक्टर संयोजक सम्मेलन को लेकर हुई अश्वनी गोयल ने बताया आने वाले चुनाव को लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन जी के द्वारा सम्मेलन किया जाएगा जिसमें सभी सेक्टर







संयोजक और पदाधिकारी को सम्मेलन को सफल बनाना है इस मौके पर मंडल अध्यक्ष गजेंद्र वाल्मीकि ने कहा कि सभी कार्यकर्ता 2027 के चुनाव की तैयारी में जुट जाएं विपक्षी पार्टियों के द्वारा प्रत्याशी अपने-अपने स्तर से लगे हुए हैं महंत योगी आदित्यनाथ जी को प्रचंड बहुमत से तीसरी बार उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाएं जिससे प्रदेश में आज गुंडाराज बिल्कुल खत्म है माफिया मिट्टी में मिल चुके हैं प्रदेश आज खुशहाली की जिंदगी जी रहा है बहन बेटियां आज निडर होकर स्कूल कॉलेज जा रही हैं इस मौके पर पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेंद्र भाटी और मंडल अध्यक्ष हरि दत्त शर्मा मंडल मीडिया प्रभारी हरीश शर्मा सुमित शर्मा अमित नागर नवीन पंडित दीपक कौशिक श्रीपाल प्रजापति सुरेश रावत वेदपाल कौशिक मौजूद रहे।

## मलिहाबाद सर्कल की पुलिस के लिए चुनौती बनते जा रहे अज्ञात चोर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ (लेखराम मौर्य)।** रहीमाबाद थाना क्षेत्र के मनकौटी गांव में बीती रात अज्ञात चोरों ने दो घरों को निशाना बनाया जहां से करीब चार लाख रुपए नगद और 20 लाख से अधिक के जेवरात लेकर फरार हो गए। इसके करने का आश्वासन दिया। पीड़ितों के मुताबिक कर खेतों की ओर से जीने के सहारे घरों में घुसकर अलमारी और बक्से तोड़कर सोने चांदी के जेवरात और लाखों के नगदी लेकर फरार हो गए। उन्होंने बताया कि दोनों घरों से करीब 20 से 25 लाख के जेवर आप चोरी गए हैं। इससे पूर्व में भी तमाम घटनाएं कागजों में ही दब



अलावा माल थाना क्षेत्र के साले नगर गांव में भी दो घरों को अज्ञात चोरों ने निशाना बनाया जहां से लाखों के जेवरात लेकर रात के अंधेरे का फायदा उठाते हुए फरार हो गए। मनकौटी निवासी अमन कुमार व अंशु देवी की तहरीर पर रहीमाबाद पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस की फॉरेंसिक टीम ने भी मौके से फिंगरप्रिंट लिए हैं इसके साथ ही स्थानीय पुलिस भी सक्रियता के साथ जांच में जुटी है परंतु चोरी की घटना का खुलासा कब होगा यह कहना मुश्किल है। थाने की पुलिस फोर्स के अलावा एसीपी मलिहाबाद में भी दोनों घटनाओं का मौके पर निरीक्षण किया और ग्रामीणों को शीघ्र घटना का खुलासा करने का आश्वासन दिया।

कर रह गई हैं। बीती रात ही माल थाना क्षेत्र के सालेह नगर गांव निवासी महेंद्र कुमार गुप्ता के घर में भी पीछे से चढ़कर घर में घुसे चोरों ने लाखों के जेवर पर हाथ साफ कर दिए। करीब 4 दिन पूर्व माल थाना क्षेत्र के केड़ौरा गांव में पीछे से घर में घुसकर 50000 नगर और लाखों के जेवर लेकर फरार हो गए थे जिसका अभी तक खुलासा नहीं हो पाया है। अब देखना है कि पुलिस इन घटनाओं का खुलासा करने में कामयाब होती है या फिर पिछली घटनाओं की तरह यह चोरियां भी जनता के बीच भय और दहशत का माहौल बनाए रखती हैं। इन घटनाओं ने जहां एक ओर पुलिस की गस्त पर सवाल खड़े किए हैं वहीं दूसरी ओर जनता में भय और दहशत का माहौल बढ़ता जा रहा है।

## एनजीटी के निर्देशो के अनुपालन में आयु सीमा पूर्ण वाहनों के विरुद्ध परिवहन विभाग का विशेष अभियान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** अंकिता शुक्ला शुक्ला सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अवगत कराया कि राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) द्वारा जारी निर्देशो के अनुपालन में जनपद गाजियाबाद में 10 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके डीजल वाहनों तथा 15 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके पेट्रोल वाहनों के विरुद्ध परिवहन विभाग द्वारा विशेष प्रवर्तन अभियान संचालित किया जा रहा है।

इसी क्रम में दिनांक 10.09.2026 जनपद में विशेष अभियान चलाकर आयु सीमा पूर्ण कर चुके 120 वाहनों को चिन्हित किया गया तथा ऐसे वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की गई। अभियान के दौरान चिन्हित आयु सीमा पूर्ण वाहनों के अनधिकृत संचालन पर रोक लगाने हेतु आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की गई तथा संबंधित वाहनों को पंजीकृत वाहन स्क्रैपिंग सुविधा केंद्र के माध्यम से स्क्रैप कराए जाने की प्रक्रिया के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की गई।इस संबंध में श्रीमती अंकिता शुक्ला, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), गाजियाबाद ने बताया कि परिवहन विभाग द्वारा यह विशेष अभियान एनजीटी के निर्देशों का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संचालित किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि आयु सीमा पूर्ण वाहनों के संचालन से होने वाले वायु प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण, पर्यावरण संरक्षण तथा सड़क पर ऐसे वाहनों के अनधिकृत संचालन को रोकना अभियान का प्रमुख उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि आयु सीमा पूर्ण कर चुके वाहनों के स्वामियों से अपेक्षा की जाती है कि वे एनजीटी एवं शासन द्वारा जारी निर्देशो का पालन करते हुए ऐसे वाहनों का संचालन न करें तथा नियमानुसार आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण कराएं।

## देवेंद्र आर्य तीसरी बार चुने गए वृंदावन ग्रीन अपार्टमेंट ओनर एसोसिएशन के अध्यक्ष

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद।** वृंदावन ग्रीन अपार्टमेंट ओनर



**पिछले दिनों हुए चुनाव में देवेंद्र आर्य सबसे अधिक वोटो से विजयी हुए थे**


एसोसिएशन साहिबाबाद (VGAOA) की कल सायं हुई कार्यकारिणी गठन की मीटिंग में देवेंद्र आर्य 'आर्य बंधु' को अध्यक्ष मनोनीत किया गया,नीरज कुमार को उपाध्यक्ष श्रीमती नीतिका दाधीच को सेक्रेटरी,अमित मिश्रा को जॉइंट सेक्रेटरी व मयंक पचौरी को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया।रोहित टीकू,पंकज सक्सेना,के के चौधरी व अशोक शर्मा को मेंबर नियुक्त किया गया।देवेंद्र आर्य 'आर्य बंधु'ने सभी टीम को एकजुट होकर वृंदावन ग्रीन के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करने का आवाहन किया और सभी वृंदावन ग्रीन निवासियों को टीम के 10 सदस्य के चयन के लिए धन्यवाद दिया।

**कार्रवाई** | **13 व्यक्तियों को चिन्हित कर भूमाफिया के रूप में कार्रवाई प्रस्तावित**

## जिलाधिकारी के निर्देशानुसार अवैध कब्जेदारों के विरुद्ध प्रशासन की सख्त कार्रवाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिशा-निर्देशों के क्रम में तथा जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉदड़ के आदेशानुसार जनपद में गरीब, बेसहारा, बेसहाय एवं आमजन की भूमि पर अवैध कब्जा करने, भूमि संबंधी धोखाधड़ी करने तथा सम्पत्ति से सम्बंधित विभिन्न प्रकार से उत्पीड़न करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध प्रभावी एवं कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। इसी क्रम में जनपद की समस्त तहसीलों में गठित भूमाफिया टास्क फोर्स द्वारा भूमि संबंधी प्रकरणों की गहन समीक्षा एवं जांच की जा रही है।उपजिलाधिकारियों की अध्यक्षता में गठित तहसील स्तरीय भूमाफिया टास्क फोर्स टीमों द्वारा ऐसे व्यक्तियों को चिन्हित किया गया है, जिनके विरुद्ध एक ही भूमि अथवा भूखंड को एक से अधिक व्यक्तियों को विक्रय करने, भूमि/प्लाट पर अवैध कब्जा करने, भूमि संबंधी धोखाधड़ी करने अथवा अन्य गंभीर भूमि विवादों से संबंधित शिकायतें एवं प्रकरण संज्ञान में आए हैं। ऐसे मामलों में संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज होने अथवा प्रकरण न्यायिक/प्रशासनिक स्तर पर प्रचलित होने की स्थिति में उपलब्ध अभिलेखों एवं तथ्यों के आधार पर कार्रवाई की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा रही है। भूमाफिया टास्क फोर्स द्वारा की गई कार्रवाई के क्रम में जनपद में कुल 13



नए व्यक्तियों को चिन्हित किया गया है, जिनके विरुद्ध भूमाफिया के रूप में कार्रवाई किए जाने हेतु संस्तुति/प्रस्ताव संबंधित स्तर पर प्रस्तुत किया जा रहा है। चिन्हित किए गए व्यक्तियों में तहसील लोनी से 10, तहसील सदर से 02 तथा तहसील मोदीनगर से 01 व्यक्ति शामिल है।

प्रशासन द्वारा भूमि संबंधी अपराधों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। भूमाफिया के रूप में चिन्हित व्यक्तियों के संबंध में संबंधित विभागों एवं सक्षम स्तर से आवश्यक परीक्षण एवं वैधानिक प्रक्रिया पूर्ण कर आगामी कार्रवाई की जा रही है। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉदड़ द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि जनपद में किसी भी व्यक्ति द्वारा गरीब, कमजोर एवं आम नागरिकों की भूमि पर अवैध कब्जा, फजीवाड़ा अथवा भूमि संबंधी धोखाधड़ी किए जाने की शिकायत प्राप्त होने पर उसका प्राथमिकता के आधार पर परीक्षण कर नियमानुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही भूमि संबंधी मामलों में पीड़ित व्यक्तियों को अनावश्यक रूप से परेशान न होना पड़े, इसके लिए संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के निर्देश दिए गए हैं।

प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि भूमि संबंधी अवैध गतिविधियों, कब्जे एवं धोखाधड़ी में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा तथा जांच में दोषी पाए जाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध प्रचलित विधिक प्रावधानों के अंतर्गत कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# जलभराव की मार से भरभराकर गिरा मकान, मलबे में दबी महिला की मौत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादाबाद।** भोजपुर थाना क्षेत्र के अक्का भीकनपुर गांव में गुरुवार सुबह जर्जर मकान का लेंटर अचानक भरभराकर गिरने से मलबे में दबी महिला की मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस और ग्रामीणों ने

**कोसी नदी का पानी पहुंचने से कमजोर हुई थी मकान की पिछली दीवार, जेसीबी से करीब दो घंटे चला रेस्क्यू**

जेसीबी की मदद से करीब दो घंटे तक रेस्क्यू अभियान चलाया। गंभीर हालत में महिला को कांठ रोड स्थित निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

अक्का भीकनपुर निवासी कासिम गांव में सीमेंट और खाद की दुकान चलाते हैं।परिवार में उनकी पत्नी उलेबा उर्फ गुलेबा, तीन बेटे और एक बेटी हैं। बताया गया कि गुरुवार सुबह कासिम दुकान पर गए थे, जबकि बच्चे घर के बाहर खेल रहे थे।इसी दौरान उलेबा घर के अंदर घरेलू काम कर रही थीं। परिजनों के मुताबिक, पिछले कुछ दिनों से कोसी नदी का पानी मकान की पिछली दीवार तक पहुंच गया था।सुबह करीब नौ बजे अचानक मकान का लेंटर भरभराकर नीचे आ गिरा। इसकी चपेट में आने से उलेबा मलबे में दब गईं। तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही भोजपुर थाना प्रभारी संजय कुमार पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। इसके बाद एसपी देहात कुंवर आकाश सिंह और सीओ आशीष प्रताप सिंह भी मौके पर पहुंच गए।जेसीबी की मदद से मलबा हटाकर महिला की तलाश शुरू की गई। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद उलेबा को मलबे से बाहर निकाला गया। उन्हें तत्काल एंबुलेंस से कांठ रोड स्थित निजी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन करीब एक घंटे बाद उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।




मलवे में दबी महिला को निकालने का प्रयास करते लोग। हादसे के बाद मौके पर लगी भीड़

हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया।अक्का भीकन पुर में मकान का लेंटर गिरने की सूचना पर पुलिस, फायर सर्विस और डिजास्टर मैनेजमेंट टीम को तत्काल मौके पर भेजा गया। हाइड्रा और जेसीबी की मदद से राहत एवं बचाव कार्य कराकर मलबे में दबी महिला को बाहर निकाला गया। और उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। एसपी देहात कुंवर आकाश सिंह ने बताया कि महिला के शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।




# नगर कांग्रेस कमेटी उझारी की बैठक में संगठन सृजन पर जोर

बुलन्द संदेश्ज्ञ ब्यूरो

**उझारी।** नगर कांग्रेस कमेटी उझारी की बैठक नगर अध्यक्ष शहाबुद्दीन सैफी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। नवनीत पदाधिकारी को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए।

जनपद अमरोहा के कस्बा उझारी में कांग्रेस पार्टी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन सृजन अभियान के तहत संगठन को विस्तार देना और मिशन 2027 विधानसभा चुनाव* के लिए पार्टी की विचारधारा और नीतियों को जन-जन तक पहुंचाना रहा। इस दौरान पार्टी में सक्रिय रूप से काम कर रहे कार्यकताओं को नियुक्ति पत्र भी वितरित किए गए। जिला अध्यक्ष ओमकार सिंह कटारिया ने कार्यकताओं का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि हमें विधानसभा 2027 के लिए जन-जन तक पहुंचना है और पार्टी की विचारधारा को हर व्यक्ति तक पहुंचाना है।कांग्रेस जिला सचिव शाकिर मसूदी ने अपने वक्तव्य में कहा कि सरफरोशी की तमन्ना अब हमारे दिल में है, देखना है जोर कितना बाजुए कातिल में है।



उन्होंने कहा कि हम कांग्रेस के लोग अपने नेता माननीय राहुल गांधी जी की मोहब्बत की इस लहर को जन-जन तक पहुंचाएंगे। कांग्रेस पार्टी सड़क से संसद तक गरीब, मजदूर, किसान, हर जाति, हर धर्म, हर मजलूम और कमजोर वर्ग के साथ खड़ी हुई है। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष ओमकार सिंह कटारिया, नगर अध्यक्ष शहाबुद्दीन सैफी, जिला सचिव बब्बन हुसैन, जिला सचिव महबूब चौधरी, नगर उपाध्यक्ष अजीम पाशा, महिपाल सिंह, शबाब हैदर, चौधरी फैजान, अनिल सैनी, दिलशाद चौधरी, बिलाल बाकरी, चौधरी अजीम, प्रिंस कुमार जाटव आदि अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आज़म खान के जौहर विश्वविद्यालय पर फिर अटका फैसला

बुलन्द संदेश, ब्यूरो

**38 भवनों के ध्वस्तीकरण की सुनवाई टली**

**मुरादाबाद।** सपा नेता आजम खान से जुड़े जौहर विश्वविद्यालय के 38 भवनों के ध्वस्तीकरण के मामले में गुरुवार को एक बार फिर सुनवाई नहीं हो सकी। कमिश्नर संगीता सिंह के कोर्ट में उपस्थित नहीं होने के कारण अपील पर सुनवाई टल गई।अब मामले में अगली तारीख कब होगी। इसका निर्धारण शाम तक होने की संभावना है। फिलहाल 38 भवनों के ध्वस्तीकरण पर लगी रोक बरकरार है। जौहर विश्वविद्यालय परिसर में 40 भवनों को लेकर रामपुर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं जिलाधिकारी की ओर से 15 जुलाई को आदेश जारी किया गया था।जांच के बाद 38 भवनों को अवैध मानते हुए ध्वस्त करने के निर्देश दिए गए थे।इस आदेश के खिलाफ विश्वविद्यालय की ओर से अधिवक्ता जुनैद एजाज ने कमिश्नर कोर्ट में अपील दाखिल की है। अपील दाखिल होने के बाद कमिश्नर कोर्ट ने मामले की सुनवाई पूरी होने तक ध्वस्तीकरण की कार्रवाई पर रोक लगा दी थी।गुरुवार को इसी अपील पर आगे की सुनवाई होनी थी, लेकिन कमिश्नर के कोर्ट में नहीं आने के कारण कार्यवाही आगे नहीं बढ़ सकी। अब सबकी नजर अगली सुनवाई पर है। उसमें विश्व विद्यालय की ओर से ध्वस्तीकरण आदेश को चुनौती देने वाली अपील पर पक्ष रखा जाएगा। वहीं प्रशासन की कार्रवाई के तहत अवैध घोषित किए 38 भवनों पर फिलहाल ध्वस्तीकरण का खतरा टला हुआ है।अगली तारीख तय होने के बाद ही स्पष्ट होगा कि मामले में सुनवाई किस दिशा में आगे बढ़ती है।

# बच्चों की पहली शिक्षक मां, उसके बाद शिक्षक की भूमिका होती: एसपी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बिजनौर।** रोटरी क्लब सम्पूर्ण की ओर से आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह में पुलिस अधीक्षक बिजनौर के के विश्नोई ने कहा कि बच्चे की पहली शिक्षक मां होती है लेकिन बच्चे को उत्तम शिक्षा एवं भविष्य निर्माण में एक शिक्षक की भूमिका ही महत्वपूर्ण होती है।

ठाकुरद्वारा मार्ग स्थित बैंकट हॉल में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस कप्तान केके विश्नोई ने कहा कि शिक्षक केवल किताबी ज्ञान ही नहीं देते बल्कि बच्चों को अनुशासन, संस्कार एवं देश समर्पण भावना भी सिखाते हैं।

समाज के प्रति सजग रहने की नैतिक जिम्मेदारी के प्रति भी जागरूक करने के लिये भी एक शिक्षक की भूमिका ही होती है। शिक्षित युवा ही समाजसेवा एवं देश सेवा की और जनहित में अच्छा प्रदर्शन कर सकता है।कार्यक्रम में क्षेत्र के




अध्यापिका रुचि सिंह को सम्मानित करते अतिथि

प्रसिद्ध चिकित्सक एवं वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. मनोज कुमार वर्मा ने कहा कि शिक्षक समाज की मजबूत नींव तैयार करते हैं और उनके योगदान को सम्मान देना समाज की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम शिक्षकों के प्रति सम्मान बढ़ाने के साथ युवाओं को समाजसेवा के लिए भी प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम में समाज सेवा एवं जनहित में योगदान देने वाले लोगों को सम्मानित किया गया। नगर के युवा चिकित्सक डॉ. शाश्वत वर्मा को स्वास्थ्य सेवाओं के लिए रोटरी क्लब संपूर्ण की ओर से विशेष रूप से सम्मानित किया गया। नगर पालिका अधिशासी अधिकारी विजेंद्र सिंह पाल को स्वच्छता के क्षेत्र में कार्यों, आर.एस.पी. इंटर कॉलेज एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट धीरज शर्मा को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष कांता प्रसाद पुष्पक, सचिव हरिओम सिंह उर्फ हैरी गुर्जर, समीर रस्तोगी, अर्पित त्यागी, संजय जैन, सुरेंद्र सिंह उर्फ राजू अरोड़ा, आलोक अग्रवाल, अनिल कुशवाहा, रमेश अरोड़ा, चमन भारद्वाज, श्यामल विश्वास, यूनुस चौधरी, अरविंद्र सिंह काका सहित बड़ी संख्या में रोटेरियन एवं अध्यापक, राजनैतिक एवं समाजसेवी लोग मौजूद रहे।

# मकान की छत गिरा मंदबुद्धि युवक घायल सीएचसी में भर्ती

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हसनपुर।** नगर के एक मोहल्ले में मंदबुद्धि युवक अचानक मकान की छत से गिरकर घायल हो गया।सूचना पर मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने घायल को उपचार के लिए नगर के सीएचसी में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों द्वारा घायल का उपचार किया गया।?नगर के श्रीमती सुखदेवी इंटर कॉलेज के सामने कमल कुमार का मकान स्थित है, उनका एक पुत्र मनोज मंदबुद्धि है, गुरुवार की दोपहर में वह अचानक मकान की छत पर खड़ा था। तभी अचानक वह छत से गिर गया और घायल हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घायल मनोज को उपचार के लिए नगर स्थित सीएचसी में भर्ती कराया गया।चिकित्सकों द्वारा घायल मनोज का उपचार कर उसे घर भेज दिया गया। वहीं घायल के भाई का कहना है कि मनोज मंदबुद्धि है पूर्व में भी कई बार हादसे हो चुके हैं। सीएचसी प्रभारी डॉक्टर धुर्वेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस के द्वारा एक घायल मंदबुद्धि युवक को लाया गया था जिसका उपचार कर घर भेज दिया गया।



घायल मंदबुद्धि

# सैंजनी में पिंजरे में कैद हुआ तेंदुआ,अब तक13 का रेस्क्यू

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादाबाद।** तेंदुआ प्रभावित ठाकुरद्वारा क्षेत्र में वन विभाग के रेस्क्यू अभियान को गुरुवार को एक और सफलता मिली। सैंजनी गांव में लगाए गए पिंजरे में एक तेंदुआ कैद हो गया। इसके साथ ही वन विभाग अब तक क्षेत्र से 13 तेंदुओं का सुरक्षित रेस्क्यू कर चुका है।

तेंदुओं की लगातार बढ़ती गतिविधियों को देखते हुए वन विभाग की टीमें ठाकुरद्वारा तहसील के करीब 42 संवेदनशील गांवों में लगभग 49 पिंजरे लगाकर निगरानी कर रही हैं। वनकर्मी रात के समय भी प्रभावित गांवों और खेतों के आसपास लगातार गश्त कर रहे हैं। तेंदुए की लोकेशन मिलने पर उसके आवागमन वाले स्थानों को चिन्हित कर पिंजरे लगाए जा रहे हैं। सैंजनी में तेंदुआ पकड़े जाने की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और उसे सुरक्षित तरीके से कब्जे में लिया। विभाग की टीमें ट्रैप कैमरों और अन्य माध्यमों से भी तेंदुओं की गतिविधियों पर नजर रख रही हैं। ग्रामीणों को भी सतर्क रहने और अकेले खेतों की ओर न जाने की सलाह दी जा रही है।



पिजरे में कैद हुआ तेंदुआ

# दो बाइकों की भिड़ंत,चार घायल,सीएचसी से हायर सेंटर रेफर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के एक मार्ग पर दो बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत में बाइक सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। चारों घायलों को उपचार के लिए 108 एंबुलेंस की मदद से सीएचसी में भर्ती कराया।जहां उपचार के दौरान चारों घायलों की हालत गंभीर देखते हुए हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया।जनपद मुरादाबाद के थाना कांठ के गांव हाजी हाफिज पुर निवासी महबूब अली पुत्र मुन्ना अपने भतीजे शाहनवाज पुत्र हनिफ के साथ बाइक से नगर स्थित न्यायालय में मुकदमे की पैरवी करने के लिए गुरुवार दोपहर को आ रहा था। जैसे ही उसकी बाइक नगर के अमरोहा मार्ग स्थित गांव करनपुर माफी के निकट पहुंची तो नगर की दिशा की ओर से जा रही बाइक पर सवार लोकेश पुत्र विजयपाल निवासी ताहर पुर एवं ऋषभ पुत्र देश पाल निवासी करन पुर से आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। भिड़ंत इतनी भयंकर थी कि दोनों बाइकों पर सवार चारों घायल हो गए। ग्रामीणों द्वारा 108 एंबुलेंस के माध्यम से चारों को नगर के सीएचसी में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों द्वारा उनका उपचार किया गया और हालत गंभीर देखते हुए चारों को हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया।सीएचसी प्रभारी डॉक्टर धुर्वेद्र सिंह ने बताया कि सड़क हादसे में चार लोग घायल हो गए थेघायलों की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।



हादसे में घायल युवक

**दिया ज्ञापन** | व्यापारी बोले- शुल्क से बाजार में घटेंगे ग्राहक, नगर निगम निर्णय वापस ले

# दुकानों के सामने पार्किंग शुल्क के विरोध में व्यापारियों ने मंडलायुक्त को दिया ज्ञापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादाबाद।** दुकानों के सामने प्रस्तावित पार्किंग शुल्क के विरोध में व्यापारी सुरक्षा फोरम के नेतृत्व में व्यापारियों ने गुरुवार को मंडलायुक्त को ज्ञापन सौंपा। व्यापारियों ने नगर निगम के प्रस्तावित पार्किंग शुल्क को व्यापारी और ग्राहकों पर अतिरिक्त बोझ बताते हुए निर्णय वापस लेने की मांग की।

दो दिन पहले बुद्ध बाजार स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में स्टेशन रोड और आसपास के करीब 40 व्यापारियों की

**व्यापारियों का कहना था कि स्मार्ट रोड निर्माण के दौरान उन्होंने जनहित में अपनी दुकानों का एक से दो मीटर तक हिस्सा हटवाकर सड़क चौड़ीकरण में सहयोग किया था। इसके बावजूद अब उसी सड़क पर पार्किंग शुल्क लगाया जाना उचित नहीं है।व्यापारियों ने कहा कि ऑनलाइन कारोबार के बढ़ते प्रभाव के कारण पहले ही बाजार में ग्राहकों की संख्या कम हो रही है। दुकानों के सामने वाहन खड़ा करने पर शुल्क लगाए जाने से ग्राहक बाजार आने से बच सकते हैं, जिसका सीधा असर कारोबार पर पड़ेगा**




व्यापारियों ने मंडलायुक्त को दिया ज्ञापन

बैठक हुई थी। इसमें भी पार्किंग शुल्क के प्रस्ताव का विरोध किया गया था। व्यापारियों का कहना था कि स्मार्ट रोड निर्माण के दौरान उन्होंने जनहित में अपनी दुकानों का एक से दो मीटर तक हिस्सा हटवाकर सड़क चौड़ीकरण में सहयोग किया था। इसके बावजूद अब उसी सड़क पर पार्किंग शुल्क लगाया जाना उचित नहीं है।व्यापारियों ने कहा कि ऑनलाइन कारोबार के बढ़ते प्रभाव के कारण पहले ही बाजार में ग्राहकों की संख्या कम हो रही है। दुकानों के सामने वाहन खड़ा करने पर शुल्क लगाए जाने से ग्राहक बाजार आने से बच सकते हैं, जिसका सीधा असर कारोबार पर पड़ेगा। व्यापारियों ने पहले पर्याप्त पार्किंग स्थल विकसित करने की मांग की।फोरम पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि नगर निगम ने निर्णय वापस नहीं लिया तो आंदोलन किया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में फोरम अध्यक्ष विजय मदान, महामंत्री नितिन राज, उपाध्यक्ष अजय नारंग, संदीप बजाज समेत अन्य व्यापारी शामिल रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### अनुप्रिया सिंह को कृष्ण की आकर्षक पेंटिंग बनाने पर मिला आशीर्वाद

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बिलारी।** शाहबाद रोड स्थित योगशाला में आयोजित कार्यक्रम के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की आकर्षक पेंटिंग बनाने पर अनुप्रिया सिंह को आशीर्वाद देकर उत्साहवर्धन किया गया। मुख्य योग शिक्षक निहाल सिंह लाठर, नागरिक मंच के संयोजक सामाजिक कार्यकर्ता संजय सक्सेना, केपी सिंह एवं रचना सिंह ने अनुप्रिया के प्रयास की सराहना की और उसके उज्वल भविष्य की कामना की।



बालिका को पुरस्कार देती महिलाएं

### मजदूरों का श्रम एवं ई-श्रम पंजीकरण जरूरी: प्रेम कुमार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बिलारी ।** फतेहपुर नत्था में गुरुवार को नेशनल एकेडमी फॉर सोशल मूवमेंट एवं नागरिक एकता परिषद की ओर से मजदूर पाठशाला आयोजित की गई। ह्यूमन राइट डिफेंडर प्रेम कुमार ने मजदूरों को श्रम एवं ई-श्रम पंजीकरण कराने तथा सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए दस्तावेज अपडेट रखने की जानकारी दी। उन्होंने भूमिहीन परिवारों से अपने अधिकारों के लिए दावा फार्म उपजिलाधिकारी एवं जिलाधिकारी को देने की अपील की। साथ ही श्रमिकों के लिए कम से कम पांच हजार रुपये प्रतिमाह पेंशन की मांग की। इस दौरान राजेश, विशाल, कल्लू, कुलदीप, मुकतसिंह, राजू, रतिया और राकेश आदि मौजूद रहे।



कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोग

### साईं धाम में हुआ विशेष संकीर्तन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बिलारी।** नगालिया रोड स्थित साईं धाम में बृहस्पतिवार को विशेष संकीर्तन का आयोजन किया गया।भक्तों ने बाबा साईं नाथ का गुणगान कर श्रद्धा और भक्ति के साथ पूजा-अर्चना की। कमल शर्मा ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कराई। इसके बाद ढोलक, मजीरे और चिमटे की धुन पर बाबा के सुंदर भजनों की प्रस्तुति की गई।शिरडी वाले साईं बाबा आया हूं तेरे दर पर सवाली और शिरडी के साईं बाबा के दरबार के सदके, दीदार के सदके आदि भजनों पर श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए। संकीर्तन के दौरान महिलाएं भक्ति में झूमती नजर आईं। इस अवसर पर ममता सिंह, सुनीता, आभा, रमा सिंह, ममता सिंह, शालिनी शर्मा, नीलम शर्मा, दयावती चौधरी, बबीता शर्मा, राजकुमारी शर्मा, पदमा शर्मा, क्रांति देवी आदि मौजूद रहीं। संकीर्तन के आयोजन में कांता प्रसाद शर्मा, श्यामलाल शर्मा आदि ने सहयोग किया।



भजन गाती महिलाएं

### डीएम-एसपी ने मेला गणेश चौथ की तैयारियों का लिया जायजा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी।** गणेश चौथ मेले की तैयारियों का जायजा लेने के लिए जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल और पुलिस अधीक्षक शाम करीब 6:30 बजे मेला परिसर पहुंचे। अधिकारियों ने मेला परिसर का निरीक्षण कर दुकानों, झूलों और लगाए जाने वाले विभिन्न स्टॉलों की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने मेला कमेटी के पदाधिकारियों से मेले की तैयारियों और व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। इसके बाद डीएम और एसपी श्री गणेश मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने पूजा-अर्चना कर भगवान गणेश के दर्शन किए। इस दौरान मेले की व्यवस्थाओं को लेकर संबंधित लोगों से आवश्यक जानकारी ली गई।



गाजियाबाद, शुक्रवार, 11 सितंबर 2026
Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश
https://bulandsandesh.Com





# दिवंगत शिक्षक पंकज कुमार के आश्रितों को 50 लाख की मदद देगी टीएससीटी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बहजोई (सम्भल) (दिनेश सक्सेना )।** टीचर्स सेल्फ केयर टीम (टीएससीटी) की सम्भल इकाई ने ब्लॉक बहजोई के कंपोजिट विद्यालय अर्जुनपुर जूना के दिवंगत शिक्षक पंकज कुमार के परिजनों को 50 लाख रुपये की आर्थिक मदद देने की घोषणा की है। प्रदेश अध्यक्ष विवेकानंद आर्य के निर्देश पर टीम पदाधिकारियों ने दिवंगत शिक्षक के घर पहुंचकर शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं।



जिला प्रवक्ता मनमोहन सिंह एवं जिला संयोजक शाकुल गुप्ता ने बताया कि सम्भल में अब तक 5 पीड़ित परिवारों को 2.5 करोड़ रुपये और पूरे प्रदेश में 636 परिवारों को 287 करोड़ रुपये का सहयोग दिया जा चुका है। ब्लॉक संयोजक वंदना वार्ष्णेय ने बताया कि संस्था सदस्यों की पुत्रियों के विवाह में भी आर्थिक सहयोग देती है। मौके पर मधुर वार्ष्णेय और छन्नू कुमार सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# रामगंगा पुल में युवती ने लगाई छलांग,तलाश में जुटी पुलिस

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शाहबाद।** गुरुवार दोपहर करीब 1:40 बजे शाहबाद स्थित रामगंगा पुल से 19 वर्षीय युवती ने नदी में छलांग लगा दी।

### सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस

सूचना पर पहुंची पुलिस ने नदी में युवती की तलाश शुरू कर दी। हालांकि नदी में कूदने की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी। घटना के बाद मौके पर भीड़ लग गई थी। मिलक थाना क्षेत्र के गांव लखीमपुर भिका निवासी वाहिद अली की 22 वर्षीय बेटी निशा एक दवा कंपनी में काम करती थी। गुरुवार दोपहर वह रामगंगा पुल पर पहुंची। अचानक नदी में छलांग लगा दी। घटना के बाद पुल पर लोगों की भीड़ जुट गई। पुलिस ने नदी में तलाश अभियान शुरू कराया। रामगंगा में जलस्तर बढ़ा होने और तेज बहाव के कारण तलाश में परेशानी हो रही है।

युवती ने यह कदम क्यों उठाया, इसकी वजह अभी स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुलिस मामले की जांच के साथ युवती की तलाश में जुटी है। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ एकत्रित रही।



पुलिस कर्मियों से जानकारी हासिल करते कोतवाल

### आए दिन छलांग लगा रही युवतियां

आए दिन युवतियां मौका पाकर नदी में छलांग लगाकर मौत को गले लगा रही है। परिजन भी कुछ बोलने को तैयार नहीं होते हैं। पिछले दिनों टांडा की रहने वाली एक युवती ने लालपुर डैम में आकर छलांग लगा ली थी।

जानकारी मिलने केबाद परिजनों के होश उड़ गए थे। युवती को काफी तलाश किया गया था। अब मिलक की रहने वाली युवती ने रामगंगा में छलांग लगा ली।

## संक्षिप्त समाचार

### हिम्मतपुर में आबादी की जमीन की रजिस्ट्री पर जांच तेज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**भोट।** पेमपुर के मजरा हिम्मतपुर में आबादी की जमीन को कृषि भूमि दर्शाकर रजिस्ट्री और दाखिल-खारिज कराने के आरोपों ने प्रशासन की चिंता बढ़ा दी है। ग्रामीणों की शिकायत के बाद मामले की जांच तेज कर दी गई है। बृहस्पतिवार को सब रजिस्ट्रार निकुंज गुप्ता के नेतृत्व में राजस्व विभाग की संयुक्त टीम गांव पहुंची।टीम ने आबादी की जमीन का स्थलीय निरीक्षण किया और मौके की स्थिति का जायजा लिया। अधिकारियों ने हल्का लेखपाल से कृषि भूमि के रूप में कराई गई रजिस्ट्रियों का ब्योरा भी जुटाया। जांच में यह देखा जा रहा है कि जिन जमीनों की रजिस्ट्री कृषि भूमि के रूप में हुई, उनका मौके पर वास्तविक इस्तेमाल क्या है। साथ ही राजस्व अभिलेखों, रजिस्ट्री और दाखिल-खारिज के दस्तावेजों का भी मिलान किया जाएगा ।ग्रामीणों का आरोप है कि तीन दशक से अधिक समय से आबादी के रूप में इस्तेमाल हो रही जमीन को कुछ लोगों ने कृषि भूमि दर्शाकर अपने नाम करा लिया। आरोप है कि अब इसी जमीन की दोबारा महंगे दामों पर रजिस्ट्री का दबाव बनाया जा रहा है। ग्रामीणों ने मकान ध्वस्त करने की धमकी दिए जाने की शिकायत भी की है। अब जांच रिपोर्ट से ही आरोपों की हकीकत सामने आएगी।



हिम्मतपुर में आबादी की जमीन की जांच करते सब रजिस्ट्रार व हल्का लेखपाल।

### सड़क तत्काल बनाई जाना तय किया जाए: शैलेन्द्र

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** क्षेत्रीय व्यापारियों की पुरजोर मांग पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की बैठक चंपा कुंवरि धर्मशाला में हुई। जहां पर पान दरीबा से लेकर जामा मस्जिद सराफा बाजार की खराब सड़क को लेकर व्यापारियों ने रोष जताया। कहा कि यह रोड आज से चार-पांच महीने पहले डाली गई है जो एक ही बरसात में उखड़ गई।सड़क का निर्माण बहुत ही घटिया क्वालिटी से हुआ है। व्यापारी ने बताया कि इस सड़क का निर्माण हाट मिक्स प्लांट के मैटेरियल से होना था जो की मैनुअल सड़क डाली गई और इतनी पतली बेस रोड डाली।इन समस्याओं को सुनकर व्यापार मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा ने इस समस्या का तत्काल समाधान कराने का भरोसा दिलाया। इस मौके पर चंद्रप्रकाश रस्तोगी, निशांत रस्तोगी, अंशुल रस्तोगी, मुकुल रस्तोगी, विनीत अग्रवाल, पुष्कर अग्रवाल, मुकेश आर्य, शाहिद शमसी, शोएब मोहम्मद खान, वाजिद अली, इमरान, सलीम, हारीस शम्सी, बिलाल शमसी, शहाब खान, काशिफ खान, मुराद खान, प्रदीप खंडेलवाल, राम गुप्ता, शाकेब अहमद, उजैर अहमद जगन्नाथ चावल मौजूद रहे।



बैठक को संबोधित करते जिलाध्यक्ष

### जेल में बंद आजम खां के खिलाफ लखनऊ में केस दर्ज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** सपा नेता आजम खां फिर से विवादों में घिर गए है। उनके खिलाफ हज समिति की जमीन कब्जाने के मामले में पांच लोगों पर धोखाधड़ी और साजिश रचने के मामले में मुकदमा लखनऊ में दर्ज किया गया है। समाजवादी पार्टी के संस्थापकों में से एक आजम खां के खिलाफ गुरुवार को लखनऊ में मुकदमा दर्ज किया।आजम खां के खिलाफ हज समिति की जमीन बेचने में गड़बड़ी का आरोप था।उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति की जमीन की बिक्री में गड़बड़ी के मामले में विजिलेंस ने समाजवादी पार्टी के नेता और उत्तर प्रदेश हज समिति के पूर्व अध्यक्ष आजम खां समेत पांच लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।विजिलेंस जांच में जमीन की बिक्री से समिति को 2.08 करोड़ रुपए के राजस्व नुकसान की पुष्टि हुई है।आरोप है कि निजी फर्म को फायदा पहुंचाने के लिए जमीन की बिक्री में नियमों की अनदेखी की।पद का दुरुपयोग किया गया। विजिलेंस ने आरोप लगाया है कि आरोपियों ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए निजी फर्म को लाभ पहुंचाने के लिए जमीन की बिक्री में निर्धारित नियमों की अनदेखी की।इस प्रकरण में तत्कालीन हज समिति अध्यक्ष आजम खां के अलावा सचिव रहे लईक अहमद व डॉ. एमएए खान को आरोपी बनाया गया है। इनके साथ आमिश डेवलपर्स के प्रोपराइटर मो. अयूब और मुस्तकीम अहमद को भी आरोपी बनाया है।

### नगर पालिका अध्यक्ष ने मंडलायुक्त संगीता सिंह से की शिष्टाचार भेंट

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** नगर पालिका परिषद रामपुर की अध्यक्ष सना मामून ने आज मुरादाबाद में मंडलायुक्त संगीता सिंह से उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट की। भेंट के दौरान शहर के विकास को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। अध्यक्ष सना मामून ने मंडलायुक्त को नगर पालिका क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी दी।उन्होंने बताया कि उनके कार्यकाल में शहर के सभी वार्डों में नवनिर्माण सड़कों का जाल बिछाया गया है, पथ प्रकाश व्यवस्था को दुरुस्त किया गया है और सफाई व्यवस्था में भी उल्लेखनीय सुधार हुआ है। अध्यक्ष सना मामून ने कहा कि शहर के चहुंमुखी विकास के लिए अभी कई महत्वपूर्ण कार्य प्रस्तावित हैं, जिन्हें जल्द ही धरातल पर उतारा जाएगा।



मंडलायुक्त से मिलती नगर पालिका अध्यक्ष

# भाखड़ा डैम में दिखाई दिया मगरमच्छ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बिलासपुर।** भाखड़ा डैम में गुरुवार को खौंदलपुर को जाने वाले रास्ते के सामने एक मगरमच्छ दिखाई दिया, जिसे देखने वालों की भीड़ लग गई। मौके पर वन विभाग की टीम पहुंची। टीम ने आम जनता को मगरमच्छ के पास न जाने के लिए सावधान किया है।

नगर में हाईवे स्थित भाखड़ा डैम से खौंदलपुर गांव को जाने वाले रास्ते पर नदी में सामने वाले हिस्से में एक विशालकाय मगरमच्छ नजर आया। यह मगरमच्छ नदी किनारे रेत में आराम से लेटा हुआ था। उसे देखने के लिए मौके पर भीड़ लग गई।प्रत्यक्षदर्शी महंत महेंद्र सागर एवं पंकज कश्यप ने बताया कि मगरमच्छ काफी विशालकाय लग रहा था और आराम से नदी के रेत में लेटा हुआ था।आरक्षित डंडिया वन क्षेत्र के रेंजर आलोक शर्मा ने बताया कि जानकारी मिलते ही वन दरोगा शील कुमार और बीट प्रभारी फूल सिंह को मौके पर भेजा गया।लोगों को इस जीव के पास न जाने के लिए सावधान किया है। रेंजर के अनुसार वन्य जीव नदी के अंदर है और अपनी स्वाभाविक प्रवृत्ति के कारण नदी की रेत में लेटा हुआ है। उसे रेस्क्यू करने की कोई आवश्यकता प्रतीत नहीं हो रही है। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि यदि जनहित में कोई समस्या लगती है, तो मगरमच्छ को नदी से निकालकर सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया जाएगा।



भाखड़ा डैम में दिखाई देता मगरमच्छ

# कृष्ण छठी पर मनोकामना मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शाहबाद।** नगर के प्राचीन मनोकामना मंदिर, बिजलीघर के निकट, कृष्ण जन्माष्टमी के बाद आयोजित छठी उत्सव में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। भजन-कीर्तन और छप्पन भोग के आयोजन से मंदिर परिसर पूरे दिन भक्तिमय वातावरण में डूबा रहा।

हर वर्ष की तरह इस बार भी नगर के अलावा आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान कृष्ण के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए मंदिर पहुंचे। पिछले सात वर्षों से विमलेश माली की ओर से आयोजित किए जा रहे इस कार्यक्रम में बच्चों के लिए विशेष रूप से विभिन्न उपहारों की व्यवस्था की गई थी।

कार्यक्रम में राधा-कृष्ण का स्वरूप धारण किए छोटे बच्चे आकर्षण का केंद्र रहे। आयोजकों ने बच्चों को उपहार देकर उनका उत्साह बढ़ाया। मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण को विधि-विधान से छप्पन भोग अर्पित किया गया। इसके बाद कृष्ण भजनों की प्रस्तुति से मंदिर परिसर गूंज उठा और श्रद्धालु भक्ति में सराबोर नजर आए। इस दौरान बबीता, गुड़िया, कलावती, तारा, सुधा समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। कार्यक्रम के समापन पर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।



श्री कृष्ण बना बालक

# संगठन किसानों और ग्रामीणों के साथ खड़ा: हनीफ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**भोट।** किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि हिम्मतपुर के लोगों को परेशान होने की जरूरत नहीं है।संगठन किसानों और ग्रामीणों के साथ खड़ा है।बृहस्पति वार को हिम्मतपुर गांव में आयोजित किसान पंचायत में किसानों को संबोधित करते हुए मोहम्मद हनीफ वारसी ने कहा कि चालीस साल पुरानी आबादी की जमीन को कुछ लोगों ने कृषि भूमि दर्शाकर रजिस्ट्री कराई है।

पुराने राजस्व अभिलेखों में आबादी दर्ज होने के बावजूद कथित रूप से अधिकारियों से मिलीभगत कर खसरा संख्या में बदलाव कराया गया। उन्होंने जिला प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।वारसी ने कहा कि हिम्मतपुर की बस्ती को बसे हुए 40 वर्ष से अधिक समय हो चुका है। ऐसे में गरीब परिवारों को बेघर करने का प्रयास किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने प्रशासन से जल्द कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि यदि मामले का समाधान नहीं हुआ तो भारतीय किसान यूनियन अंबावता बड़ा आंदोलन करेगी।पंचायत के दौरान संगठन की कार्य कारिणी का विस्तार भी किया। जिसमें मोहम्मद सुलेमान को ब्लॉक अध्यक्ष, नईम अहमद को ब्लॉक महासचिव, जाकिर अली को वरिष्ठ ब्लॉक उपाध्यक्ष, मोहम्मद दाउद को उपाध्यक्ष, मोहम्मद खुशहाल को सचिव, फहीम को संगठन मंत्री, नुरासन को प्रचार मंत्री, तालिब हुसैन को मंत्री और जाहिद अली कोषाध्यक्ष बनाया गया। पंचायत में इस दौरान लाल सिंह, शाह अहमद, सलीम शाह, जीवन सिंह, मोहम्मद आरिफ, जमाल अहमद, अब्दुल कयूम, हैदर अली, रोशन सिंह, फूल सिंह, मुकेश ताज मोहम्मद, इकरार अली और इरशाद अली समेत कई ग्रामीण मौजूद रहे।



हिम्मतपुर गांव में किसानों व ग्रामीणों को संबोधित करते मोहम्मद हनीफ वारसी।

# 16 सितंबर को सब जूनियर बालिका कुश्ती के जिला स्तरीय चयन ट्रायल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** प्रदेश स्तरीय समन्वय सब जूनियर बालिका कुश्ती प्रतियोगिता में प्रतिभाग के लिए मंडलीय टीम के चयन के लिए जिला स्तरीय चयन 16 सितम्बर को अपराह्न 3 बजे शहीद-ए-आजम स्पोर्ट्स स्टेडियम, बमनपुरी में आयोजित होंगे। मण्डल स्तरीय चयन 17 सितम्बर को पूर्वाह्न 11 बजे नेताजी सुभाष चन्द्र बोस स्टेडियम, मुरादाबाद में होगा।उप क्रीड़ाधिकारी संतोष कुमार ने बताया कि बालिका खिलाड़ियों की प्रतियोगिता 36, 40, 43, 46, 49, 53, 57, 61, 65, 69 एवं 73 किग्रा भार वर्ग में होगी। प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता सुल्तानपुर में 25 से 27 सितम्बर 2026 तक आयोजित की जाएगी।उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में वर्ष 2009 एवं 2010 में जन्मी 16-17 वर्ष की खिलाड़ी पात्र होंगी। वर्ष 2011 में जन्मी 15 वर्ष की खिलाड़ी चिकित्सक अथवा माता-पिता के अनुमति प्रमाण-पत्र के साथ प्रतिभाग कर सकेंगी। आयु एवं निवास के सत्यापन के लिए जन्म प्रमाण-पत्र/आधार कार्ड/पासपोर्ट प्रस्तुत करना होगा। चयन ट्रायल में प्रतिभाग करने वाली खिलाड़ियों के लिए आधार कार्ड लाना अनिवार्य है।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के निरीक्षण में अनुपस्थित मिले चिकित्सक एवं कर्मचारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** मंडलायुक्त मुरादाबाद के निदेर्शों के क्रम में जिलाधिकारी अजय कुमार दिवेद्वी ने जनपद के विभिन्न सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में उपजिलाधिकारियों के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, चिकित्सकों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति तथा व्यवस्थाओं का जायजा लेने के उद्देश्य से उपजिलाधिकारियों के माध्यम से निरीक्षण कराया। निरीक्षण के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, स्वार में चिकित्सक एवं अन्य कर्मचारी अपने निर्धारित कार्यस्थल पर अनुपस्थित पाए।निरीक्षण में डॉ. नितिन दत्त शर्मा, डॉ. जियाउर्रहमान, डॉ. रागिनी सिंह, एलटी. आनंद कुमार, कनिष्ठ सहायक ज्ञान प्रकाश, वार्ड ब्वाय रवि कुमार तथा आरबीएसके गीता देवी अनुपस्थित पाए गए।इसी क्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, मिलक के निरीक्षण के दौरान डॉ. आफताब एवं डॉ. मैजुल्ला खानम अनुपस्थित पाए।सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, शाहबाद में डॉ. वतन कौर, डॉ. हकीम आरिफ एवं डॉ. सोहन लाल दिवाकर अपने कार्यस्थल पर अनुपस्थित पाए गए। निरीक्षण में चिकित्सकों एवं कर्मचारियों की अनुपस्थिति को जिलाधिकारी श्री अजय कुमार द्विवेदी ने गंभीरता से लेते हुए मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. दीपा सिंह को संबंधित अनुपस्थित चिकित्सकों एवं कार्मिका का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए हैं।जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सभी चिकित्सक एवं कर्मचारी अपने निर्धारित समय पर स्वास्थ्य केन्द्रों में उपस्थित रहकर अपने दायित्वों का जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन सुनिश्चित करें।

### जिलाधिकारी ने दिए एक दिन का वेतन काटने के निर्देश

# बेटे का अपहरण कराने में पिता सहित दो आरोपी गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बिलासपुर।** तीन वर्ष 6 माह के बालक का अपहरण करने के मामले में पुलिस ने पिता सहित दो लोगों को गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश किया। वहां से दोनों आरोपी जेल चले गए। बिलासपुर थाना क्षेत्र के हंस बिहार कालोनी निवासी विकास कुमार ने 6 सितंबर को 3 वर्ष 6 माह के पुत्र का अपहरण कर ले जाने के मामले में थाना बिलासपुर पर मुकदमा पंजीकृत किया था।

### बिलासपुर थाना क्षेत्र का मामला पुलिस कर रही जांच

शीघ्र अनावरण के लिए टीमों का गठन किया गया था।उसी के चलते विवेचना के क्रम में साक्ष्य संकलन सीसीटीवी फुटेज व तकनीकी सहयोग के आधार पर मुकदमे में यह तथ्य प्रकाश में आए कि मुकदमा वादी की 2 पत्नी है।दूसरी पत्नी से वादी के 3 बच्चे है जोकि 19 अगस्त को अपने घर से चली गयी थी।गुमशुदगी 21 अगस्त को पंजीकृत कराई थी।पत्नी के ऊपर दबाव बनाने के उद्देश्य से षड्यंत्र के तहत वादी मुकदमा विकास कुमार द्वारा अपने दोस्त शम्भू पुत्र मोहनलाल निवासी भुकसौरा थाना खजुरिया के साथ मिलकर अपने पुत्र का अपहरण करा कर सितारगंज भेज दिया ताकि पुलिस उसकी पत्नी के परिजनों पर दबाव बनाएं और उसकी पत्नी को लाकर दे।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी

पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना बिलासपुर पुलिस द्वारा मुकदमे में प्रकाश में आए आरोपी विकास पुत्र बाबूराम निवासी हंस बिहार कालोनी थाना बिलासपुर को जीरो प्वाइंट नवीन मंडी बिलासपुर से गिरफ्तार किया।

आरोपी की निशानदेही पर अपहृत पुत्र को सितारगंज से सकुशल बरामद किया।मुकदमे में प्रकाश में आए दूसरे आरोपी शम्भू पुत्र मोहनलाल दिवाकर निवासी भुकसौरा थाना खजुरिया को गिरफ्तार किया। जिसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त हुई मोटर साईकिल बिना नम्बर व हेलमेट बरामद कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की।एसपी ने प्रेसवार्ता करके खुलासा किया। उसके बाद दोनों आरोपी जेल चले गए।

## आयोजन

### संवेदनशील शिक्षक विद्यार्थियों की भावनात्मक आवश्यकताओं को समझकर उन्हें सकारात्मक एवं सहयोगी वातावरण प्रदान कर सकते हैं

# मानसिक रूप से स्वस्थ विद्यार्थियों के निर्माण पर क्षमता संवर्धन कार्यशाला का आयोजन किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बबराला/ सम्भल (लल्ला सलमानी)।** बबराला में आरा फर्टिलाइजर स्थित डी ए वी पब्लिक स्कूल में आज 10 सितम्बर को शिक्षकों को मानसिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक, केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE), सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, नोएडा के तत्वावधान में डीएवी फर्टिलाइजर पब्लिक स्कूल, बबराला में 'Promoting Mental Health and Wellness Among Students' विषय पर जनपद स्तरीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य, भावनात्मक संतुलन एवं मनोवैज्ञानिक कल्याण के प्रति शिक्षकों को जागरूक एवं संवेदनशील बनाना रहा।कार्यशाला में मुख्य प्रशिक्षक श्री विपिन कुमार दीवान, इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, मेरठ तथा मुख्य प्रशिक्षिका श्रीमती बिंदिया कोहली, के.एल. इंटरनेशनल स्कूल, मेरठ का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। इसके बाद प्राचार्य आनन्द स्वरूप सारस्वत एवं प्रशिक्षकों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया। प्राचार्य आनन्द स्वरूप सारस्वत ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल शैक्षणिक उपलब्धियों तक सीमित नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को मानसिक रूप से स्वस्थ, संवेदनशील एवं संतुलित व्यक्तित्व के रूप में विकसित करना भी है। उन्होंने मूल्यपरक शिक्षा एवं आदर्श शिक्षक की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि संवेदनशील शिक्षक विद्यार्थियों की भावनात्मक आवश्यकताओं को समझकर उन्हें सकारात्मक एवं सहयोगी वातावरण प्रदान कर सकते हैं।प्रशिक्षण सत्रों में मानसिक स्वास्थ्य, मनोवैज्ञानिक कल्याण, भावनात्मक आवश्यकताओं, विद्यार्थी व्यवहार तथा शिक्षक की भूमिका जैसे विषयों पर चर्चा की गई। विभिन्न गतिविधियों एवं सहभागितापूर्ण अभ्यासों के माध्यम से शिक्षकों को विद्यार्थियों की मानसिक एवं भावनात्मक चुनौतियों को समझने तथा उनके प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाने के व्यावहारिक उपाय बताए गए।



# सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में रामपुर का फिर शानदार प्रदर्शन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की अगस्त माह की रैंकिंग में जिले ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए 10 में से 9.48 अंक हासिल कर पूरे प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। वहीं 9.43 अंक के साथ बरेली तीसरे स्थान पर रहा। रामपुर पिछले कई माह से सीएम डैशबोर्ड की टॉप-10 रैंकिंग में लगातार बना हुआ है।

जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर जिलों के कामकाज का आकलन कई मानकों के आधार पर किया जाता है। इसमें जनशिकायतों का समयबद्ध निस्तारण, शिकायतों पर की गई कार्रवाई, फीडबैक की गुणवत्ता तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन सहित कई मानक शामिल हैं।अगस्त में सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से जनपद की 68 विकासपरक योजनाओं की मॉनीटरिंग की गई, जिनमें 65 कार्यक्रमों में ए ग्रेड प्राप्त हुआ। वैकल्पिक ऊर्जा, ऊर्जा, कृषि, समाज कल्याण, लोक निर्माण, नियोजन, ग्राम्य विकास, चिकित्सा एवं

**10 में से 9.48 अंक हासिल कर प्रदेश में दूसरा स्थान, 68 योजनाओं में 65 को मिला ए ग्रेड**

स्वास्थ्य, पशुपालन, बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा, मत्स्य, उद्योग, सहकारिता एवं सिंचाई विभागों ने निर्धारित लक्ष्यों को शत-प्रतिशत प्राप्त करते हुए ए श्रेणी हासिल की।जनपद की पंडित दीनदयाल उपाध्याय सोलर स्ट्रीट लाइट योजना, सोलर स्ट्रीट लाइट बीकेएस ग्राम उन्नति योजना, एकीकृत बागवानी मिशन और फैमिली आईडी प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहीं। एनईडीए, स्वास्थ्य, कृषि, ग्राम्य विकास, ग्रामीण अभियंत्रण, पशु चिकित्सा, समाज कल्याण एवं लोक निर्माण विभाग ने अपनी सभी योजनाओं में ए ग्रेड प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

**वर्जन**

सभी विभागों द्वारा योजनाओं को समय से पूरा करने और जनहित से जुड़े कार्यों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।जिला प्रशासन प्रयासरत है कि शासन की योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक समय से पहुंचे।जनपद विकास के प्रत्येक क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करे। सीएम डैशबोर्ड में प्रदेश में दूसरा स्थान मिलना उत्साहवर्धक है। भविष्य में भी इसी तरह बेहतर कार्य करते हुए जनपद को प्रदेश में अग्रणी बनाए रखने का प्रयास जारी रहेगा।

**अजय कुमार द्विवेदी, जिलाधिकारी**

# किसानों ने 28 सूत्रीय मांगों को लेकर भरी हुंकार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** भारतीय किसान संघ के आह्वान पर आंबेडकर पार्क में किसानों ने विभिन्न समस्याओं एवं 28 सूत्रीय मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया। धरना स्थल पर जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से

**एडीएम प्रशासन को सौंपा ज्ञापन, दिया धरना**

हजारों की संख्या में किसान एवं कार्यकर्ता एकत्र हुए और अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद की।

धरनास्थल पर चार घंटे तक भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों ने विभिन्न क्षेत्रों से आए किसानों एवं कार्यकताओं की समस्याएं सुनीं।उनकी समस्याओं और मांगों पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान किसानों ने स्पष्ट किया कि ज्ञापन जिला प्रशासन के सक्षम अधिकारी को ही सौंपा जाएगा।इसके बाद प्रशासन की ओर से नगर मजिस्ट्रेट धरना स्थल पर पहुंचे। किसानों ने उनसे अपनी मांगों एवं समस्याओं के संबंध में चर्चा की। इसके बाद एसडीएम सदर हर्षवर्धन सिंह भी धरना स्थल पर पहुंचे, लेकिन किसानों ने स्पष्ट किया कि वे अपना ज्ञापन सक्षम अधिकारी को ही सौंपेंगे।किसानों के रुख को देखते हुए प्रशासन की ओर से एडीएम नितिन मदान धरना स्थल पर पहुंचे। भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों एवं किसानों ने उन्हें अपनी 28 सूत्रीय समस्याओं एवं मांगों से अवगत कराया और ज्ञापन सौंपा।इस अवसर पर भारतीय किसान संघ के मेरठ प्रांत संगठन मंत्री सुनील ने प्रशासन को चेताते हुए कहा कि योगी सरकार ने क्राइम को रोकने का काम किया है, लेकिन प्रशासनिक क्राइम अभी भी चल रहा है। किसानों को परेशान करने वाली इस व्यवस्था को भी बंद करने की आवश्यकता है।जिलाध्यक्ष वीरेश शर्मा ने किसानों की विभिन्न समस्याओं को जिला प्रशासन के समक्ष प्रमुखता से रखा और कहा कि किसानों की समस्याओं की अनदेखी किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। किसानों के अधिकार और सम्मान के लिए भारतीय किसान संघ लगातार संघर्ष करता रहेगा।धरना प्रदर्शन में जनपद के प्रत्येक खंड के अध्यक्ष, मंत्री एवं कार्यकर्ताओं सहित जिला कार्यकारिणी की संपूर्ण टीम उपस्थित रही। हजारों किसानों ने एकजुट होकर अपनी मांगों के समाधान के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया। प्रदर्शन में हजारों किसान एकत्र हुए।



एडीएम को ज्ञापन सौंपते किसान

## अधिकारियों के आश्वासन पर 24 घंटे बाद किसानों का धरना समाप्त

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शाहबाद।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर बुधवार 9 सितंबर को शाहबाद तहसील परिसर में अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया था।

धरने में किसानों ने क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए अधिकारियों से उनका शीघ्र निस्तारण कराने की मांग की।धरना शुरू होने के बाद प्रशासनिक अधिकारियों ने किसान नेताओं से वार्ता की और उनकी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। अधिकारियों के आश्वासन के बाद संगठन ने 24 घंटे से चल रहे धरने को समाप्त करने का निर्णय लिया।धरने में जिला अध्यक्ष दरबारी लाल शर्मा,प्रदेश सचिव दरयाव सिंह यादव,तहसील अध्यक्ष राहत वली खान, ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. पप्पू यादव, रामदास मौर्य, तालिब मोहम्मद, साबिर अली, मजहर लाला, हाफिज भूरा खान, नाजिम, रियासत अली, जमील अहमद, अखलाक हुसैन, बुंदू फौजी, अफसर खान, चन्ना खान, दानिश रशीद, मास्टर कासिम, अंसार सैफी, राजेश, कलेक्टर सिंह चौधरी, तेजपाल सिंह, भूप सिंह यादव, प्रमोद यादव, राहुल यादव, रामवीर और सुरेश समेत बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।



प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपते किसान

# प्राकृतिक खेती अपनाकर किसान बचा सकते हैं मिट्टी और जल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** नमामि गंगे योजना के तहत कृषि विज्ञान केंद्र धमोरा में प्राकृतिक खेती विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**कृषि विज्ञान केंद्र धमोरा में नमामि गंगे योजना के तहत कार्यशाला**

किया गया। जिला गंगा समिति द्वारा कृषि विभाग के संयोजन में आयोजित कार्यशाला में किसानों को रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों के दुष्प्रभावों तथा प्राकृतिक खेती के लाभों की जानकारी दी।

विशेषज्ञों ने कहा कि प्राकृतिक खेती मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने के साथ ही जल एवं पर्यावरण संरक्षण में भी भूमिका निभाती है। किसानों को प्राकृतिक खाद एवं जैविक कृषि पद्धतियों, उन्नत बीजों तथा कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्य शाला में जिला गंगा समिति के जिला परियोजना अधिकारी लव कुमार, कृषि विज्ञान केंद्र के अध्यक्ष/प्राध्यापक डॉ. मयंक कुमार राय, विषय वस्तु विशेषज्ञ डॉ. अनुज बंसल, देशराज सिंह एवं तेजराम सिंह सहित अन्य अधिकारी और विशेषज्ञ मौजूद रहे।

वन विभाग की मिलक रेंज से वन दरोगा दीपा, वन रक्षक एवं अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे। क्षेत्र के प्रगतिशील किसानों ने कार्यशाला में उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।अंत में किसानों ने प्राकृतिक कृषि पद्धतियां अपनाने तथा जल एवं पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने का संकल्प लिया।




कार्यक्रम के दौरान मौजूद मुख्य अतिथि

## संक्षिप्त समाचार

### सुखलाल मेमोरियल स्कूल में विहिप-बजरंग दल ने मनाया स्थापना दिवस

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मसवासी।** क्षेत्र के ग्राम बिजारखाता स्थित सुखलाल मेमोरियल स्कूल में विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और बजरंग दल का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। बुधवार देर शाम कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा जिला मंत्री पवन शर्मा और स्वार ग्रामीण मंडल अध्यक्ष जयवर्धन ने दीप प्रज्वलित कर तथा भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर किया।मुख्य अतिथि पवन शर्मा ने संगठन के इतिहास और कार्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विहिप और बजरंग दल सेवा, सुरक्षा और संस्कार के मूल मंत्र के साथ समाज और राष्ट्र हित में कार्य करते रहे हैं। उन्होंने युवाओं से समाज सेवा और राष्ट्र हित के कार्यों में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। स्वार ग्रामीण मंडल अध्यक्ष जयवर्धन ने कार्यकताओं का उत्साहवर्धन करते हुए संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की बात कही। इस दौरान स्वार ग्रामीण प्रखंड अध्यक्ष जितेंद्र सैनी, प्रखंड मंत्री हरिश्चंद्र मौर्य, उपाध्यक्ष संजय पाल, प्रखंड संयोजक आकाश मौर्य, सह गौ रक्षा प्रमुख आकाश, धर्म प्रसार प्रमुख जितेंद्र मौर्य, बल उपासना प्रमुख कपिल चौधरी, प्रखंड सहसंयोजक महाराज सिंह, प्रखंड सह मंत्री कपिल कश्यप समेत बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान कार्यकताओं ने संगठन के उद्देश्यों और नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।



कार्यक्रम के दौरान मौजूद पदाधिकारी

### राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार के लिए प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 12 सितम्बर के आयोजन एवं आमजन में इसके व्यापक प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,प्रधान न्यायाधीश,परिवार न्यायालय, रामपुर, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,तथा अन्य सम्मानित न्यायिक अधिकारी की उपस्थिति में लोक अदालत के प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से पक्षकारों को त्वरित, सुलभ एवं कम खर्च में न्याय प्राप्त करने का अवसर उपलब्ध कराया जाता है।राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में आमजन को जागरूक करने तथा अधिकाधिक लोगों तक इसकी जानकारी पहुंचाने के उद्देश्य से प्रचार वाहन द्वारा जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय, जनपद रामपुर सहित समस्त तहसीलों, कलेक्ट्रेट स्थित न्यायालयों तथा विभिन्न विभागों में किया जाएगा।इस दौरान लंबित वादों के साथ-साथ प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का भी आपसी सुलह एवं समझौते के आधार पर निस्तारण कराया जाएगा।इस अवसर पर आमजन से अपील की गई कि वे राष्ट्रीय लोक अदालत का अधिकाधिक लाभ उठाते हुए अपने लंबित एवं प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का आपसी सुलह एवं समझौते के आधार पर निस्तारण कराएं। त्वरित एवं सरल न्याय प्राप्त करने के इस अवसर का लाभ उठाएं।



वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते मुख्य अतिथि

### रक्तदान सबसे पुण्य का कामः मामून शाह

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** रक्तदान शिविर के दौरान मामून शाह खान ने कहा कि रक्तदान करना सबसे पुण्य का काम है। रक्त देते समय किसी व्यक्ति का धर्म या जाति नहीं देखी जाती, बल्कि जरूरतमंद की जिंदगी बचाने को प्राथमिकता दी जाती है। रक्तदान से न केवल किसी जरूरतमंद की जान बचाई जा सकती है,बल्कि समाज में भाईचारे और एकता का संदेश भी जाता है। वहीं समाजसेवी रहमान अली ने कहा कि हर नौजवान को आगे बढ़कर रक्तदान करना चाहिए। रक्तदान एक नेक कार्य है और युवाओं को इसके प्रति लोगों में जागरूकता फैलाने के लिए भी आगे आना चाहिए।खूनदानियों में समीर अंसारी,विजय प्रताप मौजूद रहे।

### डूंगरपुर में 18 सितंबर को होगी सुनवाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** सपा शासन काल में डूंगरपुर में बनी बस्ती पर बुलडोजर चलवाने के मामले में सपा नेता आजम खां सहित कई लोगों पर मुकदमें दर्ज हुए थे। जिसमें पुलिस ने विवेचना के बाद चार्जशीट दाखिल कर दी थी। जिसकी सुनवाई एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में हो रही है। बचाव पक्ष की ओर से दूसरे गवाह गुल्ल खां की गवाही पूरी हो गई है। अब इस मामले में 18 सितंबर को सुनवाई होना है।

### डंडे से वार कर नौ वर्षीय बच्चे की आंख फोड़ी, पति-पत्नी पर मुकदमा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मिलक।** ग्राम रौरा कलां में विवाद के दौरान एक महिला पर नौ वर्षीय बच्चे की आंख पर लकड़ी के डंडे से वार करने का आरोप लगा है। घटना में बच्चे की आंख गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन उसे उपचार के लिए कई अस्पतालों में ले गए, लेकिन डॉक्टरों ने आंख पूरी तरह खराब होने की पुष्टि की। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पति-पत्नी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव निवासी अतीक अहमद के अनुसार, 15 जुलाई की शाम करीब सात बजे पड़ोसी रियासत और उसकी पत्नी आसमा उनके घर के दरवाजे पर आकर गाली-गलौज करने लगे। अतीक अपने नौ वर्षीय बेटे नबाजिस के साथ बाहर आया तो दोनों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि इसी दौरान आसमा ने हाथ में लिए लकड़ी के डंडे से नबाजिस की आंख पर वार कर दिया।डंडा लगते ही बच्चे की आंख से खून बहने लगा और वह दर्द से तड़पने लगा। बच्चे की हालत देखकर अतीक उसे तत्काल क्योरार स्थित जन ज्योति अस्पताल ले गया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। इसके बाद परिजन बच्चे को बरेली, हल्द्वानी और दिल्ली के अस्पतालों में लेकर पहुंचे। वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद बताया कि बच्चे की आंख पूरी तरह खराब हो चुकी है।पीड़ित ने अब कोतवाली मिलक में तहरीर देकर आरोपी पति-पत्नी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# जिले की तीन बैंकों में कई माह से 2316 सोलर पैनल की फाइल लंबित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर। (फहीम हसन)** शहर की तीन मुख्य बैंकों में सोलर पैनल की 2316 फाइल लंबित पड़ी है।उपभोक्ता रोजाना बैंकों के चक्कर काट रहे हैं। उनको बैंकों से कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिल रहा है। एजेंटों से मिलने का कहकर चलता कर दिया जाता है।

उपभोक्ताओं को बिजली से छुटकारा पाने के लिए सरकार की ओर से सोलर पैनल पर ज्यादा जोर दिया जा रहा है ताकि लोग ज्यादा से ज्यादा सोलर पैनल घरों में लगवाए। जिसमें तीन किलोवाट से पांच किलोवाट तक के अलग-अलग रेट तय किए गए है। उसमें उपभोक्ता को सब्सिडी भी दिए जाने के निर्देश दिए गए है। भारत सरकार और यूपी सरकार द्वारा तीन किलोवाट का कनेक्शन लेने पर एक लाख आठ हजार रुपये सब्सिडी खातों में जाती हैं। बाकी रकम 2 हजार रुपये महीने के हिसाब से बैंक में जमा की जाती है। मार्च 2027 तक जिले में 25 हजार सोलर पैनल लगाने का टारगेट 2024 में दिया गया था,लेकिन अभी

**2027 तक मिला विभाग को 25 हजार सोलर पैनल लगाने का टारगेट**

तक मात्र 11 हजार 100 ही सोलर पैनल उपभोक्ताओं के घर पर लगाए जा चुके हैं। 2026 जनवरी से लेकर सितंबर तक 6 हजार सोलर पैनल लग चुके हैं।शहर की मुख्य बैंक बैक आफ बड़ौदा, एसबीआई,पंजाब नेशनल बैंक में पिछले नौ माह तक 2316 फाइलें बैंकों में पेंडिग है। वही दूसरी ओर अल्पसंख्यक अधिकारी जोकि यूपी नेडा के प्रभारी सूर्य प्रकाश का कहना कि लंबित फाइलों को लेकर बैंकों को निर्देशित किया जा चुका है ताकि फाइलों का जल्द निस्तारण किया जा सके।

**एजेंटों के सहारे चल रही योजना**

सोलर पैनल लगाने को लेकर गली मोहल्लों में लोगों ने एजेंसी ले रखी है। उसके बाद भी उपभोक्ताओं को समय से योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। पिछले दिनों जिला अधिकारी इस योजना को लेकर नाराजगी जता चुके हैं उसके बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है।

पहले बैंकों में जाकर कागजी कार्रवाई करो, उसके बाद फाइल को एक किनारे रख दिया जाता है। जब बैंकों में जाकर जानकारी ली जाती है तो एजेंटों का हवाला देकर चलता कर दिया जाता है। उपभोक्ता लगातार परेशान होते रहते हैं।



सोलर पैनल

# फिंगरप्रिंट लेने के बाद राशन न देने और कार्ड निरस्त करने की धमकी का भी आरोप

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मसवासी।** क्षेत्र के कई गांवों में राशन वितरण प्रणाली को लेकर गुरुवार को उपभोक्ताओं ने हंगामा किया। आरोप है कि राशन विक्रेताओं द्वारा निर्धारित पांच किलो प्रति यूनिट के बजाय चार किलो राशन का ही वितरण किया जा रहा है। कुछ स्थानों पर उपभोक्ताओं का फिंगरप्रिंट लेने के बाद राशन बाद में देने का आश्वासन देकर उन्हें वापस भेज दिया गया। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम ने मामले की जांच के निर्देश दिए हैं। गुरुवार को क्षेत्र के गागन नगली, मंसूरपुर मझरा हसन समेत कई गांवों में राशन का वितरण किया गया। उपभोक्ताओं का आरोप है कि कुछ राशन विक्रेताओं ने मनमाने ढंग से राशन का वितरण किया। पांच किलो प्रति यूनिट राशन के स्थान पर चार किलो राशन दिए जाने पर उपभोक्ताओं ने आपत्ति जताई,उन्हें कथित तौर पर राशन कार्ड निरस्त कराने की धमकी दी गई। इससे परेशान कई उपभोक्ता चार किलो प्रति यूनिट राशन लेकर ही घर लौट गए।कुछ स्थानों पर ई-पॉस मशीन में तकनीकी खराबी के कारण उपभोक्ताओं का फिंगरप्रिंट नहीं लग सका। कई जगह फिंगरप्रिंट लेने के बाद भी राशन नहीं दिया गया और बाद में राशन देने की बात कहकर उपभोक्ताओं को वापस भेज दिया गया। इससे उपभोक्ताओं में नाराजगी बनी रही।उपभोक्ताओं का कहना है कि राशन वितरण में अनियमितता की शिकायत कई बार पूर्ति विभाग से की जा चुकी है, लेकिन संबंधित राशन विक्रेताओं के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं होती। कार्रवाई न होने से शिकायत करने का भी कोई औचित्य नजर नहीं आता।उपभोक्ता नबी अहमद, राकेश कुमार, मुकेश कुमार, जलीस अहमद, अली अहमद, सिराज अहमद, फूल सिंह, पवन कुमार और रूप किशोर आदि ने जिलाधिकारी से निर्धारित मात्रा में राशन का वितरण सुनिश्चित कराने और कम राशन देने वाले विक्रेताओं के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उधार स्वार उप जिलाधिकारी राजकुमार भास्कर ने बताया की कम राशन वितरण करने वाले डीलरों की जांच कराई जाएगी और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## सभी विधानसभा सीटों के बूथों तक मजबूती से खड़ा रालोद : शाहिद

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** रालोद जिला कार्यालय शौकत अली रोड पर जिला अध्यक्ष शाहिद हुसैन ने ग्राम प्रधानों एवं सम्मानित लोगों से मुलाकात कर आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा की। उन्होंने कहा कि रामपुर की सभी विधानसभा सीटों के बूथों तक रालोद मजबूती से खड़ा है और संगठन हर मोर्चे पर सक्रिय है। सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता चुनाव के लिए तैयार रहें।

पार्टी नेतृत्व ने रामपुर की सभी विधानसभा सीटों की संगठनात्मक जानकारी मांगी है। वहीं, रालोद की नीतियों एवं चौधरी जयंत सिंह जी के नेतृत्व से प्रभावित होकर दर्जनों लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इनमें सत्यवीर सिंह ग्राम प्रधान पटिया, यशवीर सिंह, मुकेश कुमार, होराम सिंह एवं तेजपाल सहित अन्य लोग शामिल रहे। शाहिद हुसैन ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव एनडीए मजबूती के साथ लड़ेगा। उत्तर प्रदेश की राजनीति में रालोद की भूमिका महत्वपूर्ण है और बिना रालोद के कोई भी सरकार नहीं बनेगी।उन्होंने कहा कि चौधरी चरण सिंह ने हमेशा किसान, मजदूर और गांव की खुशहाली को प्राथमिकता दी। रालोद उनके विचारों और सिद्धांतों को आगे बढ़ा रहा है।इस अवसर रूहैलखंड क्षेत्रया महासचिव सुमन सिंह परिहार, महिला प्रकोष्ठ रुहेलखंड की क्षेत्रीय अध्यक्ष शशि बाला, जिला महासचिव प्रभात भारद्वाज एवं नगर अध्यक्ष नवाब खान सहित पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।




कार्यक्रम के दौरान मौजूद जिलाध्यक्ष एवं अन्य

**छठी महोत्सव** | अरे जा रे हटो नटखट, कमर में लचकी पड़ जाएगी... झूमे भक्त

# धूमधाम से मनाया भगवान श्री कृष्ण छठी महोत्सव

बुलन्द संदेश ब्यूरो


**बिलासपुर।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर भगवान श्री कृष्ण की छठी महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन श्री सनातन धर्म मंदिर मोहल्ला साहूकारा, बाला जी मन्दिर,पंचायती दुर्गा भवानी मन्दिर डाम कालोनी, माता शीतला देवी मन्दिर, श्री लक्ष्मी नारायण मन्दिर में बड़े ही धूमधाम के साथ संपन्न हुआ।

समारोह का शुभारंभ रात को 8:30 बजे भदोही से आए पंडित रामाचार्य चतुर्वेदी महामंत्री योगेश कुमार अग्रवाल रामाधार अग्रवाल डीएवी इंटर कॉलेज के प्रबंधक राजीव अग्रवाल पंडित अयोध्या प्रसाद पाठक के द्वारा पालने में झूलते हुए भगवान श्री कृष्ण के बाल स्वरूप का तिलक पूजन एवं दीप प्रज्जवलित कर हुआ।डीएवी पब्लिक स्कूल एवं डीएवी कन्या इंटर कॉलेज के बालक बालिकाओं ने भजनों पर नृत्य प्रस्तुत किया।

भजनों में गणेश वंदना, सरस्वती वंदना, बांस की बसुरिया,झटक पटक में कान्हा, अरे जा रे हटो नटखट, कमर में लचकी पड़ जाएगी, राधे का श्याम जाने, मेरे घर राम आएंगे, मधुबन में जो कन्हैया, मन मंदिर में सजे बिहारी, बड़ी देर भाई नंदलाला, राधा रज रज गजरा, वो कृष्णा है, मोहन के मुख पर बांसुरी, मनिहारी का भेष बनाया, अच्छी बात नहीं राधा, तू टेढ़ा तेरी टेढ़ी रे नजरिया, आदि भजनों पर सुंदर-सुंदर नृत्य प्रस्तुत किये गये। सांस्कृतिक प्रोग्राम करने वालों में अभय राज, मुनीश, वंश, नक्श, नैना,सरस्वती, मुस्कान, मानवी, काजल, राधिका,अंशिका आदि रहे। प्रबंध समिति द्वारा न सभी बच्चों को सम्मानित किया गया। अंत में आरती व प्रसाद का वितरण हुआ। संचालन- महामंत्री योगेश कुमार अग्रवाल ने किया।

**यह रहे मौजूद**

रामाधार अग्रवाल,योगेश कुमार अग्रवाल, विवेक कुमार अग्रवाल, संजीव अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, श्यामाधार अग्रवाल,संचित अग्रवाल, अनुपम अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, शुभम अग्रवाल, अजय अग्रवाल, संजय अग्रवाल, रोहित गुप्ता, शुभम अग्रवाल, शगुन अग्रवाल, अशोक कुमार, विनय अग्रवाल, विशाल मिश्रा, विपुल अग्रवाल, प्रदीप थापा, पंडित शुभम पाठक,करुणा अग्रवाल, डॉक्टर रूपा अग्रवाल, ऋचा अग्रवाल,स्नेहा अग्रवाल,अनीता अग्रवाल, एकता अग्रवाल, इति अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, सुधा रानी,अनीता अग्रवाल, रुचि अग्रवाल, आशी अग्रवाल,प्राची अग्रवाल,एकता अग्रवाल, किरण अग्रवाल, कंचन अग्रवाल, रेखा अग्रवाल, पूनम रानी,चंचल यादव, कशिश रानी, मीनाक्षी आदि रहे।



भजनों पर नृत्य करती स्कूली छात्र-छात्राएं

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com

दैनिक बुलन्द संदेश

## सम्पादकीय

# छत्तीसगढ़ में नीतिगत बदलावों से विकास को मिली नई रफ्तार



अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा किए गए बड़े नीतिगत सुधारों और जनकल्याणकारी फैसलों ने राज्य के समग्र विकास को एक नई दिशा दी है। प्रशासनिक पारदर्शिता, सुशासन और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में उठाए गए कदमों से हर वर्ग के जीवन में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है।


मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार के ढाई वर्ष से ज्यादा केवल योजनाओं और घोषणाओं को जमीनी स्तर पर उतारने के ही नहीं, बल्कि कई क्षेत्रों में व्यवस्था बदलने वाले फैसलों के रहे हैं। सरकार ने एक ओर गरीब, किसान और महिलाओं से जुड़ी योजनाओं को तेजी से जमीन पर उतारा, वहीं दूसरी ओर उद्योग, शिक्षा, खनिज, डिजिटल गवर्नेंस और बस्तर के विकास में लंबे समय तक असर डालने वाले नीतिगत सुधार शुरू किए।

सरकार बनने के तुरंत बाद सबसे बड़ा फैसला प्रधानमंत्री आवास को लेकर हुआ। पहली कैबिनेट में ही 18 लाख से अधिक जरूरतमंद परिवारों के आवास की स्वीकृति देने का निर्णय लिया गया। प्रधानमंत्री आवास (ग्रामीण) में अब तक 24.40 लाख आवास स्वीकृत हो चुके हैं। प्रदेश में औसतन करीब 1,600 आवास प्रतिदिन पूरे किए जा रहे हैं। ढाई वर्षों में पुराने और नए स्वीकृत आवास मिलाकर 11 लाख से अधिक घर लाभार्थियों को सौंपे जा चुके हैं।

इसी तरह सरकार ने धान खरीदी को ग्रामीण अर्थव्यवस्था की बड़ी ताकत बनाया। किसानों को 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से धान बेचने की सुविधा दी गई। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में 25.24 लाख किसानों से 141.04 लाख मीट्रिक टन धान खरीदा गया। समर्थन मूल्य और कृषक उन्नति योजना को मिलाकर किसानों को लगभग 43,723 करोड़ रुपए की राशि दी गई। खरीदी व्यवस्था में ऑनलाइन टोकन, बायोमेट्रिक सत्यापन और रियल टाइम मॉनिटरिंग जैसे सुधार किसानों के लिए काफी सुविधाजनक रहे।

महिला सशक्तिकरण साय सरकार की प्रमुख पहचान के रूप में उभरा है। महतारी वंदन योजना की 31 किस्तों में लगभग 68 लाख पात्र महिलाओं को 20 हजार करोड़ रुपए से अधिक की राशि सीधे खातों में दी जा चुकी है। प्रदेश में 13.85 लाख महिलाएं लखपति दीदी बन चुकी हैं। बिहान मिशन में प्रदेश के 31 लाख से अधिक गरीब परिवारों की महिलाएं स्व-सहायता समूहों से जुड़ी हैं। महिलाओं की आर्थिक भागीदारी बढ़ाने के लिए संपत्ति की रजिस्ट्री में पंजीयन शुल्क में 50 प्रतिशत और स्टाम्प शुल्क में एक प्रतिशत की रियायत दी गई है। बस्तर में बदलाव सरकार की सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धियों में शामिल है। नक्सलवाद दशकों से बस्तर के विकास में सबसे बड़ा रोड़ा था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की दृढ़ इच्छाशक्ति से नक्सलवाद के विरूद्ध निर्णायक जीत हासिल हुई है। बस्तर में सुरक्षा कार्रवाई के साथ विकास और योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाने की नीति अपनाई गई, जिससे बस्तर के लोगों का भरोसा सरकार पर मजबूत हुआ। 'नियद नेल्ला नार 2.0' और 'बस्तर मुन्ने अभियान' के जरिए विकास योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जा रहा है। ओरछा और जगरगुंडा जैसे सुदूर क्षेत्रों में एजुकेशन सिटी विकसित की जा रही है। बस्तर में लगभग 10 लाख परिवारों की आय बढ़ाने के लिए 4,824 करोड़ रुपए की 'आजीविका उन्नयन योजना' तैयार की गई है।

# "देख तेरे संसार की हालत क्या हो गई भगवान,कितना बदल गया इंसान..."



अशोक भाटिया

दशकों पहले कवि प्रदीप की कलम से निकले ये शब्द आज सिर्फ एक पुरानी हिंदी फिल्म की पंक्तियाँ बनकर नहीं रह गए हैं, बल्कि हमारे समकालीन समाज का सबसे कड़वा, नग्न और खौफनाक सच बन चुके हैं। जब हम रोज सुबह चाय की चुस्कियों के साथ समाचार पत्रों के पन्नों को पलटते हैं या टेलीविजन स्क्रीन पर चौबीसों घंटे फ्लैश होती सनसनीखेज ब्रेकिंग न्यूज को देखते हैं, तो रूह भीतर तक कांप उठती है और अंतरात्मा झकझोर दी जाती है। हाल ही में देश के कानपुर से सामने आई एक दिल दहला देने वाली घटना ने हमारे सामूहिक पारिवारिक ताने-बाने और आपसी विश्वास के ताबूत पर जैसे आखिरी कील ठोकने का काम किया है। इस वीभत्स घटना में एक बहू ने महज चंद रुपयों, जमीन के एक टुकड़े और बैंक खातों में जमा संपत्ति के लालच में आकर अपने ही ससुर की भाड़े के पेशेवर हत्यारों से बेरहमी से हत्या करवा दी। यह एक ऐसी घटना है जो किसी भी संवेदनशील इंसान को यह सोचने पर मजबूर कर देती है कि क्या हम वास्तव में एक सभ्य समाज में रह रहे हैं या फिर हम वापस आदिम युग के उस खूंखार जंगल राज की तरफ बढ़ रहे हैं जहाँ केवल ताकत और स्वार्थ ही एकमात्र कानून होते थे।

यह घटना कोई अकेली, अप्रत्याशित या अपवाद स्वरूप घटी वारदात नहीं है, बल्कि यह उस गहरे, निरंतर बढ़ते सामाजिक और नैतिक पतन का एक जीता-जागता और डरावना प्रतीक है जिसने हमारे पारंपरिक पारिवारिक ढांचे को भीतर से पूरी तरह खोखला और जर्जर कर दिया है। भारत जैसे देश में, जहाँ सदियों से सास-ससुर को माता-पिता के समकक्ष का पूजनीय दर्जा दिया जाता रहा है, जहाँ बुढ़ापे की लाठी बनना और बुजुर्गों की सेवा करना संतान का परम धार्मिक और नैतिक कर्तव्य माना जाता रहा है, वहाँ आज खून के और कानून के पवित्र रिश्ते पानी से भी ज्यादा पतले और बेअसर हो चुके हैं। आज का आधुनिक इंसान पैसे की अंधी दौड़ में, चकाचौंध की अंधी हसरत में इस कदर अंधा और बहरा हो चुका है कि उसे रिश्तों की पवित्रता, मयार्दा, सामाजिक लोक-लाज और बुनियादी मानवीय संवेदनाओं का रत्ती भर भी अहसास नहीं रह गया है।

आज के इस भौतिकवादी युग को यदि हम 'पूंजीवादी सनक और बाजारवाद' का चरम दौर कहें, तो इसमें कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी क्योंकि आज के आधुनिक समाज में किसी भी व्यक्ति का वास्तविक मूल्यांकन उसके चरित्र, उसकी ईमानदारी, उसके मानवीय व्यवहार या उसके ऊंचे संस्कारों से नहीं होता, बल्कि पूरी तरह से इस बात पर निर्भर करता है कि उसका बैंक बैलेंस कितना भारी है, उसके पास कितनी अचल संपत्तियां हैं और उसका सामाजिक रसूख कितना बड़ा है। जब एक पूरे समाज की सोच इतनी सतही, बाजारू और संवेदनहीन हो जाती है, तो परिवारों के भीतर भी पवित्र और निस्वार्थ रिश्तों की जगह विशुद्ध 'अर्थशास्त्र' और व्यापार प्रवेश कर जाता है। ससुर की हत्या की इस हालिया घटना के पीछे भी वही सड़ा हुआ और हिंसक अर्थशास्त्र काम कर रहा था जिसे हम 'त्वरित धन' यानी रातों-रात बिना मेहनत के अमीर बनने की जानलेवा चाहत कह सकते हैं। आधुनिक जीवनशैली की चमचमाती चकाचौंध, सोशल मीडिया द्वारा परोसा जाने वाला विलासिता का भ्रम और बिना किसी कड़े परिश्रम के सब कुछ तुरंत हासिल कर लेने की जिद ने आज की युवा पीढ़ी के एक बड़े और संवेदनशील हिस्से को गंभीर रूप से मानसिक रोगी या अपराधी बना दिया है। जब एक बहू अपने घर के सबसे बुजुर्ग सदस्य को एक मार्गदर्शक, एक रक्षक या पिता के रूप में न देखकर, केवल एक 'अचल संपत्ति के दस्तावेज' या 'बैंक लॉकर की चाबी' के रूप में देखने लगती है, तो जघन्य अपराध की अंतिम पटकथा उसी पल लिख दी जाती है। यह वास्तव में केवल एक वृद्ध व्यक्ति की शारीरिक हत्या नहीं है, बल्कि यह उस भरोसे, उस सुरक्षा और उस ममता की सामूहिक हत्या है जिसके दम पर एक संयुक्त भारतीय परिवार की मजबूत नींव सदियों से टिकी हुई थी; यह उस गहरे विश्वास का कत्ल है जो एक बुजुर्ग अपने ही खून से सींचे गए घर में सुरक्षित महसूस करने के लिए करता है।

यदि हम संकुचित सोच से बाहर निकलकर अपने आस-पास के व्यापक समाज पर नजर दौड़ाएं, तो ऐसे दिल दहला देने वाले उदाहरणों की एक लंबी, अंतहीन और खौफनाक फेहरिस्त हमारे सामने आकर खड़ी हो जाती है जो यह अकाट्य रूप से साबित करती है कि इंसान वक्त के साथ कितना आत्मघाती रूप से बदल चुका है। देश के किसी न किसी कोने से हर दिन यह विचलित करने वाली खबर आती है कि महज चार इंच जमीन के टुकड़े के लिए, पैतृक मकान के एक छोटे से हिस्से के लिए या फिर मामूली से विवाद के कारण एक सगे भाई ने अपने ही भाई की कुल्हाड़ी से काटकर या गोली मारकर जान ले ली। जिस भारतीय समाज ने रामायण में लक्ष्मण जैसा निस्वार्थ भाई देखा हो, जिसने भरत जैसा अनुपम और अभूतपूर्व त्याग देखा हो, उसी समाज में आज भाई का सबसे बड़ा, सबसे घातक और क्रूर दुश्मन उसका अपना ही सगा भाई बना बैठा है। इतना ही नहीं, आज महानगरों से लेकर छोटे कस्बों तक में फल-फूल रहे आलीशान और महंगे वृद्धाश्रमों में रहने वाले अधिकांश लाचार बुजुर्ग किसी अनाथालय से आए हुए अभागे बच्चे नहीं हैं; बल्कि वे उन बेहद अमीर, तथाकथित शिक्षित, सुसंस्कृत और 'सफल' बच्चों के बदनसीब माता-पिता हैं जो उन्हें अपने करोड़ों के फ्लैट में रखने के लिए तैयार नहीं थे क्योंकि वे उनके आधुनिक और स्वतंत्र जीवन में एक बोझ की तरह नजर आते थे। कई मामलों में तो यह भी देखा गया है कि बच्चे चालाकी से माता-पिता की गाढ़ी कमाई, उनकी पेंशन और उनके बैंक खातों को धोखे से अपने नाम करवा लेते हैं और उसके तुरंत बाद उन्हें सड़कों पर, बस अड्डों पर या किसी अनजान धार्मिक स्थल के बाहर हमेशा के लिए भीख मांगने और तिल-तिल कर मरने के लिए बेसहारा छोड़ देते हैं। पिछले कुछ वर्षों में पुलिस और अदालतों में ऐसे भी कई दिल दहला देने वाले मामले दर्ज किए गए हैं जहाँ पति या पत्नी ने केवल भारी-भरकम बीमा राशि (इंश्योरेंस क्लेम) हड़पने के लिए या किसी विवाहेतर संबंध के रास्ते से कांटे को हटाने के लिए अपने ही जीवनसाथी की खौफनाक तरीके से हत्या की साजिश रची और उसे एक सामान्य सड़क दुर्घटना या बीमारी का रूप देने की शातिर कोशिश की।

सात जन्मों तक सुख-दुख में साथ निभाने का वह पवित्र अग्नि के सामने लिया गया वादा, चंद लाख रुपयों के नोटों की गड्डियों के आगे घुटने टेक देता है और पूरी तरह दम तोड़ देता है। ये तमाम जीवित और भयावह उदाहरण चीख-चीख कर समूची मानवता से कह रहे हैं कि आज का इंसान भावनाओं, संवेदनाओं और नैतिक मूल्यों से पूरी तरह शून्य हो चुका है, उसके भीतर का संवेदनशील 'इंसान' मर चुका है और केवल एक ऐसा लालची 'उपभोक्ता' जिंदा बचा है जो हर एक रिश्ते को मुनाफे और नुकसान के तराजू पर तौलता है।

## हिंदी मेरी पहचान

हिंदी मेरी अभिव्यक्ति, हिंदी मेरी पहचान,
इसमें है विराजित, मधुर "आनंद" गान,
हिंदी भाषाओं में प्यारी, हिंदी में बसे हैं प्राण,
शब्दों की अनूठी शक्ति, हिंदी मेरा अभिमान ।

हिंदी भावों की सरिता, संजीवनी सा स्पंदन,
माटी की सौंधी खुशबू , हिंदी से है हिंदुस्तान,
हिंदी भाषा है अनोखी, पुरातत्व एक ज्ञान,
संस्कृत की है बिटिया, आधार प्रकाशमान ।

जीवन की खुशियों का, हिंदी सुंदर दर्पण,
सरल सरस भाषा, हृदय की है मुस्कान,
हिंदी में ममता बसी, भरा है अपनापन,
सुंदर संस्कार जड़ें, है नेह पल्लवन ।

अपनी भाषा का करें, सहर्ष हम वंदन,
मीठी बोली को करें, तन-मन ये अर्पण,
निज भाषा से उन्नति, निज भाषा से मान,
आत्मा की आवाज बनी, हिंदी अपनी है शान ।

हिंदी को सदा ही मिले, अपनों से यश मान,
बोलचाल खुलकर, राष्ट्र का होए उत्थान,
हिंदी पर गर्व करें, राजभाषाओं की प्राण,
हिंदी को दिलाएं आप, राष्ट्र भाषा सम्मान ।

हिंदी को मिलें विश्व में, सदा ही सर्वोच्च स्थान,
सुपथ अग्रसर हो, जीवन का अभियान,
हिंदी सबकी सहेली, छलकाती बड़प्पन,
अनुपम रस धारा, गणतंत्र स्वाभिमान ।



मोनिका डागा आनंद

अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।
bulandsandesh@ gmail.Com


**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।



# संस्कृत को मिले प्रोत्साहन, संस्कृति की जड़ों से जुड़े नई पीढ़ी के विद्यार्थी



कांतिलाल मांडोत

संस्कृत केवल एक भाषा नहीं, बल्कि भारतीय ज्ञान, चिंतन और सांस्कृतिक परंपरा की महत्वपूर्ण धरोहर है। वेद, उपनिषद, पुराण, दर्शन, व्याकरण, आयुर्वेद, ज्योतिष और साहित्य जैसी ज्ञान परंपराओं का विशाल भंडार संस्कृत में उपलब्ध है। इसलिए संस्कृत का संरक्षण और उसका अध्ययन केवल किसी एक भाषा को बचाए रखने का विषय नहीं है, बल्कि भारतीय सभ्यता की बौद्धिक विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का प्रयास भी है। इसी दृष्टि से गुजरात में माध्यमिक स्तर पर संस्कृत को प्रोत्साहित करने के लिए शुरू की गई संस्कृत प्रोत्साहन योजना स्वागतयोग्य पहल है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में भारतीय भाषाओं और पारंपरिक ज्ञान को शिक्षा व्यवस्था में उचित स्थान देने पर विशेष जोर दिया गया है। इसी भावना के अनुरूप गुजरात राज्य संस्कृत बोर्ड ने माध्यमिक स्तर पर संस्कृत के अध्ययन को बढ़ावा देने की दिशा में कदम उठाया है। कक्षा 9 और 10 में संस्कृत को विषय के रूप में शत-प्रतिशत अपनाने वाले विद्यालयों को विद्यार्थियों की संख्या के आधार पर 25 हजार से लेकर एक लाख रुपए तक की आर्थिक सहायता देने का निर्णय इसी उद्देश्य की पूर्ति करता है। सूरत सहित गुजरात के विद्यालयों में संस्कृत के प्रति विद्यार्थियों की रुचि बढ़ाने की यह पहल शिक्षा और संस्कृति के बीच एक महत्वपूर्ण सेतु का काम कर सकती है। योजना के तहत 100 से 199 विद्यार्थियों वाले विद्यालयों को 25 हजार रुपए, 200 से 299 विद्यार्थियों वाले विद्यालयों को 50 हजार रुपए, 300 से 399 विद्यार्थियों वाले विद्यालयों को 75 हजार रुपए तथा 400 या उससे अधिक विद्यार्थियों वाले विद्यालयों को एक लाख रुपए तक का अनुदान दिया जाएगा। यह राशि संस्कृत से संबंधित प्रतियोगिताओं के आयोजन, प्रमाण पत्र और पुरस्कार वितरण तथा संस्कृत साहित्य एवं पुस्तकों की खरीद पर खर्च की जा सकेगी।

# पूनम पांडे ने सिल्वर शिमरी गाउन में ढाया कहर, बोल्ड लुक ने इंटरनेट पर मचाई सनसनी



बॉलीवुड और मॉडलिंग की दुनिया में अपने बेबाक अंदाज और बोल्ड फैशन सेंस के लिए जानी जाने वाली पूनम पांडे अक्सर अपनी बोल्ड तस्वीरों से इंटरनेट पर तहलका मचा देती हैं। हाल ही में पूनम पांडे ने अपने नए फोटोशूट की बेहद हॉट और ग्लैमरस तस्वीरें शेयर की हैं।

तस्वीरों में पूनम पांडे बेहद खूबसूरत और सिजलिंग सिल्वर शिमरी स्ट्रैपलेस गाउन पहने नजर आ रही हैं। यह ड्रेस पूरी तरह से सेक्विन और मैटेलिक शिमर वर्क से सजी हुई है, जो लाइट की रोशनी में जबरदस्त स्पार्कल इफेक्ट दे रही है। ड्रेस का अपर हाफ ट्यूब/स्ट्रैपलेस पैटर्न में है, जिसमें प्लंजिंग नेकलाइन और बस्ट एरिया पर बारीक क्रिस्टल एम्ब्रॉइडेरी का काम किया गया है। गाउन में दिया गया हाई-थाई स्लिट पूनम के टोंड लेग्स को खूबसूरती से फ्लॉन्ट कर रहा है और उनके ओवरऑल लुक में एक बोल्ड तड़का लगा रहा है।

इस स्टनिंग सिल्वर आउटफिट के साथ पूनम ने एक्सेसरीज को मिनिमल रखा है। उन्होंने गले में एक बारीक सिंगल-लाइन डायमंड चोकर नेकलेस और कानों में मैचिंग डायमंड ड्रॉप इयररिंग्स पहने हैं। इसके अलावा उंगलियों में पहनी गई डायमंड रिंग्स उनके लुक को एक रॉयल और एलिगेंट टच देती हैं।

# मलबे में सिर्फ इमारत नहीं, भरोसा भी दबा

**किसी शहर की पहचान उसकी ऊंची इमारतों, चौड़ी सड़कों और चमकती रोशनी से नहीं होती। असली कसौटी यह है कि वहां रहने वाला एक छात्र, एक मजदूर, एक नौकरीपेशा युवक या किराये पर रहने वाला परिवार रात को सोते समय खुद को सुरक्षित महसूस करता है या नहीं**



दिल्ली के सत्य निकेतन में पीजी की इमारत गिरने से सात लोगों की मौत ने एक ऐसा सवाल खड़ा किया है, जिसका जवाब केवल इस हादसे की जांच पूरी होने से नहीं मिलेगा। सवाल यह है कि देश के बड़े शहरों में पढ़ने और नौकरी करने के लिए आने वाले युवा आखिर किस भरोसे पर अपना घर छोड़कर किराये के कमरों और पीजी में रहते हैं? किसी छात्र के लिए पीजी सिर्फ चार दीवारें और एक बिस्तर नहीं होता बल्कि वह उसके माता-पिता के भरोसे का दूसरा घर होता है। मां-बाप अपने बच्चे को यह सोचकर दूसरे शहर भेजते हैं कि वह सुरक्षित जगह पर रहकर पढ़ाई करेगा और अपना भविष्य बनाएगा। लेकिन जब रहने की जगह ही खतरा बन जाए तो उस भरोसे की कीमत कौन चुकाएगा?

आज ज्यादातर पीजी का चुनाव अक्सर सुरक्षा देखकर नहीं, बल्कि किराया, कॉलेज या दफ्तर से दूरी और खाने जैसी सुविधाएं देखकर होता है। छात्र भी क्या करे? महंगे शहर में सीमित बजट में कमरा तलाशना उसकी मजबूरी है। कई बार पीजी के एक छोटे कमरे में कई बिस्तर लगा दिए जाते हैं और किराया प्रति व्यक्ति तय हो जाता है। कमरे की क्षमता कितनी है और आपात स्थिति में वहां से कितने लोग सुरक्षित निकल पाएंगे, यह सवाल पीछे छूट जाता है। यही वह जगह है जहां मालिक और पीजी संचालक की जिम्मेदारी सबसे बड़ी हो जाती है। किराये पर जगह देना केवल कमाई का माध्यम नहीं हो सकता। वहां रहने वाले हर व्यक्ति की सुरक्षा भी उससे जुड़ी है। इमारत पुरानी है तो उसकी स्थिति जानना जरूरी है। मरम्मत हो रही है तो यह देखना जरूरी है कि उससे भवन की संरचना पर कोई विपरीत असर तो नहीं पड़ेगा। आग, बिजली या किसी अन्य आपातकालीन स्थिति में बाहर निकलने का रास्ता साफ और सुरक्षित है या नहीं, यह भी उतना ही जरूरी है।

इस हादसे ने एक और सामान्य आदत पर ध्यान दिलाया है कि हम खतरे को तब तक गंभीरता से नहीं लेते, जब तक वह हमारे सामने हादसा बनकर खड़ा न हो जाए। दीवार में दरार दिखे तो उसे अक्सर छोटी समस्या समझ लिया जाता है। पानी का रिसाव हो तो उसे सामान्य मान लिया जाता है। सीढ़ियों या रास्ते में सामान रखा हो तो उसे हटाने की जरूरत महसूस नहीं होती, लेकिन दुर्घटना के समय यही छोटी-छोटी बातें बड़ी परेशानी बन सकती हैं। इसलिए जरूरत केवल हादसे के बाद दोष तय करने की नहीं, बल्कि हादसे से पहले खतरे को पहचानने की आदत विकसित करने की है। पीजी और हॉस्टल में रहने वालों को भी यह अधिकार होना चाहिए कि वे अपने रहने की जगह की बुनियादी सुरक्षा के बारे में सवाल पूछ सकें। भवन मालिक और संचालक को भी इसे शिकायत नहीं, जिम्मेदारी समझना चाहिए। व्यवस्था के स्तर पर भी एक सरल और व्यावहारिक रास्ता हो सकता है। जिन इलाकों में बड़ी संख्या में पीजी और हॉस्टल चलते हैं, वहां समय-समय पर भवन सुरक्षा की जांच हो। जांच केवल कागजों तक सीमित न रहे, बल्कि इमारत की वास्तविक स्थिति देखी जाए। जहां गंभीर खतरा मिले, वहां रहने वाले लोगों को समय रहते सुरक्षित विकल्प उपलब्ध कराने की व्यवस्था हो। हालिया हादसे के बाद दिल्ली में पीजी भवनों के संरचनात्मक ऑडिट और नई सुरक्षा नीति पर चर्चा शुरू होना इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण संकेत है। लेकिन जिम्मेदारी केवल व्यवस्था की नहीं है। अभिभावकों को भी बच्चों को यह समझाना होगा कि कमरा लेते समय सिर्फ किराया न देखें। छात्र भी यदि भवन में बड़ी दरार, झुकी हुई दीवार, लगातार रिसाव, खराब बिजली व्यवस्था या बंद आपात निकास देखें तो उसे सामान्य मानकर नजरअंदाज न करें। सस्ती जगह अगर जान के जोखिम पर मिल रही है तो वह सस्ती नहीं है। सत्य निकेतन की घटना की जांच अपना काम करेगी और दोष जिसके हिस्से में होगा, उसके खिलाफ कानून के अनुसार कार्रवाई होनी चाहिए। मगर सात मौतों का वास्तविक अर्थ तभी निकलेगा जब यह हादसा दूसरी जगह होने वाली किसी संभावित दुर्घटना को रोक सके।

किसी शहर की पहचान उसकी ऊंची इमारतों, चौड़ी सड़कों और चमकती रोशनी से नहीं होती। असली कसौटी यह है कि वहां रहने वाला एक छात्र, एक मजदूर, एक नौकरीपेशा युवक या किराये पर रहने वाला परिवार रात को सोते समय खुद को सुरक्षित महसूस करता है या नहीं। सत्य निकेतन के मलबे से निकलने वाला सबसे बड़ा संदेश यही है कि इमारत गिरने से पहले खतरे को पहचानना ही असली बचाव है। क्योंकि हादसे के बाद मलबा हटाया जा सकता है, लेकिन किसी परिवार से गई जिंदगी वापस नहीं लाई जा सकती।

## शुक्रवार का राशिफल

**मेष** — बाहर उच्च शिक्षा लेनी सोच रहे है तो धन की समस्या होगी, महँगी खरीदारी कर सकते है,होने वाले ससुराल पक्ष के घर जाना होगा। भाग्य प्रतिशत-57

**वृषभ** — मित्रो के साथ पार्टी कर सकते है, जिम जाकर फिटनेस पर ध्यान देंगे, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से किसी से जरूरी बातचीत करेंगे। भाग्य प्रतिशत-80

**मिथुन** — मीटिंग या अन्य जगह भाषण देने का अवसर मिल सकता है, तैयारी रखें, नए लोगों से मिलेंगे, मित्र बना लेंगे, व्यापारीक बुद्धि रहेगी। भाग्य प्रतिशत-77

**कर्क** — किसी साथी की उन्नति होगी, नौकरी बदलाव की इच्छा रहेगी, हाइपरटेंशन हृदय रोग है तो ध्यान रखें, साफ पानी पीए समस्या हो सकती है। भाग्य प्रतिशत-50

**सिंह** — परिवार को सुख दे पाएंगे, अन्य सोर्स से आय होगी, गैर जाति में विवाह समबन्ध जुड़ सकता है, किसी अच्छे होटल में खाना खाएंगे। भाग्य प्रतिशत-79

**कन्या** — व्यापारी वर्ग उन्नति करेगा, विदेश की धरती पर जाना हो सकता है, पार्टी, मौजमस्ती करने का अवसर मिलेगा। भाग्य प्रतिशत-78

**तुला** — वैवाहिक जीवन में मांग को लेकर तनाव सम्भव है, वाहन लेने की योजना बनेगी, ननिहाल में किसी के खराब स्वास्थ्य का पता चलेगा। भाग्य प्रतिशत-58

**वृश्चिक** — महँगी शिक्षा लेने में दिक्कत होगी, कोर्ट केस की कार्यवाही के लिए मन मना सकते है,अड़चनों के कारण पूजा पाठ से मन हट सकता है। भाग्य प्रतिशत-49

**धनु** — सेल फोन, कंप्युटर कोचिंग, शादी कार्ड प्रिंटिंग जैसे व्यवसाय में उन्नति होगी, किसी को दो टुक बोलने से आपका नुकसान हो सकता है। भाग्य प्रतिशत-63

**मकर** — योजनाए बनाकर उन पर कार्य करने की जरूरत है, साहस कम हो सकता है, स्त्री सम्बन्धित व्यवसाय में थोड़ी परेशानी होगी। भाग्य प्रतिशत-48

**कुंभ** — निवेश से लाभ होगा, पत्नी के नाम से व्यवसाय लाभ देगा, सरकारी कार्य में पद बढ़ सकता है। भाग्य प्रतिशत-68

**मीन** — सुख वृद्धि होगी, कार्य करने के लिए घर के लोगों का सहयोग मिलेगा, खर्चा थोड़ा सम्भालकर करें तो बेहतर होगा। भाग्य प्रतिशत-73



अशनिका शर्मा ज्योतिष।
हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

# चार माह से बदहाल मालगोदाम रोड, बारिश में तालाब बन रही सड़क

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** मालगोदाम रोड की सड़क पिछले



टूटी सड़क से गुजरता बाइक सवार

करीब चार माह से टूटी पड़ी है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे होने के कारण स्कूली बच्चों के साथ ही राहगीरों और वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के मौसम में स्थिति और खराब हो जाती है। बारिश का पानी सड़क पर भरने से यहां तालाब जैसी स्थिति बन जाती है और कीचड़ के कारण लोगों का निकलना मुश्किल हो जाता है। स्थानीय लोगों के अनुसार सड़क की बदहाली को लेकर कई बार जिम्मेदार लोगों को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन इसके बाद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ है। लोगों ने संबंधित विभाग से सड़क की मरम्मत कराकर आवागमन सुचारू कराने की मांग की है।

# मेले की तैयारियों समेत कई विकास कार्यों को मिली मंजूरी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी।** नगरपालिका क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देने के लिए गुरुवार को नगर पालिका के स्वास्थ्य विभाग में बोर्ड बैठक आयोजित की गई। बैठक

**बोर्ड बैठक में रथयात्रा मार्ग की पेचिंग, प्रकाश व्यवस्था और गांधी हाल पूरा कराने पर बनी सहमति**

की अध्यक्षता पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय ने की। ईओ सत्येंद्र प्रकाश सहित जलकल जेई, सफाई निरीक्षक सुनील कुमार, प्रियंका सिंह, प्रभाकर समेत सभासद मौजूद रहे। बैठक में 12 सितंबर से शुरू होने वाले गणेश मेले




बैठक में मौजूद अधिकारी

को लेकर रथयात्रा मार्ग की पेचिंग, प्रकाश व्यवस्था के लिए लाइट लगाने तथा रथयात्रा मार्ग में आवश्यक स्थानों पर लोहे के पटले डालने के प्रस्ताव पर चर्चा हुई।

लोहे के पटलों पर करीब पांच लाख रुपये खर्च होने का अनुमान है। वहीं हाईमास्ट लगाने के लिए 30 लाख रुपये का प्रस्ताव रखा गया। पिछले करीब 11 वर्षों से अधूरे गांधी हाल के निर्माण को मानचित्र के अनुरूप पूरा कराने का प्रस्ताव भी आया। इसके तहत निचली मंजिल पर वाहनों की पार्किंग, दूसरी मंजिल पर दुकानें और अंतिम मंजिल पर गांधी हाल बनाने की योजना है। पिछली परियोजनाओं में ठेकेदारों के भुगतान के मुद्दे को अगली बैठक में रखने पर सहमति बनी। चार सभासदों ने अपने वार्डों में सड़क निर्माण न होने का मुद्दा उठाया। सीता रोड टेलीफोन एक्सचेंज से जुड़े करीब 39.63 लाख रुपये के कार्य भी स्वीकृत किए गए। नालों की सफाई, पिछली बोर्ड बैठक में हुए कार्यों की जानकारी और महिला पुलिस चौकी के लिए भूमि आवंटन समेत अन्य प्रस्तावों पर भी चर्चा हुई। बैठक में कुछ देर नोकझोंक के बाद हंगामा हुआ, लेकिन बाद में सभासदों की सहमति से सभी एजेंडों को मंजूरी दे दी गई। बैठक में पालिकाध्यक्षा लता वार्ष्णेय, ईओ सत्येन्द्र प्रकाश, तरुण नीरज, शिव कुमार सैनी, नवकांत शर्मा, सुलेखा गुप्ता, मेघा गुप्ता, कोमल रानी, उर्मिला रानी, निदा खान, अमन कोहली, सचिन रस्तोगी आदि मौजूद रहे।

# ताइक्वांडो में चमके चार खिलाड़ी, तीन का नेशनल के लिए चयन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** मुरादाबाद रोड स्थित सेक्रेड हार्ट कॉन्वेंट स्कूल में मेरठ में आयोजित ताइक्वांडो प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने वाले चार खिलाड़ियों को प्रधानाचार्या सिस्टर ट्रेसा ने पदक पहनाकर सम्मानित किया।

प्रतियोगिता में मोहम्मद अफ्फान, पार्थ शर्मा और अभिमन्यु कश्यप ने अपने-अपने भार वर्ग में स्वर्ण पदक, जबकि शमून अंसारी ने कांस्य पदक हासिल किया।

शानदार प्रदर्शन के आधार पर मुहम्मद अफ्फान, पार्थ शर्मा और अभिमन्यु कश्यप का हैदराबाद में होने वाली राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप के लिए चयन हुआ है।प्रधानाचार्या सिस्टर ट्रेसा ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि



पुरस्कार के साथ मौजूद खिलाड़ी

मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास से राष्ट्रीय स्तर पर सफलता हासिल की जा सकती है। कोच अंकुश राणा ने भी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं।

# व्यापारी हितों की मजबूती को लेकर संगठन ने किया मंथन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सम्भल।** व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान 74/22 के प्रदेश संयोजक खत्री मनोज टंडन एवं प्रदेश संगठन मंत्री बड़े भाई

**पदाधिकारियों ने किया प्रदेश संयोजक का भव्य स्वागत**

मोहम्मद फहीम का जिला अध्यक्ष अनंत अग्रवाल के आवास पर आगमन हुआ। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओ ने उनका आत्मीय स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान संगठन के विस्तार, मजबूती तथा व्यापारियों के हितों से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा एवं विचार-विमर्श





किया गया। पदाधिकारियों ने कहा कि व्यापारियों की समस्याओं को मजबूती से उठाने तथा उनके अधिकारों की रक्षा के लिए संगठन को और अधिक सक्रिय एवं मजबूत बनाया जाएगा। इस दौरान जिला अध्यक्ष अनंत अग्रवाल, जिला महामंत्री शोभित गुप्ता, नगर अध्यक्ष नवी अहमद, जिला उपाध्यक्ष जमीलुर्रहमान, युवा जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार प्रजापति, सादिक अंसारी सहित अनेक कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यकर्ताओ ने प्रदेश संयोजक खत्री मनोज टंडन का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों ने एकजुट होकर व्यापारी–मजबूत संगठन–सशक्त व्यापार समाज के संकल्प के साथ व्यापारी हितों के लिए निरंतर कार्य करने का भरोसा दिलाया।

# फार्मर रजिस्ट्री और समूह गठन में तेजी लाने के निर्देश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी।** जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल के निर्देशन में सीडीओ गोरखनाथ भट्ट की अध्यक्षता में विकासखंड बनिया खेड़ा की

**फार्मर रजिस्ट्री में लापरवाही पर एडीओ को नोटिस**

न्याय पंचायत आटा में विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा बैठक हुई। इसमें फार्मर रजिस्ट्री, फैमिली आईडी, आयुष्मान कार्ड, स्वयं सहायता समूह, स्वच्छता, स्वास्थ्य, शिक्षा और पेंशन समेत विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई।

फार्मर रजिस्ट्री की अपेक्षित सूचना प्रस्तुत नहीं करने और कार्य की पर्याप्त जानकारी न होने पर सीडीओ ने नाराजगी जताते हुए सहायक विकास अधिकारी (एजी) को कारण बताओ



बैठक में संबोधित करते अधिकारी

नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने पात्र किसानों की फार्मर रजिस्ट्री प्राथमिकता से पूरी कराने को कहा। एनआरएलएम के तहत स्वयं सहायता समूहों के गठन में कम प्रगति मिलने पर कुछ समूह सखियों का मानदेय रोकने के निर्देश दिए गए। सीडीओ ने पंचायत सहायकों को समूह सखियों के साथ समन्वय कर अधिक से अधिक पात्र ग्रामीण परिवारों, विशेषकर महिलाओं को समूहों से जोड़ने के निर्देश दिए। बैठक में बीडीओ, ग्राम पंचायत सचिव, समूह सखियां, पंचायत सहायक और विभिन्न विभागों के कर्मचारी मौजूद रहे।

# पुलिस अधीक्षक द्वारा, पेंशनर्स के साथ की गई गोष्ठी आयोजित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बहजोई (दिनेश सक्सेना)।** गुरुवार 10 सितंबर को अधीक्षक विकास चन्द्र त्रिपाठी द्वारा पुलिस लाइन बहजोई स्थित सभागार में पुलिस पेंशनर्स के साथ गोष्ठी आयोजित की गई।

गोष्ठी के दौरान पुलिस पेंशनर्स द्वारा अपनी विभिन्न समस्याओं, अपेक्षाओं एवं सुझावों से पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी पेंशनर्स की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक एवं संवेदनशीलता के साथ सुना गया तथा संबंधित अधिकारियों को नियमानुसार समस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने पुलिस पेंशनर्स के अनुभव एवं सुझावों को महत्वपूर्ण बताते हुए उनके प्रति सम्मान एवं सहयोग की



भावना बनाए रखने पर बल दिया। गोष्ठी के माध्यम से पुलिस विभाग एवं सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों के बीच बेहतर समन्वय एवं संवाद को और सुदृढ़ करने का संदेश दिया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### पंत जयंती पर स्वतंत्रता सेनानी के योगदान को किया याद

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** महापुरुष स्मारक समिति एवं सर्व समाज जागरूकता अभियान भारत के संयुक्त तत्वावधान में भारत रत्न गोविंद बल्लभ पंत की जयंती



चित्र पर पुष्प चढ़ाते पदाधिकारी

फव्वारा चौक स्थित गोविंद बल्लभ पंत उच्च प्राथमिक विद्यालय में मनाई गई। मुख्य अतिथि एवं वक्ता कवि माधव मिश्र ने पंत जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।उन्होंने कहा कि पंत जी महान स्वतंत्रता सेनानी, कुशल राजनेता और उत्तर प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री थे। देश की आजादी और हिंदी को राजभाषा का दर्जा दिलाने में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। वर्ष 1957 में उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया गया।अध्यक्षता प्रधानाध्यापक आशुतोष गुप्ता ने की और संचालन प्रमोद कुमार गुप्ता ने किया। आयोजक पंडित सुरेश चंद्र शर्मा रहे। छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत और कविताएं प्रस्तुत कीं। इस दौरान देवेंद्र प्रसाद शर्मा, विजय प्रकाश अग्रवाल, गेंदन लाल, डॉ. जितेंद्र वर्मा, रामकिशोर अग्रवाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### 24 कोसीय संभल तीर्थ परिक्रमा मार्ग की राह हुई आसान, 85 फीसदी भूमि खरीद पूरी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल।** तीर्थ की 24 कोसीय परिक्रमा को भव्य स्वरूप देने की कवायद अब तेजी पकड़ रही है। परिक्रमा मार्ग के निर्माण के लिए 36 गांवों के किसानों की भूमि खरीद का कार्य तेजी से चल रहा है। अब तक लक्ष्य के सापेक्ष 85.25 प्रतिशत भूमि खरीदी जा चुकी है। अवशेष भूमि की खरीद पूरी होते ही परिक्रमा मार्ग के निर्माण का रास्ता साफ हो जाएगा। परिक्रमा मार्ग के लिए कुल 47.11792 हेक्टेयर भूमि की खरीद प्रस्तावित है। इसमें 33.66782 हेक्टेयर क्रय क्षेत्र निर्धारित किया गया है, जिसमें से अब तक 28.7029 हेक्टेयर भूमि की खरीद पूरी हो चुकी है। इस प्रक्रिया में 2304 किसान 967 बैनामे करा चुके हैं। अब केवल 4.9649 हेक्टेयर भूमि की खरीद शेष रह गई है। राजस्व विभाग ने 24 कोसीय तीर्थ परिक्रमा मार्ग का प्रस्तावित नक्शा भी जारी कर दिया है। इससे परिक्रमा मार्ग के निर्माण की तस्वीर और स्पष्ट हो गई है। प्रशासन अब शेष भूमि खरीद की प्रक्रिया जल्द पूरी कराने में जुटा है, ताकि निर्माण कार्य शुरू कराया जा सके। एसडीएम विकास चंद्र ने बताया कि सरकारी भूमि को शामिल कर लिया जाए तो करीब 90 प्रतिशत भूमि की खरीद पूरी हो चुकी है। शेष भूमि की खरीद पूरी होने के बाद परिक्रमा मार्ग के निर्माण की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी।

# मेहनत की कमाई के लिए भटक रहा था श्रमिक, श्रम विभाग की पहल से खाते में पहुंचे 73 हजार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल ।** महीनों से मेहनत की मजदूरी पाने के लिए परेशान श्रमिक को आखिरकार राहत मिल गई। शिकायत पर श्रम विभाग ने सेवायोजक से वार्ता कर बकाया भुगतान कराया। सहायक श्रमायुक्त रामलखन पटेल की पहल पर सेवायोजक पक्ष ने श्रमिक संजीव पुत्र अमर सिंह को 73 हजार रुपये की लंबित मजदूरी का भुगतान किया। इसके अलावा कार्यालय में सुनवाई के लिए पहुंचे श्रमिकों को आने-जाने के खर्च के लिए 500 रुपये अतिरिक्त भी दिलाए गए। दरअसल, संजीव समेत अन्य श्रमिकों ने मजदूरी भुगतान अधिनियम के तहत शिकायत दर्ज कराई थी। मामले की सुनवाई के दौरान सहायक श्रमायुक्त ने सेवायोजक पक्ष के मुनेश यादव पुत्र मक्कूराम से वार्ता कर लंबित मजदूरी का भुगतान करने के निर्देश दिए। वार्ता के बाद दोनों पक्षों में सहमति बनी और श्रमिक को उसका बकाया मेहनताना मिल गया। भुगतान मिलने पर श्रमिकों ने श्रम विभाग का आभार जताया।

**मजदूरी अटकी है तो यहां करें शिकायत**

श्रम विभाग के वाद लिपिक ललित कुमार ने बताया कि किसी भी श्रमिक का भुगतान सेवायोजक के यहां लंबित है तो वह सहायक श्रमायुक्त संभल के कार्यालय/न्यायालय में विधि के अनुसार वाद दायर कर सकता है। मजदूरी भुगतान, कर्मचारी मुआवजा, ग्रेच्युटी समेत अन्य श्रम कानूनों के तहत वाद दायर करने के बाद नियमानुसार त्वरित कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि श्रमिकों को उनके बकाये का भुगतान और पात्र मामलों में विधिक अनुतोष दिलाने के लिए विभागीय स्तर पर कार्रवाई की जाती है। विभाग ने श्रमिकों से अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने और मजदूरी का भुगतान न होने पर शिकायत दर्ज कराने की अपील की है।

# कार्यालय नगर पालिका परिषद सम्भल

पत्रांक 202/गृ0वि02026-27 दिनांक 09.09.2026

## गृहकर विभाग सर्वसाधारण हेतु सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 (2) के अन्तर्गत निम्न सूची में अंकित आवेदनकर्ता के नामान्तरण की कार्यवाही नगर पालिका परिषद, सम्भल के गृहकर विभाग द्वारा की जा रही है। यदि किसी को निम्न आवेदन पत्रों पर आपत्ति है तो प्रकाशन तिथि के एक माह के अन्दर अपनी आपत्ति गृहकर विभाग नगर पालिका परिषद, सम्भल में प्रमाण सहित प्रस्तुत करे। निर्धारित अवधि के अन्तर्गत आपत्ति प्राप्त ना होने पर आवेदकों का नाम उनके सम्मुख गृह संख्या में अंकित कर दिया जायेगा निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा।

| क्र0 सं0 | भवन सं0/ मौहल्ला | आवेदकों का नाम | नगर पालिका परिषद, सम्भल के गृहकर अभिलेखों में स्वामियों / अध्यासी का नाम | प्रस्तावित नामान्तरण का आधार | भाग |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 744/620, मौ० हातिम सराय | श्रीमती सुनिता पत्नी श्री महेन्द्र | श्री नन्हे पुत्र श्री हरि सिंह | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र | पूरा भाग |
| 2 | 516/462, मौ0 हातिम सराय | श्री टिंकू पुत्र श्री आशाराम | श्री जयकिशन पुत्र श्री सिपाहीलाल | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र | पूरा भाग |
| 3 | सराय 116/102, मौ० हिलाली | श्री मौहम्मद फैजान पुत्र श्री मौहम्मद सलीम | श्री अमीर हुसैन पुत्र श्री प्यारे खाँ | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र | पूरा भाग |
| 4 | 294/311, मौ0 ठेर | श्री अनुज व श्री अनुप पुत्रगण श्री रामकुमार | श्री जगदीश प्रसाद पुत्र श्री महावीर प्रसाद | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र | पूरा भाग |
| 5 | 4/14,15, मौ0 दीपा सराय | श्री ममलूकुर्रहमान बर्क पुत्र श्री शफीकुर्रहमान बर्क | श्री डा0 शफीकुर्रहमान बर्क पुत्र श्री अब्दुल रहमान व श्री जियाउर्रहमान बर्क पुत्र श्री ममलूकुर्रहमान बर्क | शपथ-पत्र, मृत्यु प्रमाण-पत्र. परिवार सदस्य प्रमाण-पत्र | पूरा भाग |
| 6 | 220/218, मौ० डूंगर सराय | श्रीमती शबाना पत्नी श्री मौहम्मद मुमताज | श्री मौ0 असलम पुत्र श्री दूल्हा | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र | पूरा भाग |
| 7 | 323/341, मौ0 ठेर | श्री अमित कुमार पुत्र श्री संतोष कुमार व श्रीमती शिखा पत्नी श्री अमित कुमार | श्रीमती कविता पत्नी श्री अशोक अगंवाल श्री अशोक कुमार पुत्र श्री शान्ति प्रसाद व श्री नमन अग्रवाल पुत्र श्री अशोक कुमार | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र | 1/2 भाग |

**कर निर्धारण अधिकारी**
नगर पालिका परिषद सम्भल

## सूचना

मेरा पुत्र मोहम्मद इरशाद तथा पुत्रवधू महजबी गलत संगत में पड़ गए हैं मेरे व परिजनों के साथ अभद्र व्यवहार करते हैं झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी देते हैं इस कारण मैंने इन दोनों से संबंध विच्छेद करके अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। किसी भी कृत्य के लिए यह दोनों स्वयं जिम्मेदार होंगे मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा ।

**मोहम्मद युनुस पुत्र अली हुसैन**
**मोहल्ला भूड़ा सराय तरीन सम्भल**

# गणेश चतुर्थी-अनंत चतुर्दशी को लेकर मेरठ परिक्षेत्र में कड़ा पुलिस पहरा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर** । मेरठ गणेश चतुर्थी एवं अनंत चतुर्दशी के पर्व को शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के लिए मेरठ परिक्षेत्र में व्यापक पुलिस प्रबंध किए गए हैं। डीआईजी मेरठ परिक्षेत्र कलानिधि नैथानी के निर्देश पर मेरठ, बुलंदशहर, बागपत और हापुड़ में करीब 2500 पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है।




परिक्षेत्र में 168 पूजा पंडालों में 164 गणेश प्रतिमाएं स्थापित की जानी हैं, जबकि कुल 197 शोभायात्राएं प्रस्तावित हैं। शोभायात्राओं के मार्ग में 85 संवेदनशील स्थान चिन्हित किए गए हैं। प्रतिमा विसर्जन के लिए 34 घाट निर्धारित किए गए हैं, जहां सुरक्षा के विशेष इंतजाम रहेंगे। पुलिस के अनुसार 117 हॉटस्पॉट चिन्हित कर 24 जोन, 81 सेक्टर और 52 क्यूआरटी बनाई गई हैं। विसर्जन घाटों पर बैरिकेडिंग, प्रकाश व्यवस्था, चेतावनी बोर्ड, लाइफ जैकेट, रस्से और गोताखोरों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। शोभायात्राओं के दौरान निर्धारित रूट और समय में बदलाव नहीं होने दिया जाएगा। सीसीटीवी और ड्रोन कैमरों से निगरानी, यातायात डायवर्जन, महिला पुलिस की तैनाती तथा आपातकालीन सेवाओं के लिए वैकल्पिक मार्ग खुले रखने के निर्देश दिए गए हैं।

पुलिस को सोशल मीडिया पर भी 24 घंटे नजर रखने और अफवाह या भ्रामक पोस्ट पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

इस वर्ष गणेश चतुर्थी 14 सितंबर और अनंत चतुर्दशी 25 सितंबर को मनाई जाएगी। डीआईजी कलानिधि नैथानी ने धार्मिक आस्था और परंपराओं का सम्मान करते हुए पर्याप्त पुलिस प्रबंध, प्रभावी निगरानी और त्वरित रिस्पॉन्स के जरिए पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के निर्देश दिए

## हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास, 51 हजार रुपये जुर्माना

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत बुलंदशहर पुलिस की प्रभावी पैरवी के चलते हत्या के मामले में दोष सिद्ध आरोपी को न्यायालय ने आजीवन कारावास और 51 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है मामला वर्ष 2019 का है। पुलिस के अनुसार, नया गांव चांदपुर निवासी ओगेन्द्र उर्फ ओमा पुत्र सोरन सिंह ने धर्मेन्द्र सिंह के परिवार के लोगों को जान से मारने की नीयत से कार से टक्कर मार दी थी। हादसे में सत्तो देवी की मौत हो गई थी, जबकि कई अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे।घटना के संबंध में 25 जून 2019 को थाना कोतवाली नगर में मुकदमा संख्या 540/19 दर्ज किया गया था। पुलिस ने विवेचना पूरी कर 20 अगस्त 2019 को न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया।पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के निर्देश पर चलाए जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत इस मुकदमे को चिन्हित कर मॉनीटरिंग सेल द्वारा न्यायालय में प्रभावी पैरवी की गई। 10 सितंबर 2026 को स्पेशल एससी/एसटी एक्ट न्यायालय, बुलंदशहर के न्यायाधीश ओमप्रकाश वर्मा ने आरोपी ओगेन्द्र उर्फ ओमा को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास और 51 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से अभियोजक विपुल राघव, मॉनीटरिंग सेल प्रभारी निरीक्षक पंकज राय, पैरोकार कांस्टेबल ओमकार सिंह तथा कोर्ट मोहर्रिर हेड कांस्टेबल मनोज प्रजापति की पैरवी में महत्वपूर्ण भूमिका रही प्रभावी पैरवी के जरिए हत्या के आरोपी को सजा दिलाना बुलंदशहर पुलिस की बड़ी सफलता मानी जा रही है।

## नाबालिग चला रहे ई-रिक्शा से बाइक की भिड़ंत,सड़क पर जमकर हंगामा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** थाना बीबीनगर क्षेत्र के बीबीनगर कस्बे में बस स्टैंड के पास ई-रिक्शा और बाइक की भिड़ंत के बाद जमकर हंगामा हो गया। बताया जा रहा है कि ई-रिक्शा चला रहा नाबालिग था, जबकि बाइक पर स्कूल जा रहे नाबालिग बच्चे सवार थे।



हादसे के बाद बीच-बचाव करने पहुंचे एक युवक पर भी नाबालिग द्वारा मारपीट करने का आरोप लगाया गया। घटना के बाद सड़क पर दोनों पक्षों के बीच काफी देर तक हंगामा होता रहा। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति संभालने का प्रयास किया और सड़क पर हंगामा कर रहे लोगों को समझाकर शांत कराया।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि कस्बे की सड़कों पर नाबालिग बच्चे बेखौफ होकर ई-रिक्शा चला रहे हैं और यातायात नियमों का खुलेआम उल्लंघन कर रहे हैं। पुलिस की मौजूदगी में भी काफी देर तक हंगामा चलता रहा।मामला थाना बीबीनगर क्षेत्र के बीबीनगर कस्बा स्थित बस स्टैंड के पास का बताया जा रहा है।

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में अधिक से अधिक आवेदन कराएं : पुरुषोत्तम शर्मा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** आढ़ती संघ के अध्यक्ष पुरुषोत्तम शर्मा ने बुलंदशहर में 16 सितंबर को होने वाले मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में अधिक से अधिक युवकों और युवतियों के आवेदन करने के लिए किसानों और व्यापारियों को प्रेरित किया है। बृहस्पतिवार को आढ़ती संघ के अध्यक्ष पुरुषोत्तम शर्मा ने अनाज मंडी में घूम कर अनेक किसानों और व्यापारियों को मुख्यमंत्री की प्राथमिकता वाली मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की जानकारी दी। अध्यक्ष ने बताया कि 16 सितंबर को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम बुलंदशहर में प्रस्तावित है। इसके लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि 12 सितंबर है। उक्त योजना में पंजीकरण कराने के क्रम में शादी के लिए लड़की के माता या पिता का आय प्रमाण पत्र तीन लाख रुपए वार्षिक आय से कम का होना चाहिए। लड़की और उसके पिता व माता का आधार कार्ड होना चाहिए। लड़की के शैक्षिक प्रमाण पत्र या उसके जन्म का प्रमाण पत्र, उसका बैंक में खाता खुला होने के साथ उसके पास दो फोटो होने चाहिए।



उन्होंने बताया कि लड़के पक्ष के लिए लड़के का आधार कार्ड, शैक्षिक प्रमाणझपत्र या जन्म प्रमाणझपत्र, दो फोटो, उसके माता-पिता का आधार कार्ड और ऑनलाइन आवेदन पत्र खंड विकास कार्यालय में जमा कराना होगा। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत होने वाले विवाह की कुछ विशेषताएं भी हैं। इनमें निशुल्क विवाह समारोह एवं परंपरागत रीति रिवाज, नवविवाहित जोड़े को शासन द्वारा आर्थिक सहायता प्रदान करना, विवाह प्रमाणझपत्र एवं आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराना शामिल है। जो नव विवाहित जोड़े को जीवन यापन करने के लिए अति आवश्यक होता है।

## एसएसपी ने जनपद में चलाई तबादला एक्सप्रेस: राहुल कुमार को आहार थाने की मिली कमान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** एसएसपी दिनेश कुमार सिंह ने गुरुवार को जिले में तबादला एक्सप्रेस चलाते हुए पुलिस लाइन में तैनात राहुल कुमार को थाना आहार का थानाध्यक्ष नियुक्त किया है। नई जिम्मेदारी मिलने के बाद पुलिस महकमे में हलचल तेज हो गई है।



थाना आहार की कमान संभालने से पहले राहुल कुमार का बुलंदशहर कोतवाली देहात में पुलिसकर्मियों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। उधर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रवि रतन सिंह के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों ने उन्हें फूलमाला पहनाकर बधाई दी और नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं।

राहुल कुमार के सामने आहार क्षेत्र में अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था बनाए रखने और पुलिसिंग को और प्रभावी बनाने की चुनौती रहेगी। वही बताया गया है कि राहुल कुमार का जनपद के आहार थाने का पहला चार्ज है।

## विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग-2027 के तहत क्विज प्रतियोगिता आयोजित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत मेरा युवा भारत, बुलंदशहर की ओर से विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग-2027 के तहत क्विज प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता में जनपद के युवाओं से बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की गई है।

प्रेसवार्ता में MY Bharat बुलंदशहर की उपनिदेशक राशि शर्मा ने बताया कि क्विज में देश के विकास, समसामयिक विषयों, भारतीय ज्ञान, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्र निर्माण से जुड़े सवाल पूछे जाएंगे। प्रतियोगिता में 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवा प्रतिभाग कर सकते हैं।




उन्होंने कहा कि यह प्रतियोगिता युवाओं के ज्ञान और प्रतिभा को परखने के साथ उन्हें राष्ट्रीय स्तर की युवा गतिविधियों से जुड़ने का अवसर भी प्रदान करेगी। राशि शर्मा ने युवाओं से MY Bharat पोर्टल पर पंजीकरण कर क्विज में शामिल होने तथा अपने मित्रों और अन्य पात्र युवाओं को भी प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित करने की अपील की।

## 04 दंपतियों में कराया सुलह-समझौता,साथ रहने को हुए राजी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर** । वैवाहिक विवादों के त्वरित निस्तारण के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत मिशन शक्ति टीम और महिला सेल/परिवार परामर्श केंद्र की पहल पर चार दंपतियों के बीच सुलह-समझौता कराया गया।




थाना कोतवाली देहात, सिकंदराबाद और स्याना की मिशन शक्ति टीम के समक्ष पारिवारिक विवाद से जुड़े चार मामलों में दोनों पक्ष उपस्थित हुए। टीम ने पति-पत्नी और उनके परिजनों की समस्याएं सुनकर काउंसलिंग की। काउंसलिंग के बाद दोनों पक्ष आपसी सहमति से विवाद समाप्त कर एक साथ रहने के लिए राजी हो गए।

दंपतियों ने एक-दूसरे को विश्वास दिलाया कि वे बीती बातों को भूलकर नवजीवन की नई शुरूआत करेंगे और आपसी प्रेम एवं विश्वास के साथ जीवन व्यतीत करेंगे। महिला सेल प्रभारी व काउंसलरों ने सभी दंपतियों को शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में आपसी विवाद से बचने और प्रेमपूर्वक रहने की सलाह दी।

## बुलन्दशहर में 4 उपनिरीक्षकों के तबादले

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलन्दशहर** । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बुलन्दशहर द्वारा जनपद में प्रशासनिक आवश्यकताओं एवं रिक्ति के सापेक्ष चार उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस के स्थानान्तरण किए गए हैं।

जारी सूची के अनुसार उपनिरीक्षक नितिन कुमार को थाना सलेमपुर से थाना नरसेना, उपनिरीक्षक नीरज शर्मा को थाना




अहार से थाना सलेमपुर, उपनिरीक्षक राहुल कुमार को थाना कोतवाली देहात से थाना अहार तथा उपनिरीक्षक रामकिशोर गौतम को थाना नरसेना से पुलिस लाइन भेजा गया है। एसएसपी के निर्देश पर सभी स्थानान्तरित उपनिरीक्षकों को नवीन तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए।

## जिले में धडल्ले से संचालित हैं मानक विहिन अस्पताल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** जिलेभर में झोलाछाप डाक्टरों के सहारे संचालित होने वाले अपंजीकृत अस्पतालों की संख्या में लगातार इजाफा होने एवं आए दिन ऐसे अस्पतालों में इलाज के दौरान मरीजों को गंभीर परेशानियों का सामना करने तथा उपचार दौरान मरीज की मौत तक होने के मामले एक बार नहीं कई बार उजागर हो चुके हैं लेकिन स्वास्थ्य विभाग अनभिज्ञ बना है आखिर क्यों ? सवाल उठता है कि जानकारी होने के बाबजूद गैरकानूनी ढंग से मानक विहिन संचालित अस्पतालों पर शिकंजा कसने में स्वास्थ्य विभाग नाकाम हो रहा है क्यों ?

स्थानीय लोगों का कहना है कि कोई अप्रिय घटना घटित होने पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा कुछ अस्पतालों को सील जरुर किया जाता है, लेकिन कुछ समय बाद वही अस्पताल दोबारा संचालित होते हुए दिखाई देते हैं । इससे विभागीय कार्यवाही की प्रभावशीलता पर सवाल खडे तो होंगे ही क्योंकि सील लगाने वाले और सील हटाने वाले भी होते तो स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी ही हैं ! लोगों ने

- **संचालकों ने उडाई कानून की धज्जियां**
- **नहीं डाल पा रहा है स्वास्थ्य विभाग नाक में नकेल - क्यों**
- **कानून को ठेंगा दिखा संचालित अस्पतालों पर विभाग कस पाएगा शिकंजा कब**


बताया कि हाल के दिनों में ही क्षेत्र के करीब तीन-चार अस्पतालों में ऑपरेशन के बाद महिलाओं की मौत अथवा उनकी हालत गंभीर होने की शिकायतें स्वास्थ्य विभाग तक पहुंची हैं फिर भी इसके बावजूद संबंधित अस्पतालों के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों द्वारा प्रभावी कार्यवाही न करना उनकी भूमिका संदिग्ध या फिर संलिप्तता को दर्शाता है !

सूत्रों से मिली जानकारी को सही मानें तो इलाज में लापरवाही से मामला बिगड़ने अथवा मरीज की मौत होने के बाद कई मामलों को आपसी समझौते के जरिए दबा दिया जाता है और इस में अहम भूमिका सीएमओ आफिस के ही किसी जिम्मेदार की रहती है, हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है लेकिन हां अपुष्ट जानकारी को सही मानें तो यह व्यक्ति पिछले कई सालों से एक ही सीट पर बैठा है और अधिकारी को गुमराह कर कानून को ठेंगा दिखाने वालों का मददगार साबित हो रहा है फिर भी लोगों का सबसे बड़ा सवाल है कि कानून को ठेंगा दिखा धडल्ले से संचालित अस्पतालों और बिना पर्याप्त योग्यता के चिकित्सा कार्य करने वाले लोगों के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग सख्त कार्यवाही करेगा कब ?

## नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर रविवार को, मरीजों की होगी आंखों की जांच

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** मौहल्ला कोट-कलां, नियर आर्य समाज स्कूल, पैंठ रोड स्थित मास्टर मान सिंह आई केयर एवं ऑप्टोमेट्री क्लिनिक की ओर से रविवार को नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में लोगों की आंखों की जांच कर उन्हें बेहतर दृष्टि और आंखों की देखभाल के संबंध में आवश्यक परामर्श दिया जाएगा।




शिविर में कंप्यूटर द्वारा आंखों की जांच, चश्मे की जांच, आंखों की बीमारियों की जांच, कॉन्टेक्ट लेंस संबंधी परामर्श और आंखों की देखभाल की सलाह दी जाएगी। शिविर का समय सुबह 10:30 बजे से दोपहर 2 बजे तक रहेगा।

ऑप्टोमेट्रिस्ट कुंवर हिमांशु (डी.ऑप्टोम, डिप्लोमा इन ऑप्टोमेट्री) ने लोगों से समय पर आंखों की जांच कराने की अपील की। उन्होंने कहा कि नियमित नेत्र जांच से आंखों की समस्याओं का समय रहते पता लगाया जा सकता है।

शिविर सभी लोगों के लिए नि:शुल्क रहेगा। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 9634920595 पर संपर्क किया जा सकता है।

## सीएचसी प्रभारी स्याना के नेतृत्व में लगा फील्ड हेल्थ कैम्प

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**स्याना, बुलंदशहर** । कोतवाली क्षेत्र के गांव महाव में कल गुरुवार को





सीएचसी प्रभारी स्याना के नेतृत्व में फील्ड कैम्प का आयोजन किया गया !

कैम्प स्थल पर पहुंच ग्राम वासियों ने अपने चेकअप करा कर बीमारी के अनुसार डॉक्टर से दर्जनों रोगियो ने दवाई ली। सीएचसी प्रभारी अमित कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि गांव वासियों ने बीपी, शुगर ,बुखार के टेस्ट कराए और टेस्ट के अनुसार ही हमारी टीम द्वारा रोगियों को दवाई वितरण की गई है। सीएचसी प्रभारी ने सभी ग्राम वासियो को सलाह दी कि सभी अपने निवास के आसपास गंदगी ना फेलने दे और साफ सफाई पर विशेष ध्यान दें तथा कुलर में पानी रोज बदलते रहे क्योंकि पानी में ही मलेरिया मच्छर पनपता है।साथ ही खाने-पीने की चीजों को हमेशा ढक रखें। ताजे फलों का ही सेवन करें, शरीर में पानी की कमी न होने दें। इस मौके पर मुख्यतः संगिनी ,जयवीरी , डॉ अभिषेक दादू ., डॉ तबरेज ,इकबाल, सीमा ,रूद्र वत्स , बिनेश , चिंटू.,आशा, कौशल्या सहित प्रभा का सराहनीय कार्य रहा !

## प्रांतीय विज्ञान मेले में डिबाई के छात्रों का शानदार प्रदर्शन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**डिबाई।** 8-9 सितम्बर को आयोजित प्रांतीय विज्ञान मेला प्रतियोगिता में त्रिवेणी दत्त ब्रह्मचारी सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कॉलेज, डिबाई के 14 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इनमें 10 प्रतिभागियों ने विभिन्न वर्गों में स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं बुलन्दशहर विभाग का नाम रोशन किया। रसायन प्रयोग में वान्या सिंह ने प्रथम, संवेदक प्रदर्श में केशव ने द्वितीय तथा जैविक कृषि प्रदर्श में तुलसी राघव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पत्रवाचन में फाल्गुनी राज द्वितीय, जबकि प्रश्नमंच में खुशी, ललित, हिमांशु तथा दर्शन, श्वेतांक, संजना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य ने विजयी विद्यार्थियों को बधाई देकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की।




प्रांतीय विज्ञान मेले में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यालय के विजयी छात्र-छात्राएं।

**आयोजन** — सामाजिक सद्भाव से ही होगा देश का विकास

## गांधी-अंबेडकर की विचारधारा बचाना भारत के लिए जरूरी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** नागरिक अधिकारों की चेतना और सामाजिक सद्भाव के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से शुरू हुई गांधी-अंबेडकर संवाद यात्रा गुरुवार को बुलंदशहर पहुंची। खुर्जा रोड स्थित एक निजी होटल में यात्रा के पड़ाव के दौरान विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जियाउर्रहमान ने की।

मुख्य अतिथि कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव शाहनवाज आलम तथा सामाजिक कार्यकर्ता राजीव यादव ने समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों से संवाद किया और देश के समसामयिक एवं ज्वलंत मुद्दों पर विचार-विमर्श किया।

गोष्ठी को संबोधित करते हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव शाहनवाज आलम ने कहा कि गांधी-अंबेडकर संवाद यात्रा का उद्देश्य सामाजिक सद्भाव, लोकतांत्रिक मूल्यों और गांधीवादी विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि वर्तमान दौर में महात्मा गांधी और डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों एवं मूल्यों की रक्षा करना बेहद जरूरी है।

नफरत और हिंसा की जगह सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देना होगा। उन्होंने कहा कि सामाजिक सद्भाव और आपसी भाईचारे के वातावरण में ही देश का समग्र विकास संभव है। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्ता में बैठे लोगों द्वारा नफरत और हिंसा को बढ़ावा दिया जा रहा है, जो देश की एकता और अखंडता के लिए खतरनाक है।

सामाजिक कार्यकर्ता राजीव यादव ने कहा कि धार्मिक और जातिगत आधार पर भेदभाव सामाजिक व्यवस्था तथा लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए गंभीर खतरा है। नागरिक अधिकारों के प्रति प्रत्येक व्यक्ति को जागरूक होना होगा और अन्याय के खिलाफ मजबूती से आवाज उठानी होगी। उन्होंने कहा कि युवाओं, किसानों और छात्रों को धर्म के नाम पर बरगलाने की कोशिश की जा रही है, जिससे समाज में विभाजन पैदा होता है। उन्होंने लोगों से संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए एकजुट होने का आह्वान किया।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष जियाउर्रहमान ने कहा कि महात्मा गांधी और डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचार आज भी पूरी तरह प्रासंगिक हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा और मोदी सरकार नफरत की राजनीति को बढ़ावा देकर तथा असामाजिक तत्वों को संरक्षण देकर गांधी और अंबेडकर के विचारों को कमजोर करने का प्रयास कर रही है, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं देश के प्रमुख दलित नेताओं में से एक मल्लिकार्जुन खड़गे की रैली के बाद हल्द्वानी, उत्तराखंड में स्थल के कथित शुद्धिकरण की घटना सामाजिक भेदभाव और नफरत का ताजा उदाहरण है।

जियाउर्रहमान ने कहा कि भारत की तरक्की और मजबूत लोकतंत्र के लिए जरूरी है कि प्रत्येक वर्ग, जाति और धर्म के लोग संविधान को सर्वोपरि मानें तथा आपसी भाईचारे और सामाजिक सद्भाव को मजबूत करें। उन्होंने कहा कि गांधी और अंबेडकर के सपनों का भारत तभी बनाया जा सकता है, जब समाज में समानता, न्याय, स्वतंत्रता और बंधुत्व की भावना मजबूत हो।

## फूड सेफ्टी ऑन व्हील्स पहुंची तो गिरे दुकानों के शटर, मिलावटखोरों में मचा हड़कंप

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** नगर में मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने बृहस्पतिवार को ह्यफूड सेफ्टी ऑन व्हील्स मोबाइल लैब के साथ सघन जांच अभियान चलाया। मेरठ से पहुंची टीम ने नगर के प्रमुख बाजारों और दुकानों पर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच की। टीम ने जहांगीराबाद चुंगी, अनुपम मैरिज होम, 12 खंभा समेत कई स्थानों पर दुकानों से खाद्य तेल, मसाले, मिठाइयों और मीठी चटनी के नमूने लेकर मोबाइल लैब में मौके पर ही जांच की। जांच के दौरान खाद्य तेल और मसालों में कृत्रिम रंगों की मिलावट के साथ-साथ मिठाइयों में इस्तेमाल होने वाले रंग और चांदी के वर्क की गुणवत्ता भी परखी गई। अभियान के दौरान नगर की एक प्रसिद्ध हलवाई की दुकान पर भी मिठाई और चटनी की जांच की गई। मोबाइल लैब की वैन के बाजार में पहुंचते ही कई दुकानदारों में हड़कंप मच गया।

**मोबाइल लैब ने बाजार में पहुंचकर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता परखी, तेल-मसाले, मिठाई व चटनी के लिए नमूने**



# भगवत प्रसाद मकवाना और मनोज वाल्मीकि को दी बधाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा।** केंद्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष नियुक्त किए गए भगवत प्रसाद मकवाना और आयोग के सदस्य मनोज वाल्मीकि को रिंकू टांक वाल्मीकि ने दिल्ली स्थित कार्यालय पहुंचकर बधाई दी। उन्होंने दोनों पदाधिकारियों को पुष्पगुच्छ भेंट कर शुभकामनाएं दीं।

इस मौके पर रिंकू टांक ने कहा कि केंद्रीय सफाई कर्मचारी आयोग में वाल्मीकि समाज के लोगों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलना समाज के लिए गौरव और सम्मान की बात है। उन्होंने उम्मीद जताई कि दोनों पदाधिकारी सफाई कर्मचारियों के अधिकार, सम्मान और समस्याओं को मजबूती से उठाने का काम करेंगे।

इस दौरान रिंकू टांक के साथ संजय सहारनपुरिया, सौरभ वेद, अमन गागड़ा और इमरान खान मौजूद रहे। रिंकू टांक वर्तमान में प्रधान सफाई कर्मचारी संघ पिलखुवा और



राष्ट्रीय वाल्मीकि क्रांतिकारी मोर्चा के नगर अध्यक्ष हैं। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारियों के हितों और सम्मान के लिए लगातार आवाज उठाई जाती रहेगी।

# भाजपा जिला कार्यालय पर मनोज वाल्मीकि का भव्य स्वागत किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो


**हापुड़।** भाजपा के वरिष्ठ नेता मनोज

- दिल्ली कार्यालय व निवास पर बधाई देने वालों का सिलसिला जारी
- जनता की सेवा व पार्टी की नीतियों को घर-घर पहुंचाने का मिला फल
- पार्टी द्वारा सौंपी जिम्मेदारी का पूर्ण निष्ठा से निर्वहन करुंगा:मनोज

वाल्मीकि के राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग भारत सरकार का सदस्य बनने के बाद से भाजपा नेताओं, जनप्रतिनिधियों,कार्यकर्ताओं व समर्थकों द्वारा दिल्ली स्थित आयोग कार्यालय व हापुड़ स्थित निवास स्थान पर बधाई व शुभकामनाएं देने का सिलसिला जारी है। गुरुवार को भाजपा जिला कार्यालय पर मनोज वाल्मीकि का भव्य स्वागत किया गया।

आपको बता दें,कि मेरठ रोड स्थित संजय विहार आवास विकास कालोनी निवासी भाजपा के वरिष्ठ नेता मनोज वाल्मीकि पिछले 36 वर्षों से जनता की सेवा कर पार्टी की नीतियों का जन=जन व घर-घर पहुंचा रहे है। वह वर्ष 1995 में भाजपा से सभासद भी बने,और वर्ष 2019 में उत्तर प्रदेश सफाई कर्मचारी आयोग में सदस्य पद पर भी कार्य कर चुके है। जिला,प्रदेश व राष्ट्र में विभिन्न पदों पर रहकर पार्टी की सेवा कर रहे है।









गत रविवार को भाजपा नेता मनोज वाल्मीकि को राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग भारत सरकार में सदस्य पद की जिम्मेदारी सौंपी गई,गत सोमवार मनोज वाल्मीकि ने आयोग कार्यालय पहुंचकर पदभार ग्रहण करने से पूर्व कार्यालय के प्रवेश द्वार मत्था टेककर अंदर प्रवेश किया।

गुरुवार को भाजपा जिला कार्यालय पर भाजपा जिलाध्यक्ष,विधायक,पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओ द्वारा मनोज वाल्मीकि का भव्य स्वागत किया। मनोज वाल्मीकि ने कहा कि पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है,वह उसका ईमानदारी व पूर्ण निष्ठा से निर्वाहन करेंगे। स्वागत व बधाई देने वालों में जिलाध्यक्ष कविता सिंह खटीक,विधायक हरेन्द्र तेवतिया, वरिष्ठ नेता सुधीर अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष राजीव सिरोही,पूर्व जिला महामंत्री मोहन सिंह,प्रवीण प्रधान, विश्व प्रकाश शर्मा, राजू, प्रसिद्ध भजन गायक दयानंद प्रजापति, उनकी पति, बेटा, इंडियन ऑयल कारपोरेशन लि.पानीपत से सेवानिवृत्त फाइनेंस मैनेजर रुपराम खटीक आदि शामिल रहे।

# रामप्रताप सिंह के स्वागत में दिखा कार्यकर्ताओं का उत्साह

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा।** छिजारसी टोल प्लाजा पर गुरुवार को





भाजपा प्रदेश महामंत्री रामप्रताप सिंह का कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। उनके पहुंचने पर गालंद मंडल के पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने फूल-मालाओं से अभिनंदन किया। इस दौरान रामप्रताप सिंह ने कहा कि कार्यकर्ता संगठन की सबसे मजबूत कड़ी हैं। पार्टी को मजबूत बनाने के लिए सभी कार्यकताओं को आपसी समन्वय के साथ जनसंपर्क बढ़ाने और सरकार की योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने का कार्य करना चाहिए। मंडल अध्यक्ष तेजबीर सिंह तोमर ने प्रदेश महामंत्री को तलवार और तस्वीर भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों का मार्गदर्शन कार्यकताओं के लिए हमेशा प्रेरणादायक रहता है। स्वागत कार्यक्रम में संगठन को मजबूत करने और आगामी कार्यक्रमों को लेकर भी चर्चा हुई।

कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख निशांत सिसोदिया, पूर्व जिलाध्यक्ष नरेश तोमर, पूर्व जिलाध्यक्ष उमेश राणा, नगर पालिका अध्यक्ष विभू बंसल, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष प्रवीण मित्तल और हसमत ठेकेदार मौजूद रहे। इसके अलावा सरफत अली, इकराम अली, नवीन चौधरी, मुनेदर प्रधान, संगीता गहलोत, उमेश गौतम और राहुल तोमर गालंद समेत अन्य कार्यकताओं ने भी भाग लिया।

# बरसात के दृष्टिगत नालों की सफाई प्राथमिकता पर करायें: कविता मीना

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**हापुड़।** जिलाधिकारी हापुड़ श्रीमती कविता मीना की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में नगर निकायों के अधिशासी अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी कविता मीना ने नगरीय क्षेत्रों में साफ-सफाई व्यवस्था,कूड़ा कलेक्शन एवं निस्तारण, नाला-नाली सफाई,पेयजल आपूर्ति,स्ट्रीट लाइट, जलभराव की स्थिति,वेंडिंग जोन,अतिक्रमण हटाओ अभियान, 15वें वित्त आयोग, स्वच्छ भारत मिशन (शहरी), पीएम स्वनिधि योजना,कान्हा गौशाला,निर्माण कार्यों की प्रगति आदि की बिंदुवार समीक्षा की।जिलाधिकारी ने सभी अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया कि नगर निकाय क्षेत्रों में नियमित साफ-सफाई एवं कूड़ा उठान सुनिश्चित किया जाए। बरसात के दृष्टिगत नालों की सफाई प्राथमिकता पर कराई जाए ताकि जलभराव की समस्या न हो। स्ट्रीट लाइटों को क्रियाशील रखा जाए तथा खराब लाइटों को तत्काल ठीक कराया जाए।

उन्होंने अधिशासी अधिकारियों को अतिक्रमण के विरुद्ध नियमित अभियान चलाने एवं पीएम स्वनिधि योजना में लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए।

# बदनौली हत्याकांड: पीड़ित परिवार से मिले पूर्व विधायक असलम चौधरी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** बदनौली हत्याकांड के पीड़ित परिवार से गुरुवार को समाजवादी पार्टी से पूर्व विधायक असलम चौधरी ने मुलाकात की। उन्होंने परिवार के साथ बैठकर उनका दुख-

**पूर्व विधायक ने हर संभव मदद का दिया भरोसा**

दर्द साझा किया और इस मुश्किल घड़ी में मजबूती से साथ खड़े रहने का भरोसा दिलाया। इस दौरान उन्होंने परिवार को आर्थिक सहायता भी प्रदान की।

पूर्व विधायक असलम चौधरी ने कहा कि परिवार इस लड़ाई में अकेला नहीं है। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और पीड़ित



परिवार को न्याय दिलाने के लिए शासन-प्रशासन के सामने मजबूती से आवाज उठाई जाएगी। न्याय मिलने तक संघर्ष जारी रहेगा।

उन्होंने परिजनों को बताया कि पूरे प्रकरण से समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को अवगत कराया जाएगा। परिवार की पीड़ा और उनकी मांगों की पूरी जानकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष तक पहुंचाई जाएगी और समाजवादी पार्टी की ओर से हर संभव मदद का प्रयास किया जाएगा।

पूर्व विधायक असलम चौधरी ने कहा कि समाजवादी पार्टी इस दुख की घड़ी में पीड़ित परिवार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है और न्याय मिलने तक हर स्तर पर सहयोग दिया जाएगा।

# जैन रथयात्रा महोत्सव 26 सितम्बर को धूमधाम से निकाली जायेगी : अनिल जैन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** कसेरठ बाजार स्थित श्री 1008 आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर पर जैन समाज के अध्यक्ष सुधीर जैन की अध्यक्षता में कार्यकारिणी की एक बैठक सम्पन्न हुई।

- 27 सितंबर विराट कवि सम्मेलन का आयोजन होगा:तुषार जैन
- रथ यात्रा के लिए बैंड बाजे,शहनाई व ढोल वाले किये बुक

जिसमें रथ यात्रा महोत्सव व विराट कवि सम्मेलन का आयोजन करने की तैयारी पर चर्चा की। जिसका संचालन जैन समाज के संरक्षक अनिल जैन द्वारा किया गया।

बैठक में आगामी 16 सितम्बर से प्रारंभ हो रहे दशलक्षण महापर्व की व्यवस्थाओं तथा 26 सितम्बर को नगर में निकलने वाली भव्य जैन रथयात्रा महोत्सव तथा 27 सितम्बर को रात्रि में मनोहर हैरिटेज में आयोजित होने वाले विराट कवि सम्मेलन की व्यवस्थाओं पर व्यापक विचार-विमर्श हुआ।

कवि सम्मेलन के संयोजक चेयरमैन प्रदीप जैन तथा राजेश सुधीर जैन ने बताया कि कवि सम्मेलन के लिए 7 कवि तथा कवियत्री बुक कर दिये गए हैं।

मंत्री आकाश जैन ने बताया कि सभी 5 बैंड बाजे 3 शहनाई 2 ढोल आदि रथयात्रा के लिए बुक कर दिए गए हैं। मीडिया का कार्य मीडिया प्रभारी-सुरेश चन्द जैन पत्रकार को सौपें गये हैं।

मीडिया प्रभारी तुषार जैन ने बताया कि नगर के तीनों चौराहों-अतरपुरा चौराहा, पक्का बाग चौराहा तथा तहसील चौराहों पर बड़े तीन होल्डिंग रथयात्रा महोत्सव तथा



विराट कवि सम्मेलन के लगेंगे तथा कुछ छोटे होल्डिंग लगाये जाएंगे। मनोहर हैरिटेज में विराट कवि सम्मेलन से पूर्व जैन समाज की सभी शाखाओं तथा इस वर्ष हाईस्कूल बोर्ड, इंटर बोर्ड परीक्षाओं के प्रतिभावान छात्र छात्राओं को सम्मानित किया जायेगा। मनोहर हैरिटेज में मंच संचालन मनोज जैन तथा पंकज जैन द्वारा किया जायेगा। इस अवसर जैन समाज के अध्यक्ष सुधीर जैन, उपाध्यक्ष पुलकित जैन, कोषाध्यक्ष सुखमाल जैन, मंत्री आकाश जैन,अनिल जैन, सुधीर जैन, चेयरमैन प्रदीप जैन तथा राजेश जैन,प्रचार प्रसार तथा मीडिया प्रभारी-सुरेश चन्द जैन पत्रकार,तुषार जैन अर्चित जैन,राजीव जैन, अंकुश जैन,हर्षित जैन,निखिल जैन,हिमांशु जैन आदि उपस्थित रहे।

# डीएम के निर्देश पर कृषि विभाग ने की छापेमारी,मचा हड़कंप

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** जिलाधिकारी कविता मीना के निर्देश पर जिला कृषि अधिकारी ने खरीफ सीजन में किसानों को नकली और घटिया खाद से



बचाने के लिए सख्त अभियान शुरू किया है। अभियान के दो दुकानों पर छापेमारी कर 18 नमूने संग्रहित कर जांच के लिए प्रयोगशाला

**अधिकारियों ने दो दुकानों से 18 नमूने संग्रहित कर प्रयोगशाला भेजे**

भेजे गये।

गुरुवार को जिला कृषि अधिकारी गौरव कुमार के नेतृत्व में टीम ने असौड़ा पैठ और दोयमी रोड पर मौजूद दो बड़ी खाद-पेस्टीसाइड की दुकानों पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान टीम ने दोनों दुकानों से कुल 18 सैंपल लिए। सभी सैंपल टेस्टिंग के लिए स्टेट लेबोरेटरी भेजे जा रहे हैं।

निरीक्षण के दौरान दोनों दुकानें एफसीओ 1985 और इंसेक्टिसाइड्स एक्ट 1968 के नियमों का उल्लंघन करती पाई गईं। इस पर कृषि विभाग दोनों विक्रेताओं को नोटिस दिया गया।

# न्यायालय ने न्याय की अनूठी मिशाल पेश की: एक माह 28 दिन में दुष्कर्म के आरोपी को सुनाई 20 वर्ष कारावास व 15 हजार का लगाया जुर्माना

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** जनपद की पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र में छह वर्षीय मासूम बच्ची के साथ हुई हैवानियत के मामले में न्यायालय ने न्याय की एक अनूठी मिसाल पेश की है। अपर सत्र न्यायाधीश एवं विशेष न्यायाधीश (पोक्सो एक्ट) ने एक माह 28 दिनों में मुख्य आरोपी को 20 वर्ष सश्रम कारावास व 15 हजार रुपये का अर्थदण्ड से दंडित किया है।

शासकीय अधिवक्ता हरेंद्र त्यागी ने जानकारी देते हुए बताया कि गत 12 जुलाई 2026 की शाम को पिलखुवा क्षेत्र के एक गांव में घटी थी। पीड़ित पिता ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया था कि उनकी 6 वर्षीय मासूम बेटी गांव के बम्बे के पास स्थित रोड़ी-डस्ट स्टोर के समीप खेल रही थी। उसी दौरान गांव का ही आरोपी अभिषेक उर्फ पुन्नू अपने एक साथी निक्की के साथ मोटर साइकिल पर आया और मासूम को





बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया।

उन्होंने बताया कि आरोपी अभिषेक बच्ची को सुनसान खेतों में ले गया,जहाँ उसने मासूम के साथ दुष्कर्म की घिनौनी वारदात को अंजाम दिया। इस दौरान दूसरा आरोपी निक्की भी उसके साथ मौजूद रहकर निगरानी कर रहा था। वारदात के बाद जब दोनों आरोपी बच्ची को बाइक पर बैठाकर वापस छोड़ रहे थे,तभी पीड़ित पिता की नजर उन पर पड़ गई। पकड़े जाने के डर से दोनों आरोपी बच्ची को वहीं छोड़कर गांव की तरफ भाग निकले। पुलिस ने दी गई तहरीर के आधार पर मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

**जुर्माना अदा नहीं करने पर आरोपी को दो महीने की अतिरिक्त सजा काटनी होगी**

गुरुवार को दोनों पक्षों की अंतिम दलीलें सुनने के बाद अदालत ने अपना ऐतिहासिक फैसला सुनाया। पोक्सो कोर्ट ने मुख्य अभियुक्त अभिषेक उर्फ पुन्नू को अभियुक्त को 20 वर्ष के कठोर कारावास और 10,000 रुपये के जुमार्ने की सजा सुनाई गई। जुमार्ना अदा न करने पर आरोपी को 2 माह की अतिरिक्त जेल काटनी होगी। अदालत ने निर्देश दिया कि अभियुक्त की सभी सजाएं एक साथ चलेंगी।

# जिले के सभी गांवों में लम्पी बीमारी का टीकाकरण किया जाये : कविता मीना

बुलन्द संदेश ब्यूरो

- गौवंशों को खिलाने वाले हरे चारे का किसानों से अनुबन्ध करें:डीएम
- डीएम ने निराश्रित गोवंशों के संरक्षण एवं भरण-पोषण की समीक्षा की

**हापुड़।** गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी कविता मीना ने निराश्रित गोवंशों के संरक्षण एवं भरण-पोषण हेतु जनपद स्तरीय अनुश्रवण एवं मूल्यांकन समीक्षा समिति की मासिक बैठक कर समीक्षा कर अधिकारियों को निर्देशित किया।

जिलाधिकारी कविता मीना ने समस्त खण्ड विकास अधिकारी,अधिशासी अधिकारी,नगर पालिका परिषद को निर्देशित किया गया,कि जनपद के समस्त संचालित



गौआश्रय स्थलों में वर्षा ऋतु के कारण जल-भराव एवं कीचड़ की समस्या न होने पाये। गौ आश्रय स्थलों में मिटटी भराव व खडंजा लगवाया जाये।

उन्होंने समस्त गौ आश्रय स्थल संचालकों को निर्देशित किया गया कि गौवंशों को खिलाने वाले हरे चारे का किसानों से अनुबन्ध किया जाये,तथा हरे-चारे में कोई भी किसान यूरिया एवं कीटनाशक दवाओं का प्रयोग न करें।

डीएम ने पशु चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया गया कि समस्त ग्रामों में लम्पी बीमारी का टीकाकरण किया जाये। कोई भी गौवंश की मृत्यु लम्पी बीमारी के कारण न होने पाये।

मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा.ओपी मिश्रा द्वारा जनपद में बन रहे नवीन वृहद गौ संरक्षण केन्द्र,शेखपुर खिचरा द्वितीय, तृतीय हिण्डालपुर, हिम्मतपुर एवं पारपा के निर्माण की प्रगति से अवगत कराया गया। निमार्णाधीन वृहद गो संरक्षण केन्द्र,पारपा, हिण्डालपुर,हिम्मतपुर में निर्माण का कार्य 90 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि इसी माह वृहद गो संरक्षण केन्द्रों का संचालन प्रारम्भ किया जाये।

इस अवसर सीडीओ श्रुति शर्मा,जिले समस्त खण्ड विकास अधिकारी, समस्त अधिशासी अधिकारी, न0पा0परि0, समस्त उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी / पशु चिकित्साधिकारी, अपर मुख्य अधिकारी,उप कृषि निदेशक आदि मौजूद रहे।

**सम्बन्ध विच्छेद**

हम दोनों अपने पुत्र जुबैर व पुत्र वधू शोबी को अभद्र व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हुए अपने व परिवार के अन्य सदस्यों के सम्बंध विच्छेद करते है। जुबैर व शोबी द्वारा किये गये कृत्य के लिए वह दोनों स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**प्रार्थी**
**सज्जाद हुसैन पुत्र अली हुसैन**
**श्रीमति शन्नो बेगम पत्नी सज्जाद हुसैन**
**नि.म.नं.-1943,गली नं-3,मजीदपुरा,शिवदयालपुरा,थाना हापुड़ नगर,जिला हापुड़**

वार्ता

## धौलाना तहसील में भ्रष्टाचार चरम पर

# दलालों के हवाले पूरा सिस्टम, सपा प्रत्याशी श्रवण शर्मा ने कहा-सरकार आते ही होगा हिसाब

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**धौलाना (संजीव वशिष्ठ)।** धौलाना विधानसभा से समाजवादी पार्टी के भावी प्रत्याशी श्रवण शर्मा बुधवार को अचानक धौलाना तहसील पहुंच गए। यहां उन्होंने अधिवक्ता चेंबर में वकीलों के साथ बैठक की और इसके बाद ग्रामीण अंचलों से आए किसानों, मजदूरों और व्यापारियों से सीधी वार्ता की।

**तहसील में लोगों का फूटा गुस्सा**

वार्ता के दौरान लोगों ने अपनी पीड़ा खुलकर बताई। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि धौलाना तहसील में बिना दलालों के कोई काम नहीं होता। खतौनी, वरासत, दाखिल-खारिज, आय, जाति, निवास जैसे छोटे-छोटे कामों के लिए भी लोगों को महीनों चक्कर काटने पड़ते हैं।

लोगों का कहना था कि तहसील में कुछ चिन्हित दलालों का सिंडिकेट काम कर रहा है। ये दलाल



अधिकारियों के साथ मिलीभगत कर अधिवक्ताओं के माध्यम से होने वाले कामों को भी खुद करा देते हैं। सबसे हैरानी की बात ये है कि इनमें से ज्यादातर दलाल हापुड़ जनपद के बाहर से आकर यहां सक्रिय हैं।

**श्रवण शर्मा का भाजपा पर सीधा हमला**

लोगों की समस्याएं सुनने के बाद सपा नेता श्रवण शर्मा ने भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा -"भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार दीमक की तरह आम आदमी को खा रहा है। गरीब, मजलूम, किसान और व्यापारी, हर वर्ग परेशान है। थाने से लेकर तहसील तक कहीं कोई सुनवाई नहीं है।"

उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा, "अफसर ये न समझें कि हमें कुछ पता नहीं है। हमारे पास हर अधिकारी और दलाल का पूरा बायोडाटा है, कौन कितना लूट रहा है सबकी जानकारी है।"

**2027 में बदलेगी सरकार**

श्रवण शर्मा ने दावा किया कि 2027 में उत्तर प्रदेश में प्रचंड बहुमत से समाजवादी पार्टी की सरकार बनने जा रही है और अखिलेश यादव मुख्यमंत्री बनेंगे। "सरकार बनते ही सबसे पहले धौलाना तहसील में हुए भ्रष्टाचार की जांच होगी। जनता को लूटने वालों से पाई-पाई की वसूली की जाएगी। जनता को सताने वाला एक भी अधिकारी बख्शा नहीं जाएगा।"

**भाजपा पर मंदिर-मस्जिद की राजनीति का आरोप -**

श्रवण शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार विकास, रोजगार और सुरक्षा जैसे असली मुद्दों से जनता का ध्यान भटकाना चाहती है। इसलिए वह फिर से हिंदू-मुस्लिम और मंदिर-मस्जिद की राजनीति करने लगी है। लेकिन इस बार जनता बहुत समझदार हो चुकी है, उनके झांसे में आने वाली नहीं है।

इस दौरान तहसील परिसर में बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं और ग्रामीणों ने फूल-मालाओं से श्रवण शर्मा का जोरदार स्वागत किया और उन्हें अपना समर्थन दिया।

# वाटर कूलर-यूरिनल के साथ जल्द नगर निगम अपनी 27 वैंडिंग जोन दुकानों को करेंगा कवर्ड

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने नगर निगम के 27 वेंडिंग लोन को व्यवस्थित करने की अब तेजी से कवायद शुरू कर दी है बुधवार को नगर आयुक्त ने नोरंगाबाद वेंडिंग जोन का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लिया। नगर आयुक्त और टाउन वेंडिंग कमेटी के अध्यक्ष प्रेम प्रकाश मीणा ने नगरीय क्षेत्र की सभी वैंडिंग जोन को अगले 10 दिनों में सभी आवश्यक सुविधाओं जैसे वाटर कूलर, यूरिनल व दुकानों को कवर्ड कर व्यवस्थित रूप देने की कवायद शुरू कर दी है। नगर निगम के 25 में से 17 वेंडिंग जोन अब सीसीटीवी कैमरों से लैस हो गए है जिनकी निगरानी अब सीधे कल्याण सिंह हैबिटेट सेंटर स्थित इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से की जा रही है।

नगर आयुक्त ने बताया कि सभी वेंडिंग जोन को अगले 10 दिनों में आवश्यक मूलभूत सुविधाओं से युक्त और व्यवस्थित किए जाने की कार्ययोजना पर काम शुरू कर दिया गया है। वेंडिंग जोन में वाटर कूलर, यूरिनल तथा दुकानों को कवर्ड किए जाने की दिशा में प्रभावी कार्रवाई अगले सप्ताह



से शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि नगर निगम के 25 आवंटित वेंडिंग जोन में से 17 वेंडिंग जोन सीसीटीवी कैमरों से लैस हो चुके हैं। इनकी निगरानी अब कल्याण सिंह हैबिटेट सेंटर स्थित इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से की जा रही है। इससे वेंडिंग जोन में होने वाली गतिविधियों पर प्रभावी निगरानी रखने के साथ-साथ व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने में भी मदद मिलेगी। उन्होने कहा कि शहर की यातायात व्यवस्था को प्रभावी एवं सुचारू बनाए रखने के लिए पिछले एक माह से नगर निगम का प्रवर्तन दल मामू भांजा, रसलगंज एवं मालगोदाम क्षेत्रों में लगातार निगरानी कर अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई कर रहा है। इसी क्रम में अब नगर निगम के सभी वेंडिंग जोन की भी नियमित निगरानी प्रवर्तन दल द्वारा की जाएगी। वेंडिंग जोन में आवंटित स्थान के बाहर सामान फैलाने अथवा धकेल खड़ी कर अतिक्रमण करने की स्थिति में संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी और बाहर रखा सामान/धकेल जब्त की जाएगी।

नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने कहा नगर निगम का उद्देश्य वेंडिंग जोन को केवल दुकान लगाने का स्थान बनाना नहीं बल्कि उन्हें व्यवस्थित सुविधायुक्त स्वच्छ और आकर्षक स्वरूप देना है। वाटर कूलर, यूरिनल और दुकानों को कवर्ड करने सहित आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। साथ ही सीसीटीवी और प्रवर्तन दल की निगरानी के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि वेंडिंग जोन के बाहर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न हो।

## टप्पल में युवक की संदिग्ध मौत परिजनों ने की हत्या की आशंका व्यक्त

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** गुरूवार को टप्पल थाना क्षेत्र के जैदपुरा गांव में 35 वर्षीय देवेन्द्र उर्फ कलुआ पुत्र राजेन्द्र सिंह अपने सर्विस स्टेशन पर मृत पाए गया। पुलिस को मौके पर मृतक के हाथ में एक तमंचा मिला और गनशॉट रेजिड्यू (जीएसआर) भी पाया गया। परिजनों ने अज्ञात हमलावरों द्वारा गोली मारने की आशंका जताई है। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी नरेन्द्र कुमार शर्मा और सीओ खैर अभिषेक कुमार पटेल मौके पर पहुंचे। उनके साथ फॉरेंसिक टीम ने घटना स्थल से साक्ष्य जुटाए। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस इस मामले में हत्या और आत्महत्या समेत सभी पहलुओं की गहन जांच कर रही है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही है ताकि सच्चाई सामने आ सके। देवेन्द्र पूर्व में नोएडा-दिल्ली में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता था। बाद में वह गांव लौटकर अपना सर्विस स्टेशन चलाने लगे थे। पंचायतनामा व पोस्टमार्टम की भी कार्रवाई की जा रही है। परिजनों की तहरीर के आधार पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जायेगी।



## नवागंतुक उप जिलाधिकारी का किया स्वागत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अतरौली।** तहसील अतरौली में नवागंतुक उप जिलाधिकारी सौरभ कुमार गुप्ता का अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महा संगठन के पदाधिकारियों ने स्वागत एवं सम्मान किया। संगठन के पदाधिकारियों ने उप जिलाधिकारी को पुष्पगुच्छ भेंट कर एवं पटका पहनाकर अभिनंदन किया। इस दौरान पदाधिकारियों ने क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं से भी उप जिलाधिकारी को अवगत कराया। नवागंतुक उप जिलाधिकारी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप क्षेत्र में जनसमस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जाएगा। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महा संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे जिस में प्रभारी कमल अग्रवाल अध्यक्ष इंजीनियर हिमांशु मित्तल गुप्ता महामंत्री दुर्गेश कुमार वार्ष्णेय, आलोक वार्ष्णेय संरक्षक उमेश वार्ष्णेय प्रदेश कुमार पंकज लाल मुकुल अग्रवाल आदि थे।



# योगी सरकार में बड़े-बड़े माफिया मिट्टी में मिल गए, फिर वार्ड 27 का कथित भू-माफिया क्यों बचा हुआ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली उत्तर प्रदेश सरकार लगातार माफिया और अवैध कब्जों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का दावा करती रही है। ऐसे में जनपद अलीगढ़ के थाना सासनी गेट क्षेत्र, सराय सुल्तानी चौकी के अंतर्गत वार्ड नंबर 27, तमोली पाड़ा से सामने आया कथित अवैध कब्जे और निर्माण का मामला प्रशासनिक व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है।स्थानीय लोगों द्वारा मुख्यमंत्री योगी

**वार्ड नंबर 27 तमोली पाड़ा में निर्माण को लेकर स्थानीय लोगों ने मुख्यमंत्री से लगाई गुहार – 1076 से लेकर ऑनलाइन पोर्टल तक शिकायत, फिर भी कार्रवाई का इंतजार**

आदित्यनाथ को भेजे गए प्रार्थना-पत्र में आरोप लगाया गया है कि 300 गज से अधिक भूमि पर कथित रूप से कब्जा कर निर्माण कार्य कराया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मामले को लेकर विभागीय अधिकारियों से लेकर संबंधित शिकायत पोर्टल और मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 तक शिकायत की जा चुकी है, लेकिन उनके अनुसार अभी तक प्रभावी कार्रवाई जमीन पर दिखाई नहीं दी है।

**आखिर किसके संरक्षण में बुलंद हैं हौसले**

सबसे बड़ा सवाल यही है कि यदि भूमि पर कब्जे और निर्माण के आरोप प्रथम दृष्टया गंभीर हैं तो अब तक मौके पर स्पष्ट जांच क्यों नहीं हुई? स्थानीय लोगों की मांग है कि राजस्व अभिलेख, भूमि की वास्तविक स्थिति और निर्माण की वैधता की निष्पक्ष एवं मौके पर जाकर जांच कराई जाए।

स्थानीय लोगों का कहना है कि वे किसी व्यक्ति को बिना जांच दोषी नहीं ठहराना चाहते। उनका सीधा सवाल है–आखिर यह भूमि सरकारी है, पंचायती है अथवा निजी इसका राजस्व रिकॉर्ड के आधार पर स्पष्ट सत्यापन कराया जाए और जांच की रिपोर्ट जनता के सामने रखी जाए।

**शिकायतों के निस्तारण पर भी सवाल**

स्थानीय लोगों का आरोप है कि शिकायतें लगातार विभिन्न माध्यमों से की गईं, लेकिन अपेक्षित कार्रवाई नहीं हो सकी। अब सवाल यह उठ रहा है कि यदि शिकायतें उच्च स्तर तक पहुंचने के बाद भी मौके पर स्थिति जस





की तस है, तो आखिर शिकायतों के निस्तारण की वास्तविकता क्या है?

स्थानीय लोगों ने यह भी मांग की है कि यदि किसी अधिकारी द्वारा बिना स्थलीय जांच के गलत या भ्रामक रिपोर्ट लगाई गई है तो उसकी भी जांच होनी चाहिए। उनका कहना है कि मामले में मूल दस्तावेज, शिकायतों की प्रतियां, फोटो, लोकेशन और अन्य साक्ष्य मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत किए जाएंगे।

**गरीबों की दुकानों हड़पने से लेकर प्लॉट तक का सफर कब्जे का सफर**

स्थानीय लोगों ने गंभीर आरोप लगाते हुए दावा किया है कि संबंधित व्यक्ति पर पूर्व में गरीबों की दुकानों और अब गरीब लोगों के प्लॉटों पर कथित कब्जे के आरोप लगाए जा रहे हैं। हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र एवं आधिकारिक पुष्टि होना अभी बाकी है।

स्थानीय लोगों ने मांग की है कि संबंधित व्यक्ति की संपत्तियों की भी कानूनी प्रक्रिया के तहत जांच कराई जाए और यदि जांच में अवैध कब्जा अथवा अन्य अनियमितता सामने आती है तो नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाए।

**लखनऊ जाएंगे, मुख्यमंत्री के सामने रखेंगे पूरा मामला**

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि स्थानीय स्तर पर निष्पक्ष कार्रवाई नहीं होती है तो वे लखनऊ जाकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर पूरे मामले को मूल दस्तावेजों और साक्ष्यों के साथ उनके समक्ष रखेंगे।

उनका कहना है कि उनका उद्देश्य किसी व्यक्ति को बदनाम करना नहीं, बल्कि यह स्पष्ट कराना है कि 300 गज से अधिक भूमि को लेकर लगाए जा रहे आरोपों में वास्तविकता क्या है।

**प्रशासन के सामने सीधा सवाल**

अब निगाहें प्रशासन पर हैं। क्या संबंधित विभाग मौके पर पहुंचकर भूमि की पैमाइश और अभिलेखों का सत्यापन करेगा? क्या निर्माण कार्य की वैधता की जांच होगी? क्या शिकायतों के पूर्व निस्तारण की भी समीक्षा होगी? और यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो क्या जिम्मेदार लोगों के खिलाफ उसी सख्ती से कार्रवाई होगी, जिसका संदेश प्रदेश सरकार लगातार देती रही है?

**वार्ड नंबर 27 तमोली पाड़ा के इस मामले ने एक बार फिर सवाल खड़ा कर दिया है–सरकार माफिया के खिलाफ सख्त है, लेकिन स्थानीय स्तर पर शिकायतों के बावजूद कार्रवाई में देरी क्यों?**

स्थानीय लोगों ने मुख्यमंत्री, जिलाधिकारी, नगर निगम एवं संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों से मांग की है कि निष्पक्ष जांच कर सच्चाई जनता के सामने लाई जाए और यदि अवैध कब्जा प्रमाणित होता है तो तत्काल नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

साथ में: प्रार्थना-पत्र, मौके की फोटो, लोकेशन संबंधी साक्ष्य एवं उपलब्ध दस्तावेज। समक्ष रखे गए हैं।

# सुदामापुरी में अग्रवाल किराना स्टोर पर छापा ब्रांडेड आटे के पैकेट खोलकर मिला रहे थे सादा आटा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** सुदामापुरी स्थित अग्रवाल किराना स्टोर पर ब्रांडेड आटे की पैकिंग खोलकर सादा आटा मिलाना और आटा निकालने के मामले का खुलासा हुआ है। दुकानदार धर्मेंद्र अग्रवाल और जितेंद्र अग्रवाल पर यह आरोप लगा है। वे डबल हिरण आटा और रुचि फूड्स आटा के ब्रांडेड पैकेट से आटा निकालकर बेच रहे थे।



आरोप है कि दुकानदार डबल हिरण आटा और रुचि फूड्स आटा के ब्रांडेड पैकेट से आटा निकालकर बेच रहे थे। आटे को 9.5 किलोग्राम या नौ किलोग्राम की कम वजन वाली पैकिंग में बेचा जा रहा था। हरिओम नगर में पीडब्लूडी अधिकारी के यहां पहुंचे आटे पर दिलीप कुमार अग्रवाल ने शिकायत की। उन्होंने पैकिंग पर दिए नंबर पर रुचि आटा कंपनी के मालिक जितेंद्र वासनी को फोन किया। जितेंद्र वासनी ने मौके पर जाकर जांच की तो दुकानदार आटे की पैकिंग करते मिले। इसके बाद उन्होंने खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम को सूचना दी। मौके पर पहुंची टीम ने आटे के नमूने भरे।

## सासनीगेट: वृद्ध ने खुद को गोली मारकर दी जान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** थाना सासनीगेट के मोहल्ला सराय वृंदावन में 70 वर्षीय राजकुमार गुप्ता ने अपनी लाइसेंसी रायफल से



आत्महत्या कर ली। डायल 112 पर सूचना मिलते ही पुलिस व फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। परिजनों के अनुसार मृतक गंभीर बीमारी से ग्रस्त थे। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। सीओ प्रथम संजीव कुमार शर्मा ने घटना की पुष्टि की।

## राज्य स्तरीय सम्मेलन नियो कॉन 11 से शिशु चिकित्सा जटिल समस्याओं पर करेंगे मंथन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स अलीगढ़ शाखा द्वारा नवजात शिशु चिकित्सा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण राज्य स्तरीय सम्मेलन नियो कॉन 26 का आयोजन 11, 12 एवं 13 सितंबर को किया जा रहा है।

सम्मेलन में देश-विदेश से नवजात शिशु चिकित्सा के क्षेत्र के वरिष्ठ चिकित्सक भाग लेंगे, जिनके द्वारा नवजात शिशुओं के आधुनिक उपचार, समय से पूर्व जन्मे एवं कम वजन वाले बच्चों की देखभाल एवं जटिल समस्याओं के निदान एवं नवीनतम पद्धतियों पर व्याख्यान एवं वैज्ञानिक सत्र आयोजित होंगे।

अध्यक्ष डॉ. प्रदीप बंसल ने कहा कि सम्मेलन का उद्देश्य नवजात शिशुओं



की चिकित्सा से जुड़े चिकित्सकों को आधुनिक एवं प्रमाण-आधारित उपचार पद्धतियों से जोड़ना है, जिससे नवजात शिशुओं को बेहतर चिकित्सा मिल सके। सचिव डॉ. अभिषेक शर्मा ने कहा कि सम्मेलन में देश के विशेषज्ञों का एकत्रित होना अलीगढ़ के लिए गौरव की बात है। इससे स्थानीय चिकित्सकों को विशेषज्ञों के अनुभव से सीखने का मौका मिलेगा। कोषाध्यक्ष डॉ. नीलम मंधार ने बताया कि इस सम्मेलन को सफल बनाने के लिए चिकित्सकों में विशेष उत्साह है। मौके पर मुख्य आयोजनकर्ता डॉ. संजीव कुमार, संरक्षक डॉ. वाई.के. द्विवेदी, डॉ. अनूप कुमार आदि मौजूद रहे।

# श्री गणेश महोत्सव का शुभारंभ 14 से

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** रघुवीरपुरी स्थित श्री अखलेश्वर महादेव मंदिर ट्रस्ट में 12 सितंबर को ईको फ्रेंडली श्री गणेश जी की प्रतिमाओं का निःशुल्क वितरण किया जाएगा। 14 सितंबर से पांच दिवसीय तृतीय श्री गणेश महोत्सव का शुभारंभ किया जाएगा।यह जानकारी अध्यक्ष सतीश गौड़ ने दी। उन्होंने बताया कि ट्रस्ट पिछले सात वर्ष से ईको फ्रेंडली गणेश प्रतिमाओं का निर्माण करा रहा है, जिनमें पंचगव्य के सभी ग्रहों के अनाज होते हैं, जो मिट्टी पानी में आसानी से घुल जाते हैं। यह अनाज जलचरों का भोजन बन जाता है। महामंत्री मनोज अग्रवाल ने बताया कि पीओपी की प्रतिमा पानी में नहीं घुलती है और उसमें प्रयोग होने वाले रासायनिक रंगों से जलचर मर जाते हैं। बताया कि मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी ईको ईको फ्रेंडली श्री गणेश प्रतिमाओं का वितरण करेंगे। 14 सितंबर को गणेश जी की स्थापना और शिव विवाह के साथ महाकाल की आरती, 15 सितंबर को राधे गोविंद संकीर्तन



मंडल की ओर से विशाल भजन संध्या 16 सितंबर को पंडित मेघ श्याम शर्मा की ओर से भजन संध्या, 17 सितंबर को राधा कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता, 18 सितंबर को वृंदावन की गोसुता दीदी वृंदा किशोरी की भजन संध्या होगी। मौके पर अध्यक्ष सतीश गौड़, सचिव मनोज अग्रवाल, उपाध्यक्ष सत्येंद्र प्रकाश गुप्ता, उप सचिव प्रवीण वार्ष्णेय, कोषाध्यक्ष ब्रजमोहन वार्ष्णेय, ज्ञानेंद्र गुप्ता, मुकेश सिंघल रामाअंचल, प्रवीन अग्रवाल, नवीन शर्मा, अमित सिंघल, प्रवीन गोयल, विनोद कुमार, सुरेंद्र शर्मा, देवेंद्र पाल सिंह आदि उपस्थित रहे।

# साइबर ठगों ने महिला से 1.89 लाख रुपये व व्यापारी से 18,74,000 रुपये ठगे

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** साइबरों ठगों ने ठगी की अलग-अलग घटनाओं में अलीगढ़ के धौर्रा माफी एक महिला और खैर के मालीपुरा एक व्यापारी और टेलीग्राम के जरिए ट्रेडिंग में मुनाफा कमाने का झांसा देकर महिला से 1.89 लाख रुपये और खैर व्यापारी से 18,74,000 रुपये की साइबर ठगी का मामला सामने आया है। ठगी की आशंका होने पर पीड़िता ने साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराने के साथ क्वार्सी थाने और खैर मुकदमा दर्ज कराया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्वार्सी अन्तर्गत धौर्रा माफी चांद वाली गली निवासी निखत नसीम ने पुलिस को बताया कि वह टेलीग्राम के माध्यम से एक व्यक्ति के संपर्क में आई थीं। उस व्यक्ति ने खुद को ट्रेडिंग से संबंधित बताया और ट्रेडिंग सिग्नल व कापी ट्रेडिंग के जरिए मुनाफा कमाने का भरोसा दिलाया। उसके बताए अनुसार पैसे लगाने पर अच्छा लाभ होने का झांसा दिया। उस व्यकित के कहने पर निखत नसीम ने अलग-अलग बैंक खातों में यूपीआई के माध्यम से 1,89,000 रुपये ट्रांसफर किए। बाद में उनसे और रकम जमा करने तथा



अलग-अलग भुगतान करने के लिए कहा गया। लगातार पैसे मांगे जाने पर उन्हें संदेह हुआ कि उनके साथ ऑनलाइन धोखाधड़ी की जा रही है।

वहीं दूसरी ओर खैर के गांव मालीपुरा निवासी व्यापारी सतीश सैनी को कारोबार से संबंधित काम के लिए एक नंबर की जरूरत थी। उन्होंने गूगल पर नंबर तलाशा। इसके कुछ देर बाद उनके पास एक अज्ञात नंबर से महिला का फोन आया। महिला ने खुद को एक बड़ी कंपनी का प्रतिनिधि बताया और कंपनी से जुड़कर अच्छा मुनाफा कमाने का लालच दिया। उसकी बातों में आकर व्यापारी साइबर ठगों के जाल में फंस गए।

आरोपियों के कहने पर सतीश ने पांच अगस्त से एक सितंबर के बीच अलग-अलग बैंक खातों में कुल 18,74,000 रुपये ट्रांसफर कर दिए। मुनाफे के साथ रकम वापस मिलने की उम्मीद में वह लगातार पैसे भेजते रहे। बाद में जब उन्होंने अपनी रकम और मुनाफा वापस मांगा तो आरोपियों ने पांच लाख रुपये और जमा करने के लिए कहा। इसके बाद उन्हें ठगी का अहसास हुआ। व्यापारी ने साइबर थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

**बैठक** | **जनसुझावों एवं आपत्तियों के आधार पर सरकार को संस्तुतियां उपलब्ध कराई जाएंगी**

# पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति की अध्यक्षता में बैठक आयोजित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** उत्तर प्रदेश राज्य स्थानीय ग्रामीण निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति राम औतार सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को कलैक्ट्रेट सभागार में जिले में पिछड़ेपन की स्थिति के अध्ययन के लिए बैठक आयोजित हुई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सहित जिला पंचायत सदस्यों, ब्लॉक प्रमुखों, ग्राम प्रधानों एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने प्रतिभाग कर आयोग को महत्वपूर्ण सुझाव एवं जानकारियां उपलब्ध कराईं।

न्यायमूर्ति राम औतार सिंह ने कहा कि मा0 सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के क्रम में आयोग प्रदेश के विभिन्न जिलों का भ्रमण कर अन्य पिछड़ा वर्ग के सामाजिक, शैक्षिक, आर्थिक एवं राजनीतिक पिछड़ेपन की वास्तविक स्थिति का अध्ययन कर रहा है। उन्होंने बताया कि स्थानीय ग्रामीण निकायों में अन्य पिछड़ा वर्ग के राजनीतिक प्रतिनिधित्व एवं आरक्षण से संबंधित तथ्यों का गहन अध्ययन कर जनसुझावों एवं आपत्तियों के आधार पर सरकार को संस्तुतियां उपलब्ध कराई जाएंगी। सदस्य बृजेश कुमार ने बताया कि 1994 में पिछड़ा वर्ग में 79 जातियों को सम्मिलित किया गया था। वर्तमान व्यवस्था के आधार पर पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत तक का आरक्षण दिया जा रहा है। सुझाव एवं सुनवाई के दौरान सदस्य संतोष कुमार विश्वकर्मा, एस0पी0 सिंह, अरविन्द कुमार चौरसिया द्वारा भी जनप्रतिनिधियों से उनकी राय जानी गई।

बैठक में जनप्रतिनिधियों से प्रश्नोत्तर के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में पिछड़ेपन के कारणों, स्थानीय



निकायों में ओबीसी की भागीदारी और राजनीतिक प्रतिनिधित्व से जुड़े विषयों पर जानकारी प्राप्त की गई।

मुख्य विकास अधिकारी योगेन्द्र कुमार ने बताया कि जिला अलीगढ़ 3650 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार ग्रामीण क्षेत्र की जनसंख्या 2285065 है। जिले में 05 तहसीलें, 12 विकासखण्ड और 852 ग्राम पंचायतें, क्षेत्र पंचायतों की संख्या 12 और जिला पंचायत के अन्तर्गत 46 वार्ड आते हैं। अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती विजय सिंह ने बताया कि जिला पंचायत में पिछड़ा वर्ग के व्यक्तियों की संख्या 1198111 है जो कुल जनसंख्या का 52.43 प्रतिशत है। जिलें में 46 के सापेक्ष 12 जिला पंचायत सदस्य पिछड़ा वर्ग का प्रतिनिधित्व करते हैं।

कलैक्ट्रेट सभागार में उपस्थित आए ब्लॉक प्रमुखगण राहुल सिंह, केहर सिंह राजपूत, ठा0 हरेन्द्र सिंह, दिवाकर गौड़, पूजा दिवाकर, रेशमपाल सिंह और ग्राम प्रधान, बीडीसी सदस्यों एवं उनके प्रतिनिधियों रवि खटीक, प्रदीप चौधरी, जितेन्द्र सिंह, जयवीर सिंह, भूपेश बघेल, प्रवेशवती, वीरेश कुमार कुशवाहा, अशोक कुमार, लाल सिंह, करनपाल सिंह, पवन चौधरी, दरियाव सिंह, वीरेन्द्र कुमार, शिवा चौधरी, भगवती सिंह, ओमवीर सिंह, ध्रुव यादव, विष्णु कुमार, गजेन्द्र सिंह, कमल सिंह सहित अति पिछड़ा मंच अधिकार से जवाहर लाल बघेल ने आयोग द्वारा किए गए सवालों की बड़ी बेबाकी के साथ जवाब देने के साथ अपनी भी राय रखी।

बैठक से पूर्व आयोग द्वारा मान प्रणाम ग्रहण किया गया। जिलाधिकारी अविनाश कुमार एवं मुख्य विकास अधिकारी द्वारा अध्यक्ष एवं समिति के सदस्यों का पुष्प गुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर पीडी डीआरडीए आर0के0 कुरील, डीपीआरओ यतेन्द्र कुमार सिंह, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत श्याम बहादुर शर्मा समेत सभी खण्ड विकास अधिकारी उपस्थित रहे।

## चित्रकला विभाग में छात्रा परिषद का गठन, सौम्या अध्यक्ष बनीं

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** चित्रकला विभाग में छात्रा परिषद के नव निर्वाचित पदाधिकारियों को बैज व सैशे पहनाकर दायित्व सौंपा गया। प्राचार्या प्रो. लकी गुप्ता के निर्देशन में प्रभारी प्रो. सीमा अग्रवाल ने चयनित छात्राओं को बधाई दी।अध्यक्ष - सौम्या (एमए फाइनल), उपाध्यक्ष - चित्रा, सचिव - डॉली, उप सचिव - गरिमा सैनी, कोषाध्यक्ष - शालिनी चुनी गईं। सदस्य के रूप में गुड़िया, रंजना, खुशबू, रूबी आर्य व मनीषा को चुना गया। संचालन सौम्या वर्मा ने किया।



Email Id : Bulandsandesh@gmail.com

दैनिक बुलन्द संदेश

# किशनपुर जाहिदपुर में अंत्येष्टि स्थल का शिलान्यास, MLC बहोरन लाल मौर्य और विधायक राघवेन्द्र शर्मा रहे मौजूद

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**मझगावाँ, बरेली।** विकास खण्ड मझगावाँ की ग्राम पंचायत किशनपुर जाहिदपुर में अंत्येष्टि स्थल के शिलान्यास समारोह का भव्य आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधान परिषद सदस्य बहोरन लाल मौर्य जी एवं 123 विधानसभा बरेली के विधायक राघवेन्द्र शर्मा, ब्लॉक प्रमुख मझगावाँ यशवंत सिंह एवं ब्लॉक प्रमुख हरेन्द्र पटेल जी ने शिलान्यास कर कार्यक्रम को गरिमामय बनाया।कार्यक्रम में प्रधान साथी चंद्रबाबू मौर्य, रमेश मौर्य, सर्वेन्द्र मौर्य, बृजमोहन मौर्य, दयाराम मौर्य, भोगराज मौर्य, मेवाराम मौर्य, राजेश मौर्य, मनोज पाल, महेन्द्र पाल वर्मा, वीरेन्द्र शाक्य, आरिफ खान, जितेन्द्र मौर्य , पूर्व जिला पंचायत सदस्य पिंटू मौर्य एवं ब्लॉक के अधिकारी/कर्मचारी गण व बड़ी संख्या में देवतुल्य ग्रामवासी उपस्थित रहे।

आयोजक ग्राम पंचायत की ओर से पधारे सभी आदरणीय अतिथियों, जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों का हृदय से आभार व्यक्त किया गया।

# खाकी का 'हिजाब' पर वार, पत्रकारों में हाहाकार!

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**आंवला (बरेली)।** देश की राजधानी दिल्ली में पिछले दिनों हुई एक शर्मनाक बारदात ने पूरे मीडिया जगत को हिला दिया है। कानून के रखवालों पर ही कानून की धज्जियां उड़ाने का संगीन आरोप लगा है।

### दिल्ली पुलिस की हैवानियत पर बरेली में फूटा गुस्सा, राष्ट्रपति से न्याय की गुहार!

दक्षिण दिल्ली के साकेत इलाके में कवरेज कर रही डिजिटल न्यूज प्लेटफॉर्म की दो महिला पत्रकार शाहीन खान और नफीसा खान को दिल्ली पुलिस के कुछ कर्मियों ने जबरन साकेत थाने ले जाकर बर्बरता की सारी हदें पार कर दीं थीं।

पीड़िता का आरोप है कि थाने के बंद कमरे में उनके साथ मारपीट की गई और उनकी धार्मिक पहचान (हिजाब) को लेकर भद्दी और अमर्यादित टिप्पणियां की गईं। सोशल मीडिया पर वायरल तस्वीरों में उनके शरीर पर आए जख्मों के निशान इस हैवानियत की गवाही दे रहे थे।

**बरेली में फूटा गुस्सा, राष्ट्रपति को ज्ञापन**

इस घटना के विरोध में 'द जर्नलिस्ट एसोसिएशन' ने राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश डी यादव के निर्देशन पर मोर्चा खोल दिया है। संगठन के पदाधिकारियों ने एसडीएम आंवला के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा और दोषी पुलिसकर्मियों पर सख्त कार्रवाई कर जेल भेजने की मांग की। संगठन ने चेतावनी दी है कि अगर न्याय नहीं मिला तो देशव्यापी आंदोलन किया जाएगा।



ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रदेश महासचिव अवधेश यादव, मंडल संरक्षक बीएस चन्देल, मंडल अध्यक्ष निवास यादव, मंडल सचिव अशोक आर्य, अदनान खान, जिला संरक्षक सुधीर कुमार आचार्य, जिला अध्यक्ष शहंशाह, जिला उपाध्यक्ष सूरज सागर, बबलू सागर, सददाम खान चन्दन शर्मा, अर्जुन दिवाकर, तहसील संरक्षक संत प्रसाद शर्मा, तहसील अध्यक्ष राजकमल चौहान, निरंजन मौर्य, भूपेंद्र कुमार, नेत्रपाल वर्मा, मझगवां ब्लॉक अध्यक्ष रवि साहू, विपिन श्रीवास्तव, रंजीत बिसारिया, मोहम्मद आजाद सैफी, रितेश वर्मा सहित बड़ी संख्या में पत्रकार मौजूद रहे।

# मुरादाबाद में स्वाइन फ्लू से 70 वर्षीय बुजुर्ग की मौत: 28 मरीजों में हो चुकी है पुष्टि, स्वास्थ्य विभाग के निर्देश के बाद भी "अधिकांश अधिकारी, नागरिक नहीं लगा रहे "मास्क"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** हिमगिरी कॉलोनी मुरादाबाद निवासी 70 वर्षीय बुजुर्ग की स्वाइन फ्लू की चपेट में आने से मौत हो गई। बुजुर्ग पहले से टीबी, मधुमेह, ब्लड प्रेशर और हृदय की बीमारियों से पीड़ित थे। दो दिन पहले ही उनके दिल में स्टेंट भी पड़ा था।

परिजनों के मुताबिक बुजुर्ग का कांठ रोड स्थित अस्पताल में उपचार चल रहा था। मंगलवार शाम उनकी हालत में सुधार होने पर अस्पताल से छुट्टी दे दी गई थी लेकिन रात में तबीयत फिर बिगड़ गई। परिजन उन्हें दोबारा अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां स्वाइन फ्लू की जांच के लिए नमूना लिया गया। जिले में एक और व्यक्ति में स्वाइन फ्लू की पुष्टि हुई है। शिवपुरी निवासी 42 वर्षीय दुकानदार चार दिन से बीमार हैं। उन्होंने जांच कराई और बुधवार को उनकी रिपोर्ट पॉजिटिव आ गई। डिप्टी सीएमओ डॉ. प्रवीण श्रीवास्तव का कहना है कि जिले में अब तक 28 लोगों में स्वाइन फ्लू संक्रमण की पुष्टि हो चुकी है। अधिकारियों के अनुसार संक्रमित मरीजों की निगरानी और उपचार की प्रक्रिया जारी है। दूसरी और जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. प्रवीण श्रीवास्तव ने बताया कि बुजुर्ग के हृदय में स्टेंट पड़ा था और मंगलवार को उन्हें ठीक हालत में




अस्पताल से छुट्टी मिली थी। बुधवार को अस्पताल में ही उनकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि जिले में अब तक स्वाइन फ्लू से दो लोगों की मौत हो चुकी है। दोनों पहले से मधुमेह समेत अन्य बीमारियों से पीड़ित थे।दीनदयाल नगर निवासी प्रथमा बैंक के पूर्व प्रबंधक की 30 अगस्त को स्वाइन फ्लू से मौत हुई थी' स्वास्थ्य विभाग के निर्देश के बावजूद स्वाइन फ्लू से बचने के लिए लोग उचित दूरी और मास्क का उपयोग नहीं कर रहे हैं' अधिकांश सरकारी कार्यालय में भी अधिकारी बिना मास्क लगाएं बैठे हुए हैं।

# डॉ, कपिल सिरोही के नेतृत्व में शिक्षक संघ ने खंड शिक्षा अधिकारी को शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं और मांगों से कराया अवगत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ छजलैट के प्रतिनिधि मंडल ने गुरुवार को अध्यक्ष डॉ कपिल सिरोही के नेतृत्व में शिक्षकों की

### खंड शिक्षा अधिकारी विकास कुमार ने विभिन्न समस्याओं का शीघ्र निस्तारण कराने का दिया आश्वासन

विभिन्न समस्याओं व मांगों लेकर खंड शिक्षाधिकारी विकास कुमार से वार्ता की और इस संबंध में उनका ज्ञापन दिया खंड शिक्षा अधिकारी ने विभिन्न समस्याओं का समाधान कराने का आश्वासन दिया है' खंड शिक्षा अधिकारी को दिए ज्ञापन में शिक्षकों के एक ही पद पर निरंतर 10 वर्ष की संतोषजनक सेवापूर्ण होने पर लगने वाले चयन वेतनमान प्रकरणों को प्रत्येक माह के अंत तक कार्यालय जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को अग्रसारित कर दिए जाएं। जिससे शिक्षकों को स्वीकृती उपरांत समय पर चयन वेतनमान का लाभ प्राप्त हो सके ' अंतर्जनपदीय स्थानांतरण/अंतः जनपदीय स्थानांतरण के फ्लस्वरूप विकास क्षेत्र छजलैट में कार्यभार ग्रहण करने वाले जिन शिक्षकों की मूल सेवापुस्तिका अभी तक अप्राप्त है। इनकी सूची तैयार कर कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को प्रेषित की जाए।जिससे इन शिक्षकों के चयन वेतनमान/अवकाश/ जी पी एफ लोन संबंधी समस्याओं का निस्तारण ससमय हो सके।जनवरी 2026 से डी ए के अवशेष सामूहिक एरियर माह (जनवरी से अप्रैल) के बिल कार्यालय वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा को भेजने के संबंध में, जिससे ससमय भुगतान हो सके। कार्यालय जिला बेसिक शिक्षाधिकारी से स्वीकृत चयनवेतनमानों का वेतन निर्धारण कर ससमय कार्यालय



वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा को भेजें जाएं, जिससे शिक्षकों को ससमय चयनवेतनमान का लाभ प्राप्त हो सके।सभी समस्याओं पर खंड शिक्षाधिकारी विकास कुमार द्वारा शीघ्र निस्तारित हेतु संबंधित को आदेशित किया गया।प्रतिनिधि मंडल में दुष्यंत यादव,हरवीर सिंह,हेतराम सिंह, रिजवान अहमद, मेघराज सिंह,गौरव चौधरी, राजवीर सिंह,कृष्णगोपाल सिंह,शमीम अहमद,अशोक यादव,घनश्याम सिंह आदि उपस्थित रहे।

# शिव मोनी मंदिर पर मनाया गया श्री कृष्णा छठी महोत्सव

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर शिव मोनी मंदिर में श्री राम रोल कमेटी द्वारा भगवान श्रीकृष्ण का छठी महोत्सव के साथ

### सफल आयोजन पर "कमेटी ने अतिथियों व सहयोगियों को किया "सम्मानित

कमेटी द्वारा राम डोल के सफल आयोजन को लेकर अतिथियों एवं सहयोगियों को गुरुवार को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित सतीश चंद्र शर्मा द्वारा विधि-विधान से यज्ञ कराकर किया गया। यज्ञ में मंदिर के महंत भजनानंद जी महाराज, महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज के प्रबंधक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता मुकेश माहेश्वरी,विनोद नंबरदार, भाजपा नेता अभय विश्नोई,आचार्य भावेश शर्मा, सहित श्री रामडोल कमेटी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने घी व हवन सामग्री की आहुति देकर क्षेत्र में सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की।





यज्ञ के उपरांत श्री रामडोल कमेटी की ओर से रामडोल के सफल आयोजन पर अतिथियों एवं पत्रकारों को फूल-मालाएं पहनाकर तथा शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इसके बाद कमेटी द्वारा श्री रामडोल आयोजन के आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। श्रद्धालुओं को सूजी का हलवा एवं कढ़ी-चावल का प्रसाद वितरित किया गया। प्रसाद ग्रहण करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

इस अवसर पर,चौकी इंचार्ज राहुल राघव,इंद्रजीत सिंह,संजय कुमार नंबरदार, राकेश विश्नोई, प्रदीप कुमार गुड्डू, राजेंद्र विश्नोई, सनी विश्नोई,प्रदीप कुमार,पिंटू विश्नोई,सुरेंद्र मुंशी जी, रितेश कुमार,संजीव पाटिल, सचिन कुमार,रामवीर सिंह, सौरभ विश्नोई,सुमन कुमार, निखिल बिश्नोई, ओमवीर सिंह,धर्मवीर सिंह सुशील कुमार, महेंद्र कुमार,शुभम विश्नोई,आदि मौजूद रहे।

# पति-पत्नी में हुआ विवाद: शादी के 20 दिन बाद" फंदे से लटककर "युवती ने दी जान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** पति से विवाद के बाद युवती ने घर में फंदे से लटककर जान दे दी। एक दिन पहले ही पति-पत्नी में विवाद हुआ था। करीब 20 दिन पहले ही युवती का निकाह हुआ था। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक मूंढापांडे थाना क्षेत्र के गांव खरग निवासी यावर टेंपो चलाने का काम काम करता है। वह बचपन से अपनी बुआ के साथ सिरसा इनायतपुर दौड़ बाग में रह रहा है। 20 अगस्त को यावर की शादी नागफनी क्षेत्र निवासी नेहा के साथ हुई थी। नेहा सिलाई का काम करती थी। जिसे यावर पसंद नहीं करता था। इस बात को लेकर दोनों के बीच बहस हो गई। कहासुनी की जानकारी होने पर नेहा के मायके वाले आ गए। दोनों को समझा बुझाकर मामला शांत कराया। यावर बुधवार की सुबह टेंपो लेकर काम पर निकल गया। जबकि नेहा घर पर ही थी। दोपहर में घरवालों की नजर नेहा पर पड़ी तो वह फंदे से लटकी हुई थी। परिजनों ने उसे फंदे से नीचे उतारा। लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि युवती का शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवा दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### जिला अस्पताल में आरटीपीसीआर जांच शुरू: शासन की तरफ से चालीस आरटीपीसीआर जांच किट भेजी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** जनपद में स्वाइन फ्लू के संक्रमण के लगातार बढ़ रहे मामलों के बीच सरकारी स्तर पर स्वाइन फ्लू की सटीक जांच नहीं हो पाने की जो समस्या बनी हुई थी वह फिलहाल अब दूर हो गई। बुधवार से मंडलीय जिला अस्पताल में स्वाइन फ्लू की आरटीपीसीआर जांच शुरू हो गई।अस्पताल प्रशासन ने आरटीपीसीआर जांच किट उपलब्ध कराए जाने का अनुरोध शासन को कई दिन पहले भेज दिया था। जिला अस्पताल में बुधवार को संचारी फीवर वार्ड हुआ फुल, इलाज के लिए भर्ती मरीज ।अस्पताल के मुख्य चिकित्साधीक्षक डॉ. प्रदीप वार्ष्णेय ने बताया कि शासन की तरफ से फिलहाल चालीस आरटीपीसीआर जांच किट भेजी गई हैं जिसकी वजह से आशंकित मरीजों की जांच का सिलसिला शुरू कर दिया गया है। डॉ. वार्ष्णेय ने बताया कि रैपिड किट से अभी तक, छह मरीजों की स्वाइन फ्लू की जांच की गई है जिसकी रिपोर्ट निगेटिव आई। दूसरी और स्वास्थ्य विभाग की टीम को नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल और उनके परिजनों के स्वाइन फ्लू के संक्रमण से पीड़ित होने के अंदेशे में जांच के लिए उनके आवास पर भेजा गया' लेकिन वहां से टीम को लौटा दिया गया।

### शासन के निर्देश पर जनपद में चला अभियान: आठ हजार परिसरों की गई जांच, बिजली चोरी के 320 मामले पकड़े, कांठ में 177 मामले पकड़े गए

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** बिजली चोरी, कटियामारी और मीटर में छेड़छाड़ के खिलाफ विद्युत वितरण मंडल प्रथम की ओर से शासन के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान में अब तक आठ हजार से अधिक परिसरों की जांच की गई। इस दौरान बिजली चोरी के 320 मामले पकड़े गए। सभी मामलों में भारतीय विद्युत अधिनियम की धारा 135/138बी के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। अधीक्षण अभियंता विद्युत ग्रामीण गुलशन गोयल ने बताया कि जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया के निर्देश पर अगस्त से सितंबर तक सघन जांच और प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा है। स्थानीय विद्युत विभाग की टीमों के साथ विजिलेंस टीम भी




जांच कर रही हैं। अभियान के दौरान ग्रामीण खंड में 2500 कांठ में 3500 और ठाकुरद्वारा में 2000 परिसरों की जांच हुई। इनमें ग्रामीण क्षेत्र में 79 कांठ में 177 और ठाकुरद्वारा में 64 बिजली चोरी के मामले पकड़े गए। विभाग के अधिकारियों ने गुरुवार को बताया अभियान जारी रहेगा ।

### रिश्वत लेते पकड़ा गया "पेशकार निलंबित" करप्शन कोर्ट में पेश किया, भेजा जेल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** चकबंदी कार्यालय में मंगलवार दोपहर 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए पकड़े गए उप संचालक चकबंदी के संप्रति वरिष्ठ सहायक एवं पेशकार सुभाष चंद्र को निलंबित कर दिया गया है। आरोपी पेशकार को एंटी करप्शन कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। मूंढापांडे थाना क्षेत्र के गनेशघाट निवासी अधिवक्ता ओमवीर सिंह किसान भी हैं। उनका चकबंदी विभाग में जमीन से संबंधित वाद चल रहा था। उन्होंने बताया कि उनके वाद में 17 अप्रैल को फाइनल बहस हो गई थी और आदेश के लिए 24 जून की तारीख तय की गई थी लेकिन आदेश को अभी तक ऑनलाइन अपलोड नहीं किया गया था। उन्होंने चकबंदी विभाग के उप संचालक के संप्रति वरिष्ठ सहायक एवं पेशकार सुभाष चंद्र से संपर्क किया तो उसने आदेश को ऑनलाइन करने के नाम पांच लाख रुपये की मांग की लेकिन बाद में एक लाख रुपये में बात तय हो गई थी। मंगलवार दोपहर एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने पेशकार को 50 हजार रुपये लेते हुए गिरफ्तार कर लिया। कोर्ट ने आरोपी को जेल भेज दिया है।



# कांठ पुलिस ने 2 किलो चरस के साथ दो लोगों को पकड़ा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** पुलिस ने अलग-अलग स्थान से दो लोगों को पकड़ कर चरस बरामद की है ' पुलिस ने एक व्यक्ति को हरि नूरपुर मार्ग पर भट्टे के पास पकड़ लिया जिसके पास से पुलिस ने 720 रुपए नगद और 1 किलो से ज्यादा चरस बरामद की पूछताछ में पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम अफजल पुत्र नजीर निवासी नसीरपुर बताया जबकि दूसरे मामले में उमरी कला की कान्हा गौशाला के पास पुलिस ने एक व्यक्ति को दबोच लिया इसके पास से 700 और 1 किलो से ज्यादा चरस बरामद की गई पूछताछ में पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम रईस पुत्र शरीफ निवासी




मोहल्ला चौधरीयान कस्बा उमरी कला बताया पुलिस ने दोनों व्यक्तियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। दूसरी और चरस का बड़ा कारोबार करने वाले पुलिस की पकड़ से अभी बाहर है ।

# 20 साल से बंद "ब्रास कॉरपोरेशन शुरू कराने की मांग" निर्यातकों ने मंडलायुक्त से की मुलाकात

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** निर्यात उद्योग से जुड़ी समस्याओं के समाधान और बंद पड़ी औद्योगिक सुविधाओं को दोबारा शुरू कराने की मांग को लेकर ईपीसीएच, एमएचईए और यस संगठन के संयुक्त प्रतिनिधिमंडल ने मंडलायुक्त संगीता सिंह से मुलाकात की। निर्यातकों ने करीब 20 साल से बंद ब्रास वेयर कॉरपोरेशन को फिर से संचालित कराने समेत कई मांगें रखीं।ईपीसीएच अध्यक्ष डॉ. नीरज खन्ना ने कहा कि हरथला में वर्ष 1986 में ब्रास कॉरपोरेशन की स्थापना की गई थी। यहां सैन्य उपयोग के बाद बचे बमों के खोखों से पीतल की सिल्ली तैयार की जाती थी। यह सिल्ली निर्यातकों को उपलब्ध होती थी, जिससे उन्हें कच्चा माल मिलता था। करीब दो दशक से यह व्यवस्था बंद है। उन्होंने इसे दोबारा शुरू कराने की मांग की, ताकि निर्यातकों को स्थानीय स्तर पर पीतल की सिल्ली उपलब्ध हो सके।

उन्होंने दिल्ली रोड पर रिजेंसी के पास बने एक्सपीरियंस सेंटर का उपयोग नहीं होने का मुद्दा भी उठाया। कहा कि यदि इसे निर्यातकों को उपयोग के लिए दिया जाए तो यहां आने वाले पर्यटकों को मुरादाबाद के हस्तशिल्प उत्पादों की जानकारी और प्रदर्शन दोनों मिल सकेंगे। इसके अलावा शहर में आर्टिजन पार्क विकसित करने की मांग भी रखी गई।प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि मंडलायुक्त ने निर्यातकों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा के लिए एक सप्ताह के भीतर बैठक कराने की सहमति दी है। इस मौके पर एमएचईए संरक्षक नजमुल इस्लाम, ईपीसीएच सीओए एवं एमएचईए महासचिव अवधेश अग्रवाल, यस अध्यक्ष जेपी सिंह, महासचिव पुनीत आर्या, विवेक अग्रवाल, गगन दुग्गल, कुनाल दवे आदि मौजूद रहे।



**मौत** युवक करीब पांच दिन पहले भट्ठे की चिमनी निर्माण कार्य में मजदूरी करने के लिए गुवाहाटी गया था

# गृह क्लेश के तनाव में युवक ने फंदे से लटककर दी जान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**असमोली/संभल।** असमोली थाना क्षेत्र निवासी 20 वर्षीय युवक की असम के गुवाहाटी में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। युवक करीब पांच दिन पहले भट्ठे की चिमनी निर्माण कार्य में मजदूरी करने के लिए गुवाहाटी गया था। प्रारंभिक जानकारी में गृह क्लेश के चलते तनाव की बात सामने आ रही है। हालांकि, मौत का वास्तविक कारण जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

जानकारी के अनुसार असमोली थाना क्षेत्र निवासी फिरोज पुत्र इंतजार करीब पांच दिन पहले मजदूरी करने के लिए गुवाहाटी गया था। गुरुवार सुबह वह चिमनी परिसर के पास लकड़ी की पाड़ पर गमछे के फंदे से लटका मिला। साथ काम कर रहे मजदूरों ने उसे फंदे पर लटका देखा तो घटना की सूचना परिजनों को दी।



बताया गया कि फिरोज आठ भाई-बहनों में सबसे छोटा था और सभी भाई-बहनों की शादी हो चुकी है। परिजनों के अनुसार करीब दस दिन बाद असमोली थाना क्षेत्र के ही एक गांव निवासी युवती के साथ उसका रिश्ता तय होना था। इसी बीच घरेलू तनाव को लेकर उसके परेशान रहने की बात सामने आई है।

युवक की मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजन गुवाहाटी के लिए रवाना हो गए। घटना को लेकर तरह-तरह की चचाएँ हैं। पुलिस जांच तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

# पीएम सूर्य घर योजना के ऑफिस का किया गया शुभारंभ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल।** नगर के मोहल्ला कोट गर्वी निकट जमा मस्जिद स्थित पीएम सूर्य घर योजना के ऑफिस का शुभारंभ डायरेक्टर रजत कुमार द्वारा फीता काट कर किया गया । इस मौके पर डिस्टिक मैंनेजर तस्लीम उददीन एड ने पीएम सूर्य घर योजना के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि आज हमारे द्वारा जो इस ऑफिस का शुभारंभ किया गया है इससे मिडिल क्लास के लोगों को लोगों के साथ-साथ अन्य परिवारों को भी इसका लाभ मिलेगा क्योंकि आज के दौर में बिजली बिल की समस्याएं आम होती जा रही हैं जिससे हर परिवार बिजली बिल देने में सक्षम नहीं है इसलिए इस इस ऑफिस के जरिए उपभोक्ता पीएम सूर्य घर योजना के अंतर्गत रजिस्ट्रेशन करा कर पैनल खरीद सकते हैं जिसमें उनके लिए सब्सिडी वापसी का भी प्रावधान है इस अवसर पर दनिश मालिक,मोईन उद्दीन, सालिम उद्दीन, मोहम्मद अजीम, मुजीब, नजीब उर रहमान, दानिश एड, मोहम्मद हम्माद, अदनान, अहिल, इमरान तुर्की, सय्यद शान एड, शहरोज अनवर सहित काफी लोग मौजूद रहे।



# प्रधानमंत्री ने को दुनिया को अंतरिक्ष में भारत की अगली यात्रा में "सह-यात्री" बनने के लिए आमंत्रित किया

**दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को दुनिया को अंतरिक्ष में भारत की अगली यात्रा में "सह-यात्री" बनने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने देश की बढ़ती महत्वाकांक्षाओं का ज़िक्र किया, जिसमें 2035 तक भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन बनाना और 2040 तक चंद्रमा पर भारतीय अंतरिक्ष यात्री को भेजना शामिल है। इंटरनेशनल स्पेस समिट को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत एक सुरक्षित, शांतिपूर्ण और टिकाऊ अंतरिक्ष क्षेत्र में विश्वास करता है, जो अंतरराष्ट्रीय कानून, बातचीत और बहुपक्षीय सहयोग पर आधारित हो। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा हम अंतरिक्ष के ऐसे क्षेत्र का समर्थन करते हैं जो सुरक्षित, महफूज, शांतिपूर्ण और टिकाऊ हो। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अंतरिक्ष के क्षेत्र में वैज्ञानिक डेटा और तरक्की का फायदा आखिरकार पूरी इंसानियत को मिलना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की अंतरिक्ष यात्रा इसी सोच को दिखाती है और इसमें भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन की अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष एजेंसी ने अपनी बेहतरीन कार्यक्षमता और कम लागत वाले मिशनों के लिए दुनिया भर में तारीफ हासिल की है, साथ ही भारत की अंतरिक्ष तकनीकें और अंतरराष्ट्रीय साझेदारियां भी तेजी से दुनिया के बड़े हिस्से के काम आ रही हैं। मोदी ने कहा कि 34 देशों के 430 से ज्यादा सैटेलाइट भारतीय रॉकेट से अंतरिक्ष में भेजे गए हैं। उन्होंने ग्लोबल स्पेस सेक्टर में भारत के एक अहम खिलाड़ी के तौर पर उभरने पर जोर दिया। भारत की हालिया कामयाबियों का ज़िक्र करते हुए, मोदी ने चांद के साउथ पोल के पास भारत की ऐतिहासिक लैंडिंग और आदित्य-छ1 मिशन की बात की, जो वैज्ञानिकों को सूरज के रहस्यों को समझने में मदद कर रहा है। उन्होंने भारत की इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन तक की यात्रा को देश की बढ़ती मानव अंतरिक्ष उड़ान की महत्वाकांक्षाओं में एक और अहम पड़ाव बताया।



प्रधानमंत्री ने साफ किया कि भारत की महत्वाकांक्षाएं लगातार बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि भारत का लक्ष्य 2035 तक अपना स्पेस स्टेशन बनाना और 2040 तक किसी भारतीय अंतरिक्ष यात्री को चंद्रमा पर भेजना है। मोदी ने कहा, "हमारा मूल सिद्धांत साफ रहा है कि अंतरिक्ष का फायदा पूरी मानवता तक पहुँचना चाहिए। प्रधानमंत्री ने भारत के प्राइवेट स्पेस सेक्टर की तेजी से हो रही तरक्की का भी ज़िक्र किया और कहा कि यह तेजी से आगे बढ़ रहा है और देश की अंतरिक्ष महत्वाकांक्षाओं में एक नया आयाम जोड़ रहा है। मोदी ने फ्रांस के साथ भारत की पुरानी साझेदारी पर भी जोर दिया और कहा कि फ्रांस भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम की शुरूआत से ही एक भरोसेमंद साथी रहा है।

# सीएचसी में शुरू हुई महंगी जांचें, मरीजों को मिलेगी राहत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** गोविंदपुरी स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की पैथोलॉजी सेवाओं के विस्तार से स्थानीय मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी। केंद्र पर अब विटामिन डी, विटामिन बी12, एचबीए1सी, थायरॉइड प्रोफाइल और वायरल लोड जैसी जांचें उपलब्ध होंगी। इन जांचों के लिए मरीजों को पहले जिला अस्पताल या मेरठ मेडिकल कॉलेज जाना पड़ता था।

नई जांच सुविधाओं के साथ केंद्र पर कंप्यूटराइज्ड पंजीकरण व्यवस्था भी शुरू की गई। इसका उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक डॉ मंजू सिवाच और नगर पालिक अध्यक्ष विनोद वैशाली जाटव ने फीता काटकर किया। नई व्यवस्था के तहत पहला ब्लड सैंपल विधायक डॉ मंजू सिवाच, दूसरा पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली जाटव और तीसरा चिकित्सा अधीक्षक डॉ दिनेश कुमार ने दिया। वहीं पहला कंप्यूटराइज्ड पर्चा भी विधायक का बनाया गया। चिकित्सा अधीक्षक डॉ दिनेश कुमार ने बताया कि शुरू की गई कई जांचें पहले काफी महंगी पड़ती थीं। जिसके लिए मरीजों को दूसरे बड़े स्वास्थ्य केंद्रों पर निर्भर रहना पड़ता था। अब सीएचसी में सुविधा मिलने से समय और खर्च दोनों की बचत होगी। केंद्र के निरीक्षण के दौरान विधायक ने व्यवस्थाओं का जायजा लेकर चिकित्सा अधीक्षक डॉ दिनेश कुमार के कार्य की सराहना की और सेवाओं को इसी तरह जारी रखने को कहा। कार्यक्रम में सीएमओ डॉ सचिन चंद्र वैश्य, डॉ अमित विक्रम, डॉ रविंद्र कुमार, डॉ नवीन श्रीवास्तव, डॉ विक्रांत सहित अन्य चिकित्सक व कर्मचारी मौजूद रहे।



# ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण जल निगम के पंप ऑपरेटर कर्मचारियों को आउटसोर्स सेवा निगम से जोड़े

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा ।** औद्योगिक विकास प्राधिकरण में जलापूर्ति विभाग में कार्यरत पंप ऑपरेटर कर्मचारियों ने मीटिंग की और निर्णय लिया कि प्राधिकरण जल्द ही उत्तर प्रदेश शासन के नए नियमों का पालन करते हुए सभी 600 से 700 पंप ऑपरेटर कर्मचारियों को आउटसोर्स सेवा निगम से जोड़ें। इस मौके पर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण नलकूप संचालक यूनियन के अध्यक्ष लोकेश भाटी ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 2 सितंबर 2026 को 64 विभागों को आउटसोर्स सेवा निगम (UPCOS) से जोड़ने के लिए आदेश किए हैं जिसमें पंप ऑपरेटर महत्वपूर्ण भूमिका में है। ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण पंप ऑपरेटर कर्मचारियों को आउटसोर्स सेवा निगम से जोड़कर उनकी गरिमा के अनुरूप सम्मान और सुविधाएं प्रदान करें ताकि सभी कर्मचारी प्राधिकरण की प्रगति में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकें। इस मौके पर राजू भाटी जी ने बताया कि पूर्व में जिस प्रकार से पंप ऑपरेटर कर्मचारियों का लगातार ठेकेदारों द्वारा शोषण किया जा रहा है जैसे सभी का वेतन समय से न मिलाना सभी के वेतन से कटौती करना EPF और ESIC टाइम से नहीं मिलना जबरन कर्मचारियों को नौकरी से निकाल देना इन सभी परेशानियों से मुक्ति पाने के लिए सभी पंप ऑपरेटर कर्मचारियों को जल्द से जल्द आउटसोर्स सेवा निगम से जोड़ें ताकि कर्मचारियों को सभी सुविधा समय से मिल सकें इस मौके पर राजू भाटी जितेंद्र भाटी, हरिदत्त नागर पिंटू भाटी, अखिल भाटी, सोनू मावी, सरजीत प्रधान, राजकुमार नागर, यशपाल भाटी, दिलशाद, मृत्युंजय कुमार श्रीकांत नागर, देवन भाटी अमरजीत भड़ाना, लोकेश कुमार, विनोद शर्मा, दिनेश वर्मा मोहित भाटी सुबेश कुमार सरजीत, अमित नागर देवेंद्र फागना, कमल भाटी, मुकेश पाल, महकार तोंगड, योगी नागर, दीपक यादव विक्रांत चौहान आदि लोग मौजूद रहे।



# समाज, संस्कृति और राष्ट्रहित की आवाज बना आजाद हिन्द रेडियो, सुभारती में मनाया चौथा स्थापना दिवस

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय में आजाद हिन्द रेडियो के चौथे स्थापना दिवस को उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रो. (डॉ.) शल्या राज, संस्कृति विभाग के निदेशक आर. पी. सिंह, सुभारती मीडिया के सहायक निर्देशक प्रो. (डॉ.) रितेश चौधरी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रो. (डॉ.) शल्या राज के स्वागत के साथ हुआ। आर. पी. सिंह , प्रो. (डॉ.) रितेश चौधरी, आर.जे कृष्णा, आर.जे वंशी एवं आर.जे पंकज ने प्रो. (डॉ.) शल्या राज का गर्मजोशी से स्वागत किया।इसके उपरांत प्रो. (डॉ.) शल्या राज ने केक काटकर आजाद हिन्द रेडियो के चौथे स्थापना दिवस की खुशियां सभी के साथ साझा कीं और आजाद हिन्द रेडियो से जुड़े सभी सदस्यों, आरजे एवं श्रोताओं को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर प्रो. (डॉ.) शल्या राज ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि आजाद हिन्द रेडियो ने अपने चार वर्षों के सफल सफर में समाज, संस्कृति, शिक्षा, राष्ट्रहित और जन-जागरूकता के क्षेत्र में अपनी एक विशेष पहचान बनाई है। यह मंच देश की आवाज को जन-जन तक पहुंचाने तथा सकारात्मक और सार्थक विचारों को समाज के समक्ष प्रस्तुत करने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में रेडियो की भूमिका और अधिक व्यापक हुई है तथा आजाद हिन्द रेडियो युवाओं को अपनी प्रतिभा, विचार और रचनात्मकता को अभिव्यक्त करने का प्रभावी मंच प्रदान कर रहा है। उन्होंने रेडियो की पूरी टीम को शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में और अधिक सफलता एवं नई ऊंचाइयों को प्राप्त करने की कामना की। संस्कृति विभाग के निदेशक आर. पी. सिंह ने कहा कि रेडियो केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि समाज, संस्कृति और जन-जागरूकता को जोड़ने वाली एक प्रभावशाली कड़ी है।




## डेटा एनालिटिक्स में दक्ष होंगे विद्यार्थी, एफईटी में तीन दिवसीय पावर बीआई कार्यशाला शुरू

# सुभारती विश्वविद्यालय की पहल: आधुनिक तकनीक और रोजगारपरक कौशल से सशक्त होंगे विद्यार्थी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ के फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में विद्यार्थियों के तकनीकी एवं रोजगारपरक कौशल को सशक्त बनाने के उद्देश्य से तीन दिवसीय पावर बीआई प्रशिक्षण एवं कार्यशाला का सफलतापूर्वक शुभारंभ हुआ। कार्यशाला में विद्यार्थियों को डेटा विश्लेषण, डेटा विजुअलाइजेशन तथा इंटरैक्टिव डैशबोर्ड डेवलपमेंट से संबंधित व्यावहारिक एवं तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। कार्यशाला का आयोजन प्रो. (डॉ.) मनोज कपिल, डीन, फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ के मार्गदर्शन एवं पर्यवेक्षण में किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक डेटा एनालिटिक्स एवं बिजनेस इंटेलिजेंस तकनीकों से परिचित कराते हुए उन्हें उद्योग एवं रोजगार की वर्तमान आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करना है।

इस अवसर पर डॉ. मनोज कपिल ने कहा कि आज के तकनीकी युग में डेटा केवल सूचनाओं का संग्रह नहीं, बल्कि भविष्य के निर्णयों और विकास की दिशा निर्धारित करने वाला एक महत्वपूर्ण संसाधन है। उन्होंने कहा कि पावर बीआई जैसे आधुनिक टूल्स विद्यार्थियों को डेटा को समझने, उसका विश्लेषण करने और उसे प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने की क्षमता प्रदान करते हैं। डॉ. मनोज कपिल ने कहा कि फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी का निरंतर प्रयास है कि विद्यार्थियों को केवल पाठ्यक्रम तक सीमित न रखा जाए, बल्कि उन्हें उद्योग की वर्तमान आवश्यकताओं के अनुरूप व्यावहारिक एवं रोजगारपरक प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाए। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं विद्यार्थियों के तकनीकी ज्ञान, रचनात्मक सोच और समस्या समाधान क्षमता को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं तथा उन्हें भविष्य की प्रतिस्पर्धात्मक चुनौतियों के लिए तैयार करती हैं। कार्यशाला के प्रथम दिवस डॉ. श्रवण कुमार गर्ग, विभागाध्यक्ष, कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग ने दोनों आमंत्रित अतिथि विशेषज्ञों का स्वागत एवं सम्मान किया। इस अवसर पर श्री सौरभ गुप्ता एवं श्री उत्कर्ष उपाध्याय ने अतिथि विशेषज्ञ के रूप में विद्यार्थियों को पावर बीआई का प्रशिक्षण प्रदान किया।

अतिथि विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को पावर बीआई की मूलभूत अवधारणाओं के साथ-साथ डेटा विश्लेषण, डेटा विजुअलाइजेशन और बिजनेस इंटेलिजेंस की उपयोगिता एवं संभावनाओं से अवगत कराया। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को केवल सैद्धांतिक जानकारी ही नहीं दी गई, बल्कि पावर बीआई के विभिन्न टूल्स एवं फीचर्स पर स्वयं कार्य करने का व्यावहारिक अवसर भी प्रदान किया गया।



# एक्सपायर सिरप बांटने से कानपुर में बाढ़ पीड़ित बच्चे बीमार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कानपुर (सुनील बाजपेई)।** यहां एक्सपायरी डेट का सिरप पीने के फलस्वरूप बाढ़ पीड़ित तीन बच्चे बीमार हो गए।

फिलहाल इलाज के बाद उनकी हालत ठीक बताई गई है। यह घटना बर्रा थाना क्षेत्र की है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक यहां के बर्रा स्थित मयापुरम इलाके में बाढ़ पीड़ितों को स्वास्थ्य विभाग की ओर से बांटे गए सिरप को लेकर गंभीर आरोप सामने आए हैं।

परिजनों का आरोप है कि जुलाई 2026 में एक्सपायर हो चुके सिरप का वितरण किया गया, जिसे पीने के बाद तीन बच्चों की हालत बिगड़ गई। बताया जा रहा है कि बच्चों को उल्टी होने लगी और तबीयत खराब होने पर परिजन उन्हें निजी डॉक्टर के पास लेकर पहुंचे। परिजनों का आरोप है कि स्वास्थ्य विभाग की टीम से शिकायत करने पर गंभीरता से कार्रवाई करने के बजाय इलाज के लिए 100 रुपये दिए गए।

वहीं, स्वास्थ्य विभाग ने एक्सपायर सिरप बांटने के आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि इस तरह के सिरप की सप्लाई नहीं हुई है । इसमें किसी की शरारत की आशंका है, जिसकी जांच भी शुरू कर दी गई है।

# दलित व्यक्ति ने दबंग पर लगाया भूखंड पर कब्जा करने का आरोप

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादनगर। (नासिर मंसूरी)** थाना क्षेत्र के गांव शोभापुर में दलित व्यक्ति ने दबंग पर भूखंड पर कब्जा करने का आरोप लगाया था। पीड़ित ने प्रशासन द्वारा कार्रवाई ना करने पर आत्महत्या करने की चेतावनी दी थी। इसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। सोशल मीडिया पर 12 मिनट व एक मिनट 52 सेकेंड की दो वीडियो वायरल हो रही है। वायरल वीडियो में गांव शोभापुर निवासी मुरारी लाल कह रहे है कि एक दबंग व्यक्ति ने मेरे भूखंड पर अवैध रूप से कब्जा कर रखा है। कब्जा मुक्त कराने के लिए तहसील प्रशासन को कई बार शिकायत पत्र दे चुका हूं, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। उनका कहना है कि तहसील प्रशासन की लगातार अनदेखी से वह बहुत परेशान और मानसिक रूप से दुखी हैं। मुरारी लाल ने चेतावनी दी थी कि अगर उनके भूखंड को कब्जा मुक्त नही कराया गया तो वह आत्महत्या जैसा कदम उठा सकते हैं। वीडियो वायरल होने के बाद प्रशासन हरकत में आया। उपजिलाधिकारी कोमल पंवार ने बताया कि पीड़ित मुरारी लाल को खसरा संख्या 161 आवसीय पट्टा पर कब्जा दिला दिया गया है।

- पीड़ित के आत्महत्या करने की चेतावनी के बाद प्रशासन ने आनन फानन में पीड़ित को दिलवाया उसकी जमीन पर कब्जा
- पीड़ित मुरारीलाल ने भूखंड कब्जा मुक्त नहीं होने पर दी थी आत्महत्या करने की चेतावनी



# 12 सितंबर को लगेगी लोक अदालत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** वाहन चालान समेत विभिन्न लंबित मामलों के त्वरित और आपसी समझौते के आधार पर निस्तारण के लिए 12 सितंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए पैनल अधिवक्ताओं ने गांवों और शहरों में जनसंपर्क कर लोगों को लोक अदालत के लाभों की जानकारी दी। पैनल अधिवक्ता संजय मुदगल ने बताया कि लोक अदालत में वाहन चालानों का छूट के साथ भुगतान करने का अवसर भी मिलेगा। इसके अलावा शमनीय आपराधिक मामलों, चेक बाउंस, बैंक रिकवरी, मोटर दुर्घटना प्रतिकर, श्रम, बिजली-पानी बिल, भूमि अधिग्रहण, पेंशन लाभ, राजस्व और अन्य सिविल मामलों का समझौते के आधार पर निस्तारण कराया जा सकता है। उन्होंने बताया कि लोक अदालत में न्यायालय शुल्क वापस मिलने के साथ पक्षकारों को लंबे समय से लंबित मामलों से राहत मिल सकती है। तहसील न्यायालय से लेकर उच्च स्तर के न्यायालयों और विभागीय मामलों में भी निर्धारित प्रक्रिया के तहत आवेदन किया जा सकता है। प्रचार अभियान में पैनल अधिवक्ता संगीता, पीएलवी नीलम वर्मा, राहुल कुमार, जयाश्री, जया कश्यप, सपना, उमंग किशोर, कीर्ति सिंह और सूजल मौजूद रहे।






## टूर्नामेंट — रोमांचक मुकाबलों के बाद समकोला उपविजेता और लुहारली ने हासिल किया तीसरा स्थान

# अगौता कबड्डी टूर्नामेंट में किसौली की टीम बनी चैंपियन,टीमों को ट्रॉफी व इनाम से किया सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अगौता/बुलंदशहर।** क्षेत्र के बुलंदशहर-सैदपुर मार्ग स्थित सैनिक फार्म हाउस के समीप आयोजित विशाल अगौता कबड्डी टूर्नामेंट गुरुवार को रोमांचक मुकाबलों के साथ समापन हुआ। देर रात से शुरू हुए कबड्डी के मुकाबले सुबह करीब 6:30 बजे तक चलते रहे। पूरी रात खिलाड़ियों ने अपने दमखम, शानदार रणनीति और खेल कौशल का प्रदर्शन कर दर्शकों में उत्साह बनाए रखा। प्रतियोगिता के अंतिम मुकाबलों में खिलाड़ियों ने जीत के लिए पूरी ताकत झोंक दी। मैदान में खिलाड़ियों के शानदार दांव-पेंच और रेड के दौरान दर्शकों ने जमकर तालियां बजाकर उनका उत्साहवर्धन किया। कड़े मुकाबलों के बाद ब्लॉक अगौता के गांव किसौली की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर कबड्डी महाकुंभ की चैंपियन ट्रॉफी अपने नाम की। वहीं गांव समकोला की टीम ने द्वितीय स्थान हासिल किया, जबकि गांव लुहारली की टीम तृतीय स्थान पर रही। प्रतियोगिता के समापन पर विजेता, उपविजेता एवं तीसरे स्थान पर रहने वाली टीमों को इनाम व ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। आयोजन समिति की ओर से खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी गई। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि इस तरह के खेल आयोजनों से ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को अपनी खेल क्षमता दिखाने का बेहतर अवसर मिलता है। साथ ही युवाओं में खेल भावना, अनुशासन, मेहनत और आपसी भाईचारे की भावना को बढ़ावा मिलता है। अगौता ब्लॉक प्रमुख पति एवं भाजपा नेता आदेश चौधरी ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन पर सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि कबड्डी जैसे ग्रामीण खेल युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने का मंच प्रदान करते हैं। आदेश चौधरी ने सभी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए ग्राम अगौता की आयोजक समिति, आयोजन से जुड़े सभी सदस्यों तथा समस्त क्षेत्रवासियों का भी हृदय से आभार व्यक्त किया।






मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया। अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267